






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 234

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

शुक्रवार | 07 जून, 2024


# 9 जून को मोदी का शपथग्रहण

## एनडीए गठबंधन: शपथग्रहण समारोह शाम 6 बजे होगा, बीजेपी के जीते मंत्री रिपीट होंगे, स्मृति-राजीव चंद्रशेखर को मिल सकता है मौका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मोदी सरकार के शपथ ग्रहण की गुरुवार (6 जून) को नई डेट आई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मोदी 9 जून को शाम 6 बजे शपथ ले सकते हैं। पहले 8 जून को शपथ लेने की खबरें थीं। सूत्रों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव में भाजपा के जीते सभी मंत्री इस बार भी रिपीट होंगे। विवाद से जुड़े चेहरों के नाम मंत्री पद की लिस्ट से काटे जा सकते हैं। चुनाव हारीं स्मृति ईरानी और राजीव चंद्रशेखर को पार्टी एक और मौका दे सकती है। इन्हें फिर से मंत्री पद मिल सकता है।



### वो 6 बड़े मुद्दे, जिन पर ठिठक सकते हैं कदम

- **एक देश-एक चुनाव:** इस पर आगे बढ़ना मुश्किल होगा। टीडीपी इसके विरोध, जबकि जेडीयू समर्थन में है। विरोध करने वाला विपक्ष भी मजबूत हुआ है।
- **परिसीमन:** भाजपा ने 2029 तक महिला आरक्षण का वादा किया है। यह परिसीमन पर ही लागू होगा। दक्षिण में असर के चलते टीडीपी विरोध में है।
- **यूनिफॉर्म सिविल कोड:** भाजपा इसे देश में लागू करने को तैयार थी। अब पार्टी इसे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से हटा सकती है।
- **काशी-मथुरा:** राम मंदिर का फायदा न मिलने से इन पर दावे की प्रक्रिया धीमी पड़ सकती है।
- **विनिवेश:** जेडीयू सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में विनिवेश के विरोध में रही है। भाजपा को इससे कदम पीछे खींचने पड़ सकते हैं। पार्टी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की भी मांग करती रही है
- **मुस्लिम आरक्षण:** टीडीपी ने 2018 में आंध्र को विशेष राज्य का दर्जा न देने के मुद्दे पर भाजपा से नाता तोड़ लिया था। अब वह फिर मांग दोहरा सकती है। यही नहीं, आंध्र में मुस्लिमों को 4 प्रतिशत आरक्षण के मुद्दे पर भी दोनों पार्टियों के अहम टकरा सकते हैं।

### मंत्रिमंडल में महाराष्ट्र के 5-6 चेहरों को मिल सकती है जगह

मोदी सरकार के नए कैबिनेट में महाराष्ट्र के 5-6 चेहरों को शामिल करने की चर्चा है। सूत्रों के मुताबिक, सभी पार्टियों के लिए 5 सांसद पर एक कैबिनेट मंत्री पद का फॉर्मूला तय हुआ है। नितिन गडकरी, नारायण राणे और पीयूष गोयल का नाम मंत्री पद के रेस में आगे है। शिवसेना (शिंदे गुट) एक कैबिनेट मंत्री और एक राज्यमंत्री का पद मांग रही है। एनसीपी (अजित गुट) भी एक कैबिनेट पद की डिमांड रख सकती है। एनडीए सरकार के प्रति मराठाओं की नाराजगी कम करने के लिए एक मंत्री मराठा समुदाय से बनाया जा सकता है। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में भाजपा ने 9 सीटों पर जीत दर्ज की है। इस हिसाब से भाजपा के दो सांसदों को मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, सहयोगी पार्टी शिवसेना (शिंदे) को 7 सीटें और एनसीपी (अजित) को 1 सीट मिली है।

### लोकसभा स्पीकर का पद अपने पास रखेगी भाजपा

सूत्रों के मुताबिक, भाजपा लोकसभा स्पीकर का पद भी अपने पास रखेगी। पहले जेडीयू और टीडीपी के मांगने की खबरें थीं। जेडीयू की नजर रेलवे-कृषि मंत्रालय के साथ बिहार के लिए विशेष पैकेज पर है। टीडीपी ने 5 मंत्रालयों और लोकसभा स्पीकर पद की मांग रखी है। इनमें ग्रामीण विकास, आवास और शहरी मामले, बंदरगाह और शिपिंग, सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं जल शक्ति मंत्रालय शामिल हैं। टीडीपी वित्त मंत्रालय का अतरिक्त प्रभार भी मांग रही है। आंध्र प्रदेश में फ्री की योजनाओं के चलते आर्थिक स्थिति बहुत खराब है। इसलिए नायडू चाहते हैं कि वित्त मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार उन्हें मिले। केंद्र सरकार के 10 सबसे ताकतवर और समृद्ध मंत्रालय- गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सूचना प्रसारण, शिक्षा, कृषि, सड़क परिवहन और सिविल एविएशन हैं। अकेले बहुमत होने से 2019 और 2014 में भाजपा ने सभी बड़े विभाग अपने पास रखे थे।

### फडणवीस संघ के पदाधिकारियों से मिलने के बाद दिल्ली रवाना

नागपुर में संघ के पदाधिकारियों से मिलने के बाद डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस दिल्ली के लिए रवाना। आज देर शाम उनकी मुलाकात अमित शाह से हो सकती है। महाराष्ट्र में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद फडणवीस ने इस्तीफे की पेशकश की थी। इसके बाद शाह ने उनसे बात की थी। नागपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए तमाम सवालों के जवाब में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने हाथ जोड़ा और मुस्कुरा कर आगे बढ़ गए।

### अग्निवीर योजना और यूसीसी पर चर्चा की जरूरत: केसी त्यागी

भाजपा के साथ सरकार बनने से पहले ही सहयोगी पार्टियां उनके फैसलों और रिफॉर्म्स के खिलाफ मुखर होती नजर आ रही हैं। जेडीयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने गुरुवार (6 जून) को कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर मतदाताओं का एक वर्ग नाराज है। सीसी पर सीएम नीतीश कुमार विधि आयोग प्रमुख को पहले ही पत्र लिखा चुके हैं। हम इसके खिलाफ नहीं हैं, लेकिन सभी हितधारकों से बात करके इसका समाधान निकाला जाना चाहिए।

# यूपी के किसानों को मुफ्त मिलेगी बिजली!

### लोकसभा चुनाव परिणाम से आहत सूबे की भाजपा सरकार प्रदेश के किसानों के लिए एक बड़ी योजना लेकर आई है



- सरकार की कई शर्तों से असंतुष्ट किसान सिंचाई के लिए किसान मुफ्त बिजली पाने को आवेदन नहीं कर रहे
- आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 जून है

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शमा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव परिणाम से आहत सूबे की भाजपा सरकार प्रदेश के किसानों के लिए एक बड़ी योजना लेकर आई है। योजना के अनुसार प्रदेश के किसानों को मुफ्त बिजली पाने का मौका मिलेगा। हालांकि, सरकार की कई शर्तों के कारण सिंचाई के लिए किसान मुफ्त बिजली पाने को आवेदन नहीं कर रहे हैं। आवेदन करने की अंतिम तारीख 30 जून है।

### शर्तों को शिथिल करना पड़ सकता है

सरकार की इस योजना में बुंदेलखंड क्षेत्र के साथ अन्य जगहों के किसानों को नलकूप की क्षमता के अनुसार छूट दी गई है। इसी कारण फिलहाल यह छूट किसानों को समझ में नहीं आ रही है। सराकर के इस फैसले की वजह से ही किसान इस योजना का लाभ लेने के लिए आगे आकर आवेदन नहीं कर रहे हैं। ऐसे में यूपी पावर कारपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को इन शर्तों को शिथिल करना पड़ सकता है। तभी किसान आवेदन करने के बाद सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली की योजना का लाभ उठा सकेंगे।

### 10 हार्स पावर तक के बिजली कनेक्शन पर सिर्फ 1,045 यूनिट तक ही बिजली मुफ्त मिलेगी

सराकर के द्वारा रखी गईं शर्तों के अनुसार किसानों को 31 मार्च 2023 तक के बकाया बिजली बिल का भुगतान करना होगा। इसके साथ ही सभी किसानों को अनिवार्य रूप से बिजली मीटर लगवाना होगा। एक और अहम शर्त में किसानों को 10 हार्स पावर तक के बिजली कनेक्शन पर सिर्फ 1,045 यूनिट तक ही बिजली मुफ्त मिलेगी। किसानों को इसके ऊपर बिजली खर्च होने पर कोई छूट नहीं मिलेगी।

### महज 50 हजार किसानों ने किया आवेदन

प्रदेश सरकार के इस फैसले के बाद भी अब तक मात्र 50 हजार किसानों ने ही इस सुविधा के लिए आवेदन किया है। इतने कम आवेदनों का कारण सरकार द्वारा रखी गई शर्तों को बताया जा रहा है। वहीं प्रदेश में 15 लाख किसानों के पास निजी नलकूप चलाने के लिए बिजली का कनेक्शन है।

### संतुष्ट नहीं हैं किसान

प्रदेश सरकार के द्वारा लाई गई इस योजना में आवेदन करने के लिए अंतिम तारीख 30 जून 2024 है। वहीं, किसानों की मांग है कि यूपीपीसीएल जब तक शर्तों को शिथिल नहीं करेगा तब तक वह आवेदन नहीं करेंगे।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर अंतरराष्ट्रीय विमानों के संचालन में बदलाव 8 जून से सभी इंटरनेशनल फ्लाइट्स टर्मिनल 3 से होगीं ऑपरेट



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर अब अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन टर्मिनल टी3 से होगा। शनिवार सुबह 6 बजे से ये बदलाव लागू होगा। इनमें इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया एक्सप्रेस, सउदिया एयरलाइंस, ओमान एयर, थाई एयर एशिया, फ्लाइनास, सलाम एयर और फ्लाई दुबई शामिल हैं। अभी तक ये टर्मिनल 1 से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन किया जा रहा था। 8 जून से इनका संचालन को टी3 पर होगा। 10 मार्च को पीएम ने किया था उद्घाटन सीसीएसआई एयरपोर्ट प्रवक्ता ने कहा कि 10 मार्च को पीएम मोदी ने टर्मिनल 3 के उद्घाटन के बाद से सीसीएसआई एयरपोर्ट ने 31 मार्च को अकासा एयर के साथ टी3 से परिचालन शुरू किया और 21 अप्रैल को सभी घरेलू उड़ानों को टी3 पर स्थानांतरित किया था। अब 8 जून से अंतर्राष्ट्रीय परिचालन को टी3 पर स्थानांतरित होगा।

### ये हैं एयरपोर्ट टर्मिनल की यात्री क्षमता

2400 करोड़ रुपये की लागत से पहले फेज में टी-3 की क्षमता हर साल 80 लाख यात्रियों की है। दूसरे फेज के अंत तक यह क्षमता बढ़ कर सालाना 1.3 करोड़ हो जाएगी। टर्मिनल-3 13 हजार से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करेगा।

## पार्क में सुतली बम बनाते समय विस्फोट, युवक का पैर फटा, दोस्त के साथ बना रहा था बम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

राजधानी लखनऊ के इन्दिरानगर इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर एक पार्क में बैठ कर सुतली बम बनाते वक्त विस्फोट हो गया। धमाके में एक युवक का पैर फट गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से उसका साथी भाग निकला। इंदिरानगर के तकरोही इलाके में पूड़ी विक्रेता दिव्यांश रहते है। बृहस्पतिवार दोपहर वो अपने एक साथी संग बाइक से सेक्टर 9 स्थित वैशाली पार्क पार्क पहुंचा। बताया जाता है कि दोनों दोस्त पार्क में कुर्सी पर बैठकर सुतली बम बनाने लगे। इसी दौरान सुतली बम में विस्फोट हो गया। विस्फोट में दिव्यांश के बायें पैर का तलवा फट गया। धमाके की आवाज सुनते ही आसपास के लोग दहशत के चलते घरों से निकल आये। लोग जब पार्क के अंदर पहुंचे तो दिव्यांश लथपथ हालत में देखा। मौके से उसका साथी भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दिव्यांश को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस उसके साथी के बारे में पता लगा रही है। एसीपी गाज़ीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि दोनों युवक पार्क में पटाखे वाला लहसुन बम बन रहे थे तभी हादसा हो गया। बाकी मामले की जांच की जा रही है।



# गांव हो या नगर, बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो: सीएम योगी

- विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, प्रत्येक प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि तेज गर्मी और लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में पूरे प्रदेश में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने और ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तत्काल स्वयं मौके पर पहुंचें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव संपन्न होने के तत्काल बाद शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में जारी लोकहित की परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। गुरुवार को हुई इस बैठक में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने सम्बंधित विभागों में वर्तमान वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं की प्रगति और भावी कार्ययोजनाओं से मुख्यमंत्री योगी को अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव गण अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना, प्रत्येक प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। अतः समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है। विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें। उन्होंने कहा कि जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए। नियुक्ति प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का सूक्ष्मता से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। चयन प्रक्रिया की समय-सीमा तय करें। वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए। बजट आवंटन और खर्च के नियमों का सरलीकरण भी अपेक्षित है, इस पर यथोचित कार्यवाही की जाए। जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को टारगेट दें। इनके परफॉर्मेंस को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं। कर चोरी किसी भी दशा में न हो।

### एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए

गर्मी के मौसम में बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति लगातार बनाये रखें। एक भी दिन एक भी परिवार को पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए। पशुओं के लिए हरा चारा और पेयजल के भी प्रबंध हों।

### लोगों में जागरूकता बढ़ाने के भी प्रयास हों

संचारी रोगों को रोकने के लिए तैयारी करें मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बरसात के मौसम में संचारी रोगों के प्रसार की सर्वाधिक आंशका होती है। इसके दृष्टिगत समय से पूरी तैयारी कर लें। चिकित्सकों के साथ-साथ आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों का भी पूरा सहयोग लें। जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए इनकी आवश्यक ट्रेनिंग कराएं, लोगों में जागरूकता बढ़ाने के भी प्रयास हों। सहारनपुर और फतेहपुर में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉलेज में आगामी सत्र से प्रवेश होना है। इसके दृष्टिगत निर्माण की कार्यवाही समय से पूरी करा ली जाए। मेरठ में निर्माणाधीन खेल विश्वविद्यालय के कार्यों में तेजी अपेक्षित है। गढ़मुक्तेश्वर आस्था का बड़ा केंद्र है। यहां के बृजघाट एवं आसपास के क्षेत्र में कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा घाट पर बहुत बड़ा ऐतिहासिक मेला लगता है। प्रदेश सरकार ने वार्षिक मेले का प्रांतीयकरण भी किया है। बृज घाट की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए इसके सुंदरीकरण के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल, पशुधन संरक्षण एवं संवर्द्धन में उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। कई जिलों में यह गोवंश स्थल सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रहे हैं।

### 10 मई तक हो जाएं आवश्यक परीक्षाएं

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि सभी शैक्षिक संस्थानों में शैक्षिक कैलेंडर इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए ताकि 10 मई तक सभी आवश्यक परीक्षाएं सम्पन्न हो जाएँ। भीषण गर्मी के मौसम में परीक्षाओं से परहेज किया जाना चाहिए। मनरेगा श्रमिकों के पारिश्रमिक के भुगतान में अनावश्यक विलम्ब नहीं होना चाहिए। इसके लिए भारत सरकार से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें। गृह विभाग के अंतर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं की पाक्षिक समीक्षा की जाए। कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता हर हाल में सुनिश्चित होनी चाहिए। लाभार्थीपरक योजनाओं को सीएम डैशबोर्ड से जोड़ा जाए। इससे इसकी मॉनीटरिंग में आसानी होगी। सरकार की योजनाओं के लिए पात्र हर एक व्यक्ति और परिवार को योजनाओं के लाभ जरूर मिले।

### सीएम योगी बोले, प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करें

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू करें। सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्यों को समय से पूरा कराएं। नगरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए। स्ट्रीट डॉग की समस्या का स्थायी समाधान तलाशें। उन्होंने कहा कि बरसात के दृष्टिगत नालों की सफाई करा ली जाए। सिल्ट जमा न हो, ताकि बारिश में जलभराव न हो। मलिन बस्तियों में साफ-सफाई की अत्यधिक आवश्यकता है। यहां नियमित फॉगिंग भी कराई जाए। सॉलिड वेस्ट प्रबंधन के लिए ठोस प्रयास करें। खनन कार्य में संलग्न वाहनों में किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो। यह नियमविरुद्ध भी है और दुर्घटनाओं का कारक भी बनता है। इस दिशा में सख्ती की जानी चाहिए।

### कालाबाजारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए

बालू, मोरंग, गिट्टी जैसे उपखनिजों का आम आदमी से सीधा जुड़ाव है। अब बरसात के मौसम में खनन कार्य स्थगित रहेगा। ऐसे में यह सुनिश्चित कराएं कि इनकी कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो। विभिन्न विकास परियोजनाएं भी इससे प्रभावित होती हैं। उपखनिजों का कृत्रिम अभाव पैदा करने वाले कालाबाजारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाए।

### मेडिकल कॉलेजों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और परियोजना की समयबद्धता सुनिश्चित कराएं

एक जिला-एक मेडिकल कॉलेज अभियान के तहत निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता और परियोजना की समयबद्धता सुनिश्चित कराएं। इसकी साप्ताहिक समीक्षा करें। प्राचार्यों व अन्य फैकल्टी स्टाफ के चयन में केवल योग्यता को ही मानक बनाएं। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए कि गन्ना पेराई का नया सत्र प्रारंभ होने से पूर्व पिछले सत्र का सारा बकाया भुगतान हो जाए। गन्ना, उन्हीं मिलों को उपलब्ध कराया जाए, जिनका भुगतान रिकॉर्ड अच्छा हो।

### लोकसभा चुनाव में अवैध शराब से जुड़ी अप्रिय घटनाएं की सूचना नहीं प्राप्त हुई

जहरीली अथवा अवैध शराब बनाने, बेचने और खरीदने के प्रयासों पर लगातार हुई कार्रवाइयों का ही असर है कि इसका पूरा सिंडिकेट समाप्त हो गया है। कार्रवाइयों का क्रम लगातार जारी रखें। यह सुखद है कि लोकसभा चुनाव में कहीं भी जहरीली अथवा अवैध शराब से जुड़ी अप्रिय घटनाएं की सूचना नहीं प्राप्त हुई। प्रयास हो कि ऐसी स्थिति आगे भी बनी रहे।

### गृहों के लिए एनजीओ का चयन अत्यंत सावधानी के साथ किया जाए

कमिश्नरी स्तर पर महिला संरक्षण गृह क्रियाशील कराएं। चरणबद्ध रूप से इसे सभी 75 जनपदों में विस्तार दिया जाए। संरक्षण गृहों के लिए एनजीओ का चयन अत्यंत सावधानी के साथ किया जाए। यहां वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की जाती रहे।

### अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी

बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में शुद्ध पेयजल एक सपना था। आज यह सपना साकार हो रहा है। यह दोनों ही क्षेत्र शीर्ष प्राथमिकता में है। अतिशीघ्र विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में नल से जल की सुविधा होगी। झांसी, ललितपुर, हमीरपुर, जालौन, बांदा, चित्रकूट, मीरजापुर, सोनभद्र सहित पूरे विंध्य-बुंदेलखंड में जल जीवन मिशन का कार्य आख़िरी चरण में प्रवेश कर गया है। अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा कराया जाए। हर गांव में प्रशिक्षित प्लम्बर की तैनाती कर दी जाए।

बांदा -चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र का नतीजा.....

# बांदा-चित्रकूट में ब्राह्मणों की नाराजगी ने भाजपा की डुबो दी लुटिया, उपेक्षा पड़ी महंगी

## अपने सजातीय वोटरों को भी नहीं साध पाए भाजपा प्रत्याशी, प्रत्याशी का गलत चयन और मूल कार्यकर्ताओं की नाराजगी भी हार का कारण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

बुन्देलखण्ड की सबसे हाट सीट बांदा-चित्रकूट लोकसभा मे भाजपा के हार के बाद पराजय के प्रमुख वजहों की चर्चाओं जोरों पर है। चुनाव से पहले तो बांदा-चित्रकूट की सीट भाजपा की फिक्स मानी जा रही थी। लेकिन प्रत्याशी का चयन होते ही यहां एकाएक विरोध की ज्वाला धधक उठी और लगातार विरोध बढता ही गया। लेकिन भाजपा संगठन के जिम्मेदारों ने इस विरोध को गंभीरता से न लेते हुए लगातार नजरअंदाज करते रहे और अंततः हार का सामना करना पडा। भाजपा प्रत्याशी के पराजय की कई बड़ी वजहें रहीं। सबसे प्रथम तो यहां प्रत्याशी का चयन जनता के मन मुताबिक नहीं किया गया। कार्यकर्ताओं और ब्राम्हणों की नराजगी श्राप बन गया। अहंकार इतना की अपने अलावा सब मक्खी, मच्छर की तरह दिखते थे। चाटुकारों से घिरे भाजपा प्रत्याशी अपने मूल कार्यकर्ताओं से अलग हो गए और संगठन के अंदर जमकर भितरघात चला। यहां तक की भाजपा प्रत्याशी अपना सजातीय मतदाता भी नहीं साध पाए। इन्हीं सब प्रमुख वजहों के चलते अंत मे हार का समना करना पडा। सबसे बड़ा जो विरोध का कारण रहा है वह बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र के ब्राह्मणों का विरोध रहा है। क्योंकि भारतीय जनता पर्टी ने ब्राम्हणों को उपेक्षित रखने वाले सिटिंग सांसद को दोबारा टिकट देकर सबसे बडी गलती की थी। जिससे आरके पटेल को ब्राम्हणों का भारी विरोध झेलते हुए अंत में हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के हार का सबसे बड़ा जो कारण रहा वह था ब्राह्मणों के विरोध के साथ कार्यकर्ताओं की उपेक्षा। भाजपा प्रत्याशी के अहंकार के चलते नाराज ब्राम्हणों ने लामबंद होकर बांदा-चित्रकूट से बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी का समर्थन कर उनके पक्ष मे वोट किया था। भाजपा प्रत्याशी के गलत चयन होने से ब्राम्हणों की नराजगी का सबसे बडा करण था। उपेक्षित ब्राह्मणों के एकजुट होने से भाजपा को हार का मुंह देखना पडा है। भाजपा से आरके पटेल, सपा से कृष्णा पटेल और बसपा से मयंक द्विवेदी समेत कई प्रत्याशी चुनाव मैदान मे थे। सपा की प्रत्याशी कृष्णा पटेल ने भाजपा के आरके पटेल को 71 हजार के करीब वोटों से करारी शिकस्त दी तो वहीं बसपा के मयंक द्विवेदी ने भी रोचक मुकाबले के साथ 2 लाख 35 हजार के करीब मत प्राप्त किए जो इतिहास में दर्ज हो गया। कुल मिलाकर बांदा-चित्रकूट में ब्राह्मणो की नराजगी ने भाजपा की लुटिया डुबो कर यह साबित कर दिया है जो ब्राह्मणों की उपेक्षा करेगा उसके राह मे कांटे ही कांटे हैं।

### भाजपा के जिलाध्यक्ष नहीं बांध पाए अपना समाज

चित्रकूट के भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी सवर्ण समाज से आते हैं, लेकिन वह अपने समाज का वोट भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं दिलवा पाए। पार्टी के पराजय का कारण भी उनके ही समाज के लोग बने हैं। जिलाध्यक्ष अपना समाज बांधने मे पूरी तरह से नाकामयाब रहे हैं। ब्राम्हण बाहुल्य बूथों मे भाजपा सबसे पीछे रही है। भाजपा के अधिकांश जिले के बडे नेता अपना बूथ भी नहीं बचा पाए। इन नेताओं के पास कोई भी जनाधार नहीं है,फिर भी वह पार्टी को जिताने की पूरी जिम्मेदारी लेकर जबरन भौकाल टाइट रखते हैं।




### आरएसएस की नराजगी पड़ी भारी

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की नराजगी के चलते भाजपा को भारी नुकसान उठाना पडा है। भाजपा संगठन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक टिकट वितरण मे भी खूब मनमानी की गई है। इसी मनमानी के चलते आरएसएस ने नराजगी भी हाजिर की थी, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। इसी तरह से भाजपा के हार के कई कारण रहे,जिन्हे संगठन द्वारा नजर अंदाज किया गया है।

### अपने सजातीय वोटर्स को भी इकट्ठा नहीं कर पाए आर के

भाजपा प्रत्याशी का जोरदार विरोध के चलते स्थिति इतनी विपरीत हो गई थी कि वह अपने सजातीय वोट भी नहीं सम्हाल पाए। अपनी बिरादरी साधने मे पूरी तरह से विफल रहे। उनकी स्थिति खराब होती देख सजातीय वोटर भी भाजपा प्रत्याशी आरके पटेल से दूरी बना ली और अंत मे समाजवादी पर्टी की तरफ रूख कर लिया। इस तरह से भाजपा प्रत्याशी अपने समाज के लोगों को इकट्ठा न कर पाने मे असफल रहे। अगर इनके समाज के लोगों ने लामबंद होकर अपने समाज के प्रत्याशी को वोट करते तो उनकी जीत सुनिश्चित थी।

### ब्राह्मण नेताओं ने किया भीतरघात

भारतीय जनता पार्टी के बडे ब्राम्हण नेताओं ने जमकर भितरघात किया है। कुछ तो खुलकर विरोध किया तो कुछों ने खूब भितरघात करने मे कोई कोरकसर नहीं छोडी है। वैसे हार के बाद भाजपा प्रत्याशी ने आरोप भी लगाया है कि भितरघात नहीं बल्कि खुलेआम विरोध किया है। जातीयता के पक्ष मे मुखर होकर विरोध किया है। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के चलते नराजगी विरोध का बडा कारण रहा है।

### इज्जत बचाने को धनबल का खूब किया प्रयोग

सूत्रों के अनुसार अपनी इज्जत बचाने को लेकर आरके पटेल ने धनबल का खूब प्रयोग किया है। अगर इतना अधिक धनबल का प्रयोग न किया जाता तो उनके हार की स्थिति और भी बुरी होती। भाजपा से छोटी जातियों का मोहभंग हो गया है। सवर्ण बाहुल्य अधिकांश बूथों मे भाजपा साफ रही है। ब्राम्हण बाहुल्य बूथों मे भाजपा को नाममात्र वोटें ही मिली हैं।

### आधारहीन नेताओं से घिरे रहे भाजपा प्रत्याशी

भाजपा प्रत्याशी आरके पटेल चाटुकार आधारहीन नेताओं से घिरे होने के कारण वह अपने मूल कार्यकर्ताओं से पूरी तरह अलग हो गए थे। चाटुकारों से घिरे होने के कारण वह उभरने के बजाय और गिरते गए। चाटुकारों की मीठी बातें और स्वार्थी सेवा उन्हें अच्छी जरूर लग रही थी, लेकिन उनके लिए बेहद घातक थी। चाटुकारों के चलते उनका मूल कार्यकर्ताओं से मोह भंग हो गया था।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक यूटी अर्पित पाठक तथा आरक्षी सूर्यकान्त, कैलाश द्वारा आरोपी छोटू मवासी निवासी खोखला रामनगर जिला सतना मध्य प्रदेश को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना मारकुण्डी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें समस्याओं का निस्तारण: डीएम

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने चैंबर में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं दूरभाष पर वार्ता कर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जो भी जन सुनवाई के दौरान समस्याएं आ रही हैं, उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शसमय कराएं। साथ ही कहा कि लाभार्थी को निस्तारण से संतुष्टि भी मिलनी चाहिए।

# युवती की आत्महत्या के मामले में आरोपी की जमानत याचिका निरस्त

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

प्रेमी के साथ रिश्ता तय होने के बाद भी शादी न होने से आहत युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में आरोपी ग्राम प्रधान पुत्र की जमानत प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने खारिज कर दी।
जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाने में एक व्यक्ति ने अभियोग पंजीकृत कराया था। शिकायतकर्ता के अनुसार रैपुरा थाने के भौंरी गांव के तरकहवा पुरवा के निवासी अखिल राजपूत ने उसकी बेटी के साथ बीती 1 अक्टूबर 2023 को बलात्कार किया था। इस घटना के एक सप्ताह बाद आरोपी और पीडिता के परिजनों के बीच पंचायत हुई। जिसमें बेटी के साथ अखिल राजपूत की शादी कराए जाने को लेकर सुलह कर ली गई और 22 अक्टूबर 2023 को उसने शादी के लिए अखिल के पिता मुन्नालाल को बयाना भी दे दिया। इसके कुछ दिन बाद आरोपी अखिल राजपूत की मां भौंरी की वर्तमान ग्राम प्रधान सत्यभामा व उसके पिता मुन्नालाल ने अधिक दहेज की मांग को लेकर शादी करने से इन्कार कर दिया। जिसके बाद उसने धारा 156(3) के तहत न्यायालय में वाद दायर किया था। इस परिवाद में बीती 8 अप्रैल को तारीख भी लगी थी। शादी टूटने से अवसाद में रहने के कारण उसकी बेटी ने 9 अप्रैल को घर में आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पूर्व उसने एक सुसाइड नोट भी लिखा था। जिसमें उसने अपनी मौत के लिए अखिल और उसके परिवार को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी ग्राम प्रधान सत्यभामा और उसके बेटे अखिल को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। घटना में आरोपी अखिल ने जमानत के लिए अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था।
बचाव और अभियोजन पक्ष की अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने गुरूवार को निर्णय सुनाया। जिसमें उन्होंने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

## बाइक सवार लुटेरों ने राह चलते लूट की वारदात को दिया अंजाम

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे दंपति के साथ बाइक सवार शातिर बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। जो महिला से पर्स व मंगलसूत्र तोड़कर फरार हो गए। पीड़ित जानकारी को पुलिस को दी। नगर के मुहल्ला ओझा निवासी शबनम पत्नी अनवर बुधवार की रात अपने पति व बच्चे के साथ बाइक से शादी समारोह में शामिल होने उरई जा रही थी। इसी दौरान हाईवे पर ग्राम भिटारा के पास बाइक सवार दो युवकों ने महिला का पर्स व मंगलसूत्र छीन लिया। बैग छीनने के दौरान बाइक चला रहे अनवर का संतुलन बिगड़ गया और वह पत्नी व बच्चे समेत सड़क पर गिर गया। जिससे शबनम घायल हो गई। वहां से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों को रोककर युवक ने घायल पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, और सूचना पुलिस को दी। घायल महिला ने बताया कि पर्स में सात हजार रुपये व सोने की अंगूठी थी। साथ ही लुटेरे उसका मंगलसूत्र भी तोड़ ले गए हैं।

## 25 जून तक होगा खाद्यान्न वितरण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि माह जून 2024 में जनपद के जिन उचित दर दुकानों के स्टॉक में ज्वार की अवशेष मात्रा उपलब्ध है, उनमें अन्त्योदय लाभार्थियों को खाद्यान्न एवं मोटे अनाज का वितरण कुल 35 किग्रा खाद्यान्न प्रति कार्ड माह मार्च, 2024 में निर्धारित स्केल के अनुसार निःशुल्क वितरण कराया जाएगा। साथ ही मोटे अनाज का अवशेष स्टॉक समाप्त होने के बाद प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूँ एवं 21 किग्रा चावल का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों प्रति यूनिट 2 किग्रा गेहूँ एवं 3 किग्रा चावल कुल 5 किग्रा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। अन्त्योदय कार्ड धारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून के सापेक्ष 3 किग्रा चीनी प्रति कार्ड 18 रूपए प्रति किग्रा की दर से 54 रूपए में वितरण सुनिश्चित कराया जाएगा। खाद्यान्न व मोटे अनाज के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। अन्त्योदय कार्ड धारकों को चीनी के सम्बन्ध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। योजनान्तर्गत वितरण 25 जून तक होगा। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं, कार्ड धारकों के बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल उसी समय अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध करा दी जाये। वितरण व्यवस्था के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी जिलाधिकारी द्वारा नामित किये गये हैं, जिनके द्वारा तथा समस्त पूर्ति निरीक्षक द्वारा निरन्तर जांच कर नियमानुसार वितरण कराया जायेगा।

### धोखाधड़ी कर व्यक्ति से हड़पे लाखों रुपये, मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** सिरसा कलार थाने के एक गांव निवासी व्यक्ति को फोन पर खुद को दिल्ली का पुलिस साइबर क्राइम अधिकारी बताकर उसे फेसबुक पर अश्लील वीडियो अपलोड करने को लेकर झांसे में लेते हुए धोखाधड़ी करके गूगल पे व फोन पे के माध्यम से कुल 2 लाख 95 हजार 2 सौ रुपये उसके बताये हुए खाते के ट्रांसफर करा लेने के मामले में पुलिस ने पीड़ित आनन्द उमराव की तहरीर पर तीन मोबाइल नम्बर व एक खाता संख्या एवं अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### ऑटो रिक्सा चालक ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया पटेल नगर निवासी शिव शंकर वर्मा 28 वर्ष ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। जिसने बुधवार की रात उसने घर के कमरे में लगे हुक से सफी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। फांसी पर लटका देख परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों ने बताया कि उसकी शादी नहीं हुई थी। वह ऑटो चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। वह नशे का भी आदी था। इसी के चलते उसने जान दी है।

# पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ के बाद दबोचे चार अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरे

## लूट व चोरी के माल सहित देसी तमंचे किए बरामद, आत्मरक्षार्थ की गई फायरिंग में गोली लगने से एक बदमाश घायल

जन एक्सप्रेस। उरई



एसओजी, सर्विलांस व रेंढ़र थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुठभेड़ के बाद चार अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरों को दबोच लिया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ में की गई फायरिंग के दौरान पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जिले में विगत कुछ दिनों में उ.प्र/म.प्र राज्य के बॉर्डर पर राहगीरों के साथ मोटरसाइकिल व अन्य सामान लूट/चोरी की घटनाए प्रकाश में आयी थी। इतना ही नहीं 28 मई व बीते दिन 4 जून को रेंडर थाना क्षेत्र के लगामपुरा नदी के पास राहगीरों के साथ चोरी व लूट की वारदात को अंजाम दिया गया है। जिस पर एसओजी/सर्विलांस व थाना पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से शातिर लुटेरों की गिरफ़्तारी का प्रयास किया जा रहा था। जिसको लेकर की स्थानों पर सीसी टीवी फुटेज खंगाले गए। जिसमे म.प्र राज्य के कई संदिग्ध प्रकाश में आये, जिन्हें दबोचने के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया था। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर एसओजी प्रभारी सत्येंद्र यादव टीम सहित सर्विलांस सेल व थाना प्रभारी राजीव कुमार बैस की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र के लगामपुरा रोड पर चेकिंग अभियान चलाने में लगे हुए थे। इस दौरान उन्होंने तभी उन्हें मुखबिर दो बाइकों पर सवार लोगों को रोकने का प्रयास किया। लेकिन बाइक सवार बदमाशों ने भागने का प्रयास करते हुए पुलिस टीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जवावी फ़ायरिंग की गई। जिसमे एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। जिससे वह घायल होकर वहीं गिर गया। जबकि अन्य तीन बदमाशों को घेरा बन्दी कर गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं एक शातिर बदमाश भागने में सफल रहा। पकड़े गए बदमाशों ने पूंछ ताछ के दौरान अपना नाम आर्यन शर्मा निवासी नानपुरा थाना लहार, सोनू कुशवाह मछंद थाना रोन, आशीष चौहान निवासी ग्राम महेरी थाना लहार जिला भिंड, जबकि चौथे ने अपना नाम नितिन दोहरे निवासी ग्राम सुंदरपुर रिथौरा थाना रेंढ़र जालौन हाल निवासी लहार भिंड बताया। जबकि निखिल पुत्र दीपक दोहरी निवासी सुंदरपुर पिथौरा हाल निवासी लहर मौके से भागने में सफल हो गया। इस दौरान बदमाशों के पास से पुलिस ने लूट व चोरी की दो बाइकें एक मोबाइल दो तमंचे व कारतूस बरामद किए।

# एसपी ने दो उपनिरीक्षक व चार आरक्षी को किया निलंबित

जन एक्सप्रेस। उरई



पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने आदर्श आचार संहिता समाप्त होते ही कर्तव्यों में लापरवाही, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासन हीनता बरतने वाले चुर्खी थाने के प्रभारी निरीक्षक, एक दरोगा व चार मुख्य आरक्षी को निलंबित कर दिया है। यह जानकारी प्रेस की विज्ञप्ति जारी करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कही है।
पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि चुर्खी थाने के प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार, कालपी कोतवाली के टरननगंज चौकी के प्रभारी अभिलाख, डकोर कोतवाली में तैनात मुख्य आरक्षी बृजेश कुमार, मुख्य आरक्षी दीवान सिंह, एट थाने में तैनात मुख्य आरक्षी अरुण कुमार यादव तथा कैलिया थाने में तैनात मुख्य आरक्षी मनीष कुमार को आदर्श आचार संहिता के दौरान विभिन्न प्रकारों में अपने कर्तव्यों में लापरवाही स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण निलंबित किया गया है। चुर्खी थाने के प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता करने का आरोप था। जिस कारण उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। पहले तो चुर्खी थाने के प्रभारी निरीक्षक को पुलिस लाइन सम्बद्ध कर दिया था। लेकिन जैसे ही आदर्श आचार संहिता समाप्त हुई, वैसे ही पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ईरज राजा ने कार्रवाई की है।

## एसपी ने किया मेला क्षेत्र का भ्रमण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने ज्येष्ठ मास अमावस्या मेला का निरीक्षण किया। इस दौरान डियूटी पर तैनात पुलिस बल की डियूटियां चेक कर सभी को सतर्कतापूर्ण डियूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही सभी से कहा कि श्रद्धालुओं के साथ विनम्रतापूर्वक व्यवहार करें। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल आदि मौजूद रहे।

### 20 जून तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र एस के केशरवानी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारंपरिक कारीगरों दर्जी, कुम्हार, नाई, बढई, लोहार, हलवाई, राजमिस्त्री एवं हस्तशिल्पियों आदि के कौशल उन्नयन के लिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू की गई है। इस योजना में आवेदन के लिए पात्रता में आवेदक चित्रकूट का मूल निवासी होना चाहिए, आवेदक की आयु आवेदन की तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक पारंपरिक कारीगरी दर्जी, कुम्हार, नाई, बढई, लोहार, हलवाई, राजमिस्त्री से जुडा होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की बाध्यता नहीं है। योजना के अंतर्गत पात्रता के लिए जाति एकमात्र आधार नहीं होगा। लाभ प्राप्त करने के लिए ऐसे व्यक्ति भी पात्र होंगे जो परंपरागत कारीगरी करने वाली जाति से भिन्न हो, ऐसे आवेदकों को परंपरागत कारीगरी से जुडे होने के प्रमाण के रूप में ग्राम प्रधान, अध्यक्ष नगर पंचायत अथवा नगर पालिका, नगर निगम के सम्बन्धित वार्ड के सदस्य द्वारा निर्गत किया। प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन ऑनलाइन पर किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ आवेदक को आधार, निवास, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र यदि हो, पात्रता प्रमाण पत्र यदि लागू हो से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की प्रति अपलोड करते हुए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून निर्धारित की गई है।

# प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने के मामल में हत्यारोपी पत्नी समेत तीन की जमानत खारिज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

प्रेमी के साथ साजिश रचकर पति की हत्या कराने के मामले में हत्यारोपी पत्नी समेत तीन लोगों की जमानत प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने खारिज कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि बीती 18 फरवरी 2024 को भरतकूप थाने में रसिन गांव के फाटा पुरवा निवासी रामशरण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रामशरण के अनुसार उसके बेटे रामबाबू की किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने विवेचना के बाद इस मामले का खुलासा किया। जिसमें बताया गया कि मृतक की पत्नी सविता के अवैध सम्बन्ध इलियास से थे। इलियाज व सविता की फोटो फेसबुक पर पोस्ट हो गयी थी। इस बात को लेकर 5-6 माह पूर्व सविता के पति रामबाबू और प्रेमी इलियास के बीच विवाद भी हुआ था। जिसके बाद से रामबाबू ने सविता पर पाबंदी लगा दी थी। इस बात को लेकर 5-6 माह पूर्व सविता के पति रामबाबू और प्रेमी इलियास के बीच विवाद भी हुआ था। जिसके बाद से रामबाबू ने सविता पर पाबंदी लगा दी थी।इसके चलते इलियास ने अपने दोस्त ललित किशोर, भाई बरकत अली और सविता के साथ मिलकर रामबाबू को मारने की योजना बनाई। जिसमें बीती 17 फरवरी को सविता ने अपने मायके से फोन के जरिए इलियास को बताया था कि उसका पति आज घर में अकेले है। जिसके बाद ललित किशोर से तमंचा लेकर फैजल के साथ इलियास ने वहां जाकर घर के बरामदे में सो रहे रामबाबू को गोली मार दी और पीछे से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में मृतका की पत्नी सविता पटेल और उसके प्रेमी इलियास के अलावा बरकत अली व ललित किशोर को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद से अब तक सभी हत्यारोपी जेल में बंद हैं। आरोपियों ने अधिवक्ता के जरिए न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया।

### एसचेक टीम, डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू की संयुक्त टीम रामघाट में की सघन जांच

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक जनपद अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकान्त अरुण राय ने बताया कि बांदा व प्रयागराज की एस चेक टीम एवं डॉग स्क्वॉयड, एलआईयू चित्रकूट की संयुक्त टीम द्वारा ज्येष्ठ मास अमावस्या पर्व के अवसर पर सुरक्षा सतर्कता के दृष्टिगत रामघाट, आरती स्थल, निर्मोही अखाडा, परिक्रमा मार्ग आदि स्थानों पर सघन जांच की गई।

### कर्वी पुलिस ने अमावस्या मेले में आये श्रद्धालुओं को फल व शर्बत किया वितरित

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** ज्येष्ठ अमावस्या मेला के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर के सहयोग से कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उप निरीक्षक श्याम देव सिंह द्वारा पुलिस कर्मियों के साथ गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिये शर्बत की व्यवस्था की गयी। साथ ही श्रद्धालुओं को फल वितरित किये गये।

### हत्या के प्रयास का नामजद आरोपी चाकू समेत गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक कृपानन्दन शर्मा तथा आरक्षी प्रवीण कुमार पाण्डेय द्वारा रज्जन पासी निवासी सुरौंधा को घटना में प्रयुक्त चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामदगी के आधार पर मुकदमे में आर्म्स एक्ट की बढोत्तरी की गयी।

# ग्रामीणों ने प्राचीन मंदिर की व्यवस्था कराने पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस। कालपी

कार्यदायी संस्था के द्वारा मनमाने तरीके से फोरलेन व ओवरब्रिज निर्माण की वजह से जोल्हूपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास दुर्गा मंदिर के क्षतिग्रस्त हो जाने से दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ गई है। क्षेत्रीय नागरिकों ने निर्माण व्यवस्था कराने की मांग की है। रविन्द्र सिंह, विवेक सिंह, सुभाष सिंह आदि ने अवगत कराया है कि जोल्हुपुर में रेलवे क्रॉसिंग के पास दुर्गा मंदिर स्थित है। विगत कई वर्षों से रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण का चल रहा है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड द्वारा बिना सुरक्षा एवं बिना बेरीकेटिंग के मंदिर के पास सेतु का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे सड़क पर चलने वाले वाहन मंदिर के बिल्कुल पास से होकर गुजरते हैं जिससे श्रद्धालुओं को मंदिर में वाहनों के अनियंत्रित होकर दुर्घटना का भय बना रहता है। उन्होंने बताया कि मंदिर के अत्यंत नजदीक से गुजरने वाले वाहनों का बाहरी हिस्सा मंदिर के पिलर से टकराने से मंदिर के पिलर,छत एवं धीरे-धीरे पूरा मंदिर क्षतिग्रस्त होता जा रहा है एवं मंदिर का फर्श भी क्षतिग्रस्त हुआ है कार्यदायी संस्था मंदिर के किनारे बिना किसी सुरक्षा के कार्य करा रही है। इसके अलावा सेतु निगम द्वारा मंदिर परिसर की भूमि बिना ग्राम वासियों की सहमति के अधिग्रहण कर ली गई है। ग्राम वासियों की प्रशासन से मांग है कि मंदिर परिसर की जो भूमि सेतु बनाने के लिए अधिग्रहण कर ली गई है उसके सापेक्ष उतने ही क्षेत्रफल की भूमि ग्राम समाज की भूमि में मंदिर के नाम से आवंटित की जाए एवं कार्य दायी संस्था द्वारा क्षतिग्रस्त मंदिर के स्थान पर ही नया मंदिर बनाया जाए।

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शुक्रवार | 07 जून 2024 03


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.8 (+2.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.0 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 48 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 33 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 7.8 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*






# के.डी.ए. वी.सी. ने कराई ऐतिहासिक सील
# 24 घंटे में हो गई डील

**जेई जे.एन. पांडे के क्षेत्र के अवैध निर्माण की 24 घंटे में खुल गई सील**

जन एक्सप्रेस की टीम लगातार जिन निर्माण पर सील लगी थी उस पर नजर बनाए हुए थी। टीम को पता चला कि जोन एक के अवर अभियंता जे एन पांडे के क्षेत्र में लगभग एक दर्जन से ज्यादा जो बिल्डिंग है जो सील की गई थी उनमें 24 घंटे में ही डील हो गई है और कुछ में सील तोड़ दी गई है और कुछ सील लगी में ही अपना निर्माण कार्य आरंभ कर चुके हैं। जिन निर्माण की सील खोली गई वह कोपरगंज में अक्षत अग्रवाल, प्रवीण अग्रवाल, ओम व संतोष, तरूण कुमार पमनानी, प्रवीण अग्रवाल, महेश गॉधी, फैयाज, अमित कुमार, सुशील रमानी, मूलचन्द्र खत्री, हरीश व विकास, विकास शुक्ला, श्रीमती रेनू जैन, हरीश मर्दानी, धर्मेन्द्र, नीवा अग्रवाल, मो0इस्माइल व मो0रईस, राजेश अग्रवाल, एन0वी0के0, संजय अग्रवाल, मो0 अब्दुल शफीक व अन्य जतिन राम चन्दानी, के हैं।




✻ **जोन एक के प्रवर्तन में तैनात जे.ई. जे.एन. पांडे के क्षेत्र में सील निर्माणों की खोल दी गई गई सील, निर्माण शुरु**

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कमलेश फाइटर**

**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति की एक बार फिर से कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में तैनात प्रवर्तन के जिम्मेदार अधिकारियों ने जमकर धज्जियां उड़ाई हैं। बड़ी शर्म की बात है कि केडीए उपाध्यक्ष के निर्देश पर महा अभियान के अंतर्गत जोन एक में 29




निर्माण सील किए गए थे, उन सील निर्माणों में जो क्षेत्र जे.एन. पांडे का था उनमें से कुछ की सील तोड़कर और कुछ में सील लगी हुई 24 घंटे बाद ही डील होने के बाद निर्माण होना चालू हो गया। ऐसा नहीं है की जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी खबर नहीं है। लेकिन खबर होने के बाद भी खूब जमकर शहर में सरकार और विभाग की किरकिरी कराई जा रही है।

आपको बताते चलें कि जन एक्सप्रेस लगातार जोन एक के प्रवर्तन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों जिनमें प्रवर्तन प्रभारी स्वयं, ए ई,जे.ई., सुपरवाइजर तक शामिल हैं उनकी अनदेखी के कारण जोन एक के कोपरगंज, चमनगंज, बेकनगंज बिरहाना रोड, एक्सप्रेस रोड, मूलगंज, जाजमऊ आदि क्षेत्रों में हुए अवैध निर्माणों की खबर लिखकर 300 करोड रुपए से अधिक के राजस्व की क्षति का भी खुलासा किया था। जन एक्सप्रेस की खबर का शासन स्तर पर भी संज्ञान लिया गया था और अखबार के मुख्यालय से शासन स्तर के अधिकारियों ने अवैध निर्माण की सूची के साथ उन जिम्मेदार अधिकारियों के भी नाम मांगे थे जिनके द्वारा सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का अनुपालन न करके बिल्डरों को लाभ पहुंचाया जा रहा था। जन एक्सप्रेस ने यह भी अपने अंक में लिखा था कि जल्द ही 4 जून के बाद शासन स्तर पर बड़ी कार्रवाई अपने कर्तव्यों का निर्वहन न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ हो सकती है लेकिन उससे पहले ही कानपुर विकास प्राधिकरण इतना विवश हो गया कि उसे 1 जून को रविवार के दिन एक नहीं दो नहीं 29 बिल्डिंग सील करनी पड़ी और खास करके सबसे ज्यादा उन क्षेत्रों की बिल्डिंग सील की गई है जिसकी खबर लगातार जन एक्सप्रेस में प्रकाशित हो रही थी।

## फास्ट फॉरवर्ड ⏭

### राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी में संजय शुक्ला बने जिलाध्यक्ष

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** संजय शुक्ला को राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संगठन उत्तर प्रदेश ने संगठन के प्रति लगन और निष्ठा को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रमेश चंद्र द्विवेदी (राजू भैया) के निर्देश पर राष्ट्रीय महामंत्री नवीन चंद्र शुक्ला की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष शरद नामदेव की संस्तुति पर कानपुर नगर का जिलाध्यक्ष मनोनित किया है। उन्हें जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव अधिवक्ता मोहित श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार संजय पाल उर्फ दद्दा, अधिवक्ता राकेश सिद्धार्थ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आठ सब इंस्पेक्टर तीन सिपाहियों को किया गया निलंबित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** थाना बर्रा क्षेत्र में नॉन वेज रेस्टोरेंट के संचालक से की गई मारपीट के मामले में थाना सीसामऊ में तैनात सब हिमांशू और ग्वालटोली थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर अरुण कुमार को निलंबित किया गया है। साथ ही साथ सब इंस्पेक्टर कुलदीप यादव, सतेंद्र कुमार, सचिन कुमार मोरल, तेज प्रकाश सिंह, सत्येंद्र कुमार, पंकज जायसवाल, पंकज मिश्रा समेत तीन सिपाही मोहम्मद इरफ़ान, अजय सिंह, अजय कुमार को निलंबित किया गया है।

### आज सुनाई जाएगी अग्निकांड मामले में सजा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** एमपीएमएलए कोर्ट ने आगजनी मामले में सपा के विधायक इरफान सोलंकी समेत पांचों आरोपी दोषी करार दे दिए गए, आज 7 जून को कोर्ट सजा का ऐलान करेगी। इरफान समेत सभी आरोपियों को कोर्ट में मौजूद रहने का आदेश दिया जा चुका है ।

### बिकरू कांड: मनु पांडेय की संपत्ति की गई सीज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** चर्चित बिकरु कांड में पुलिस की तरफ से मनु पांडेय को कानपुर पुलिस पिछले लंबे समय से ढूंढने में जुटी है, न्यायालय के आदेश के बाद मनु पांडेय को फरार घोषित कर दिया गया था, फिर भी मनु पांडेय अभी तक पुलिस की पहुंच से बाहर है। मनु पांडेय के कई मोबाइल रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद बिकरु कांड में संलिप्त पाए जाने पर पुलिस ने मनु को भी आरोपी बनाया है। अब पुलिस न्यायालय के आदेश अनुपालन में मनु पांडेय की सम्पति सीज करने का काम भी शुरू दी है। कल इसी कड़ी में चौबेपुर में मनु पांडेय की संपत्ति सीज करी गयी और उसकी वीडियो रिकार्डिंग भी करवाई गई।

### वांछित अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** पांडुनगर चौकी प्रभारी राहुल शुक्ला ने एन.बी.डब्ल्यू से संबंधित वारंटी अपराधी अनिल उर्फ मुल्ला को गिरफ्तार किया है। अनिल उर्फ मुल्ला 2017 से पुलिस को चकमा दे रहा था।पुलिस द्वारा अनिल उर्फ मुल्ला के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर के अदालत में हाज़रि किया है।इस गिरफ्तारी में पांडूनगर चौकी प्रभारी राहुल शुक्ला के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रशांत कुमार, हेड कांस्टेबल ललित किशोर व कांस्टेबल आमोद कुमार का योगदान सराहनीय रहा।



### शिक्षक भर्ती घोटाले के 5 आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शिक्षक भर्ती घोटाला करने वाले 5 आरोपी शिवम विश्वकर्मा, लाल जी सिंह, दिनेश कुमार पांडे, अभिनव त्रिपाठी, विवेक द्विवेदी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास से पांच मोबाइल और 11500 नगद बरामद किए गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में डीसीपी सेंट्रल आर एस गौतम ने बताया कि ये एक अंतरराज्यीय गैंग है जो कि कूट रचित ईमेल आईडी बनाकर जो की शिक्षा निदेशालय चयन बोर्ड की अधिकृत ईमेल आईडी से मिलती-जुलती बनाकर शिक्षक भर्ती चयन पैनल को जिला विद्यालय निरीक्षक कानपुर नगर को भेजकर वह फर्जी अच्यर्थी को प्रवक्ता पद पर चयन करने का कार्य संयुक्त रूप से मिलकर किया जाता था जिनको कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की सेंट्रल जोन की सर्विलांस और कर्नलगंज पुलिस ने दबोच लिया है।

## सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत, पूजा कर मांगी पति की लम्बी उम्र




**जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा**

**कानपुर नगर।** गुरूवार को सुहागिनों ने वट सावित्री का व्रत रखा। सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की लंबी आयु की कामनायें की और कुंवारी कन्याएं भी मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखा। इस दिन महिलाओं वट यानी बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। वट सावित्री पूजा को लेकर नई नवेली दुल्हन और सुहागिन महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने दुल्हन की तरह तैयार होकर पूजा अर्चना किया।

वट सावित्री व्रत कथा में बरगद के पेड़ का विशेषतौर पर उल्लेख मिलता है। सुहागिनें वट सावित्री व्रत कथा वट वृक्ष यानी बरगद के पेड़ के नीचे सुनती हैं। इसके अलावा वट वृक्ष की पूजा भी की जाती है। वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं अपने सुहाग की लंबी आयु के लिए रखती हैं और कुंवारी कन्याएं भी मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं। इस दिन महिलाओं वट यानी बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं।

महिलाएं कच्चा सूत लेकर वट वृक्ष की परिक्रमा करती हैं सूत तने में लपेटते हैं। उसके बाद 7 बार, 11 बार परिक्रमा करती हैं हाथ में भीगा चना लेकर सावित्री सत्यवान की कथा सुनती हैं। फिर भीगा चना, कुछ धन और वस्त्र अपनी सास को देकर उनका आशीर्वाद लेती हैं। वट वृक्ष की कोंपल खाकर उपवास समाप्त करती हैं।

महिला की शुद्धता और पति के प्रति समर्पण की शक्ति को दर्शाने के लिए महाभारत में सावित्री की कहानी बताई गई है, और इसे पतिव्रता महात्म्य कहा जाता है।

## के.बी.के.एस ने राहगीरों को बांटा शरबत



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में गुरूवार को खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज समिति द्वारा शरबत वितरण का कार्यक्रम केएमसी हॉस्पिटल के सामने ऑफिस में रखा गया जिसमें करीब 4000 लोगों को चिल्लाती धूप में गर्मी से राहत देने के लिए शरबत पिलाया गया लोगों ने शरबत देकर बहुत दुआएं दी।

इस मौके पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकज मिश्रा एडवोकेट एकता मिश्रा एडवोकेट, के के मिश्रा, सी बी सिंह, मन्नू मिश्रा ऋषभ बाजपाई, चित्रांशी मिश्रा, प्रीती सिंह, सरिता गुप्ता, विधि मिश्रा, निधि मिश्रा, प्रखर मिश्रा, मनीष श्रीवास्तव, आकाश द्विवेदी, भारत कौशिक आदि लोगों ने राहगीरों को रोक रोक कर शरबत पिलाया।

## बिठूर के तात्या टोपे भवन से निकाली गई गंगा मां की भव्य रथ यात्रा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर के तात्या टोपे भवन में पेशवा कालीन बाजीराव पेशवा द्वितीय द्वारा निर्मित भगवती मां गंगा जी का प्राकृटय उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीते दिन बरगदही अमावस्या के पावन पर्व पर भगवती मां गंगा की भव्य शोभा रथ यात्रा का आयोजन बिठूर के ऐतिहासिक तात्या टोपे भवन से किया गया। इस शोभा यात्रा का बिठूर के विभिन्न स्थानों पर बिठूर की जनता द्वारा भव्य स्वागत किया गया। यात्रा का शुभारंभ तात्या टोपे भवन से मां गंगा की आरती से हुआ। यहां पर परंपरागत तरीके से महाराष्ट्रीयन पद्धति से मां गंगा की आरती बिठूर के प्रबुद्ध नागरिक एवं कार्यक्रम के व्यवस्था विमल दीक्षित, विनायक राव टोपे, सदाशिव राव पुंरदरे, नीलेश पुंरदरे, द्वारा की गई। यह रथ यात्रा बिठूर के पेशवा नगर स्थित मंगलम गेस्ट हाउस, ऐतिहासिक नाना राव द्वारा, से होती हुए बिठूर के पौराणिक ब्रह्मावर्त घाट पहुंची जहां पर गंगा मां की प्रतिमा का पूजन, आरती, करने के उपरांत



महाप्रसाद का वितरण किया गया। इसके उपरांत इस शोभा यात्रा का बिठूर के तात्या टोपे भवन में जाकर समापन हुआ। इस भव्य रथ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में बिठूर थाने के फोर्स ने अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सैकड़ो की तादाद में गंगा मां के भक्त शोभा यात्रा के दौरान चल रहे थे।

10 दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का शुभारंभ भव्य रथ यात्रा से हो गया।

रथ यात्रा में प्रमुख रूप से अंकुर दीक्षित, आशुतोष टोपे, आचार्य ऋषि प्रकाश द्विवेदी, आचार्य देव कुमार, सुमति टोपे, विजय श्री पुंरदरे, प्रदीप केलकर प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## कानपुर में अब महिलाएं नहीं रही सुरक्षित, आए दिन हो रहीं लूट का शिकार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

ऐसा लगता है कि अब कानपुर नगर में महिलाएं सुरक्षित नहीं है कारण यह है कि अक्सर वह घर से निकलकर दिनदहाड़े लूट का शिकार हो जाती हैं। कल कल्याणपुर थाना क्षेत्र में वटवृक्ष की पूजा कर घर लौट रही महिला के साथ बाइक सवार लुटेरों ने चेन लूट की घटना को अंजाम दिया है। लूट की घटना को अंजाम देकर लुटेरे मौके से फरार हो गए। लूट की घटना क्षेत्र में लगे कैमरों में कैद हो गई। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद लुटेरों की तलाश में जुट गई है।



कल्याणपुर कला अपने मायके आई पीड़िता चित्रा मिश्रा ने बताया कि उसकी ससुराल नवाबगंज ख्योरा है। उसके पति विवेक मिश्रा प्राइवेट शिक्षक हैं। पति विवेक भाजपा में शिक्षक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष हैं। आज बरगदाही अमास्य होने के चलते वह मायके से पनकी रोड स्थित वटवृक्ष की पूजा करने आई थी। पूजा करके वह अपनी बड़ी बहन रेखा के साथ घर वापस लौट रही थी। पनकी रोड से वह जैसे ही आल मेगा मार्ट वाली गली में मुड़ी थीं

कि तभी सामने से आ रहे बाइक सवार लुटेरों ने उसके गले में पड़ी दस ग्राम की चेन लूट ली और कल्याणपुर क्रॉसिंग की ओर भाग गए।

अपने साथ हुई चेन लूट की लिखित शिकायत पुलिस से की है।

पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त के लिए आस पड़ोस के कैमरे खंगाले हैं जिसमें दी अपाचे बाइक सवार लुटेरे लूट की घटना की अंजाम देते दिखाई दिए हैं।

जिसमे एक लुटेरा हेलमेट लगाए बाइक चला रहा है तो पीछे बैठे बाइक सवार ने झपट्टा मार कर महिला की चेन लूट ली और कल्याणपुर क्रॉसिंग की ओर फरार हो गए।

इस दौरान कैमरे में देखा गया कि लुटेरे महिला की पहले से रेकी कर रहे थे।

**रावतपुर में महिला के साथ हुई चेन लूट का नहीं हुआ खुलासा**

रावतपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकलीं पत्रकार की बुजुर्ग मां के साथ हुई चेन लूट की घटना का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। जबकि लखनऊ में बैठे आलाधिकारियों ने इस घटना को संज्ञान लिया था।एक हफ्ते में लूटेरों को पकड़ने का वादा करने वाली पुलिस एक माह होने पर भी उसके हाथ खाली हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस ने प्रयास नहीं किए। पुलिस लगातार लूटेरों को को पकड़ने के लिए कन्नौज तक हफ्तों डेरा डाले रही लेकिन शातिर होने के चलते लुटेरे आज तक पुलिस को चकमा दे रहे हैं।

# ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित हुआ रक्त दान और धार्मिक कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



अयोध्या जैसी पुण्य नगरी में जहां हमारे सनातन धर्म के आधार प्रभु श्रीराम का प्रकट्य हुआ था वहाँ श्रीराम प्रभु का अपने धाम में विराजित होना हमारे लिए हमारे लिए धार्मिक एवं राष्ट्रीय गौरव की बात है, वहाँ पंचम मूल जगद्गुरु श्री कृपालु महाराज जो इस युग के परमाचार्य, भक्तियोगरसावतर एवं विभिन्न शास्त्रों के समन्वयाचार्य रहे हैं। सनातन धर्म पर उनके सिद्धांतों का हमारे जीवन पर रचनात्मक एवं आध्यात्मिक लाभ के लिए उन्ही के संस्था ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा पूजनीया रासेश्वरी देवी जी एवं पूज्य स्वामी डा. युगलशरण जी महाराज जो के दोनों श्री महाराज जी मूर्धन्य प्रचारक हैं, उनके मार्ग दर्शन में अयोध्या शहर में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर लगभग सभी राज्यों के समर्पित सत्संगियों के साथ एक आध्यात्मिक शिविर का भव्य आयोजन मनीराम दास छोटी छावनी में दिनांक। जून से 7 जून 2024 तक रखा गया है। उक्त शिविर में सम्पूर्ण भारत से लगभग 3000 श्रद्धालुओं ने पूरा जोश खरोश के साथ भाग लिया है। शिविर में पूजनीया रासेश्वरी देवी जी एवं स्वामी जी ने ज्ञान की गंगा बहाते हुए प्रभु श्रीराम की शरण स्थली में सभी जन समूह को इस भव्य आयोजन में प्रभु श्री राम के जीवन आदर्शों का विस्तार से प्रवचन करते हुए सभी श्रद्धालुओं को भाव विभोर करते हुए अश्रु पूरित भक्ति भाव से ऑतोप्रोत कर रहे हैं। ऐसा प्रतीत एचपी रहा है मानो हम पुनः त्रेता युग में पहुँच कर प्रभु श्रीराम के चरणों में अपने अश्रु पूरित श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। इस प्रकार के आध्यात्मिक शिविर वर्ष में दो बार इस संस्था द्वारा भारत के बिभिन्न धार्मिक स्थलों पर आयोजित किए जाते हैं जिस से श्री महाराज जी के दर्शन अनुसार सरल एवं सुगम्य तरीके से सनातन धर्म का सनातनी साधकों को अवगत कराया जाता है जिस से उनके जीवन में में शांति सद्भाव एवं अपने जीवन का उद्धार करने अति महत्त्वपूर्ण योगदान प्राप्त हो रहा है। ब्रज गोपिका सेवा मिशन संस्था अपने अधीन विभिन्न प्रकार के जनहितार्थ कार्य भी वर्ष भर अपने स्तर पर प्रायोजित किए जाते हैं। उदाहरणार्थ शिक्षा, चिकित्सा (होमीयोपैथी, allopathy एवं आयुर्वेदिक) तथा बाल संस्कार प्रोग्राम के साथ ही युवा उत्थान शिविर का आयोजन होता रहता है। संस्था द्वारा धर्मार्थ गरीब बचों एवं वृद्ध जनों को स्वेटर एवं कंबल वितरित किए जाते हैं. यह संस्था पर्यावरण क्षेत्र में भी अग्रणी है जिसके तहत समस्त भारत में ब्रज गोपिका सेवा मिशन के नोडल सेंटर द्वारा वर्षा ऋतु में वृक्षारोपण यदि कार्य प्रतिवर्ष किए जाते हैं।

अयोध्या में आयोजित इस आध्यात्मिक शिविर में ब्रज गोपिका सेवा मिशन संस्था द्वारा स्थानीय गतिविधिओं में निम्न कार्यक्रम प्रायोजित किया गया है जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रमुख सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी 5 जून 2024 को इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। साधना शिविर प्रायोजित - 1 से 7 जून 2024, रक्तदान शिविर का आयोजन 6 जून 2024, स्थानीय साधु संतों के लिए भंडारा 7 जून 2024, रामलला दर्शन कार्यक्रम एवं भेंट।

## आज से शुरू उर्स मुबारक

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली** (इम्तियाज अहमद खान)। शहर के बस स्टॉप चौराहे से कानपुर रोड पर स्थित हज़रत सैयद महबूब आलम शाह चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह की दरगाह पर हर साल की तरह इस साल भी उर्स मुबारक बड़े ही धूमधाम व शानोशौकत के साथ मनाया जाएगा। जिसमें 7, 8 व 9 जून को होने वाले खास प्रोग्राम में 7 जून 2024 को नमाजे फज्र के बाद कुरान ख्वानी व जलसा ईद मिलादुन्नबी शाम को बाद नमाजे मगरिब को होगी। तारीख 8 जून 2024 दिन शनिवार को ऑल इंडिया मुशायरा व 9 जून दिन रविवार को जवाबी कव्वाली का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बरेली की कव्वाल सोफिया चिश्ती व राजस्थान के कव्वाल फैजान अजमेरी के बीच मुकाबला होगा। वहीं तारीख 8 जून को होने वाले मुशायरा में देश के तमाम मशहूर शायर जैसे कि निगत अमरोही, हाशिम फिरोजाबादी, मिशम भोपालपुरी, अना देहलवी सहित देश के कई जाने-माने शायर मुशायरा में शिरकत करेंगे।

## हमारी भूमि, हमारा भविष्य के थीम पर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा संचालित बड़ौदा आर सेटी में पौधारोपण किया गया। ÷हमारी भूमि, हमारा भविष्य÷ के थीम पर इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण किया गया। मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक आर पी सिंह,जिला मिशन मैनेजर सरिता वर्मा व बड़ौदा आर सेटी निदेशक अविनाश किशोर के द्वारा परिसर में पौधारोपण किया गया। इस दौरान पौधारोपण से संबंधित शपथ दिलाया गया। पर्यावरण के सुरक्षा के प्रति जागरूक व सचेत किया गया। प्रकृति के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। इसलिए पर्यावरण का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

## तम्बाकू एवं धूम्रपान उपयोग से होने वाली बीमारियों के बारे में किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर




जनपद में विश्व तंबाकू दिवस 31 मई से 21 जून तक चल रहे। तम्बाकू निषेध कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में तंबाकू एवं धूम्रपान जागरूकता अभियान के तहत जनपद तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉक्टर आशुतोष सिंह के नेतृत्व में जनपद के जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के द्वारा विकास खंड अकबरपुर के ग्राम सभा आहेथिया किशनपुर में ग्रामीणों को तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले जानलेवा बीमारियों के बारे में जागरूकता संबंधित एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के काउंसलर रचना सिंह ने बताया कि तंबाकू एवं धूम्रपान के सेवन से हर वर्ष देश में लगभग 12 लाख लोगों की आकस्मिक मौत होती है तंबाकू एवं धूम्रपान जानलेवा है इसके उपयोग से कैंसर जैसी घातक जानलेवा बीमारियां होती है विश्व में हर वर्ष तंबाकू एवं धूम्रपान के सेवन से लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु हो रही है तंबाकू से कई प्रकार की जानलेवा बीमारियां होती है।

जिससे अकाल ही मौत के गले में लाखों लोग समा जाते हैं वहीं उन्होंने बताया कि जागरूकता से ही इस प्रकार की बीमारियों को रोका जा सकता है इस दौरान ग्रामीणों को तंबाकू न उपयोग करने की सलाह दी गई कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो ग्रामीणों ने तंबाकू और धूम्रपान का उपयोग न करने का शपथ लिया। इस दौरान बंदना यादव सोशल वर्कर आशुतोष मौर्या सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## वट सावित्री व्रत पर महिला ग्राम प्रधान ने 51 पौधे लगाने का लिया संकल्प

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



सनातन धर्म में बट सावित्री व्रत का विशेष महत्व है कहते हैं बरगद के वृक्ष में त्रिदेव का वास होता है। इसी दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान की मृत्यु के बाद यमराज से अपने सतीत्व के बल पर पति के प्राण वापस लाएं थे और सत्यवान को जीवनदान यमराज से दिलवाया था तभी से ये मान्यता लगातार चली आ रही है और अमावस्या के दिन बट सावित्री व्रत की पूजा महिलाएं करती हैं और बरगद के पेड़ पर कच्चा सूत बांधकर सती के समान त्रिदेव से पति की लंबी आयु के लिए प्रार्थना करती हैं। रायबरेली के डिडौली ग्राम सभा की प्रधान पूनम सिंह ने एक अनोखी पहल की है उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर 51 बरगद के वृक्ष लगाने का संकल्प लिया है उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार बरगद के वृक्ष की पूजा होती है लेकिन वैज्ञानिक महत्व यह है कि इस वृक्ष से ऑक्सीजन का संचार होता है जो स्वास्थ्य के लिए अच्छा है अपनी ग्राम सभा को स्वस्थ, सुरक्षित और अवस्थित बनाने के लिए आज के शुभ अवसर पर इस संकल्प को पूरा किया गया है।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बीस जून तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंर्तगत इच्छुक आवेदक बीस जून तक आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि जनपद में ट्रेडवार लक्ष्य बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, सोनार टोकरी बुनकर, राज मिस्त्री हलवाई मोची एवं धोबी ट्रेडों में दस दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक आवेदक बीस जून तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की पात्रता के साथ वांछित अभिलेखों जैसे आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एससी, ओबीसी वर्ग के लिए, आयु प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए व आवेदनकर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान अथवा वार्ड मेम्बर से प्रमाणित हो। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, अमेठी सुलतानपुर रोड, निकट पुराना आरटीओ आफिस गौरीगंज से सम्पर्क कर सकते हैं।

## लू प्रकोप एवं हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु जनसामान्य के लिए एडवाइजरी जारी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू प्रकोप एवं हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु जन सामान्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने लू एवं हीट स्ट्रोक के दृष्टिगत जनपद वासियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने हीट स्ट्रोक से बचने के लिए बताया कि हीट वेव की स्थिति शरीर का कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है, जिससे जीवन खतरे में पड़ सकता है, इसके प्रभाव को कम करने के लिए कड़ी धूप में बाहर न निकले, खासकर दोपहर 12 बजे से 03 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचे और गरम हवा के स्थिति जानने के लिये रेडियो सुने, टीवी देखे, समाचार पत्र पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहे। जितने बार हो सके पानी पिएं, प्यास न लगा हो तभी पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि हल्के रंग के ढीले वाले सूती वस्त्र पहने ताकि शरीर तक हवा पहुंचे और पसीने को सोख कर शरीर को ठंडा रखे। धूप में बाहर जाने से बचे, अगर बहुत जरूरी हो तो गमछा, चश्में, छाता, टोपी एवं जूते या चप्पल पहनकर ही घर से बाहर निकले। उन्होंने कहा कि अगर आ खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों, को गीले कपड़े से ढके तथा छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से संपर्क करें। यात्रा करते समय अपने साथ बोतल में पानी जरूर रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। ओ0आर0एस0, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी, माड नींबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें जिससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई की जा सके। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें यह शरीर को निर्जलित कर सकते है। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने कहा कि हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट कैंप के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, उबकाई, पसीना आना, मूर्छा आदि को पहचाने। यदि मूर्छा या बीमारी का अनुभव करते है तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें। गर्मी के दिनों में ओ0आर0एस0 का घोल पिये। अन्य घरेलू पेय जैसे नींबू पानी, कच्चे आम का बना लस्सी आदि का प्रयोग करें, जिससे शरीर में पानी की कमी न हो। जानवरों को छायादार स्थान में रखें, उन्हे पीने के लिये पर्याप्त मात्रा में पानी दें। अपने घर को ठंडा रखें, घर को पर्दे से ढक कर या पेन्ट लगाकर 3-4 डिग्री तक ठंडा रखा जा सकता है। रात में अपने घरो की खिड़कियो को अवश्य खुली रखें। कार्यस्थल पर पानी की समुचित व्यवस्था रखें। फैन, ढीले कपड़े का उपयोग करें। ठंडे पानी से बार-बार नहाएं।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने लू व हीट वेव से बचने के लिए जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि धूप में खड़े वाहने में बच्चे एवं पालतू जानवरों को न छोड़े। खिड़की की रिफलेक्अर जैसे एल्युमुनियम पन्नी गत्ते इत्यादि से ढककर रखे ताकि बाहर की गर्मी का अन्दर आने से रोका जा सके। उन खिड़कियों दरवाजे पर जिनसे दोपहर के समय गर्म हवाएँ आती है, काले कपड़े/पर्दे लगाकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण/स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। जहां तक संभव हो घर में ही रहे सूर्य के संपर्क से बचें। सूर्य की तापमान से बचने के लिए जहाँ तक संभव हो घर की निचली मंजिल में ही रहे सबसे ऊपरी मंजिल में कदापि न रहें, ताप के प्रभाव से लू (हीट-वेव) का शिकार होने की सम्भावना प्रायः बनी रहती है। संतुलित हल्का व नियमित भोजन करें। दिन के 12 बजे से 03 बजे के बीच बाहर न निकले।

## एनटीपीसी द्वारा हितधारक संवाद बैठक का हुआ आयोजन




जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

एनटीपीसी-टांडा द्वारा ग्रामों में विकास कार्य की समीक्षा के सम्बन्ध में हितधारक संवाद बैठक का आयोजन एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक (टांडा) अशेष कुमार चट्टोपाध्याय की उपस्थिति में कर्मचारी विकास केन्द्र में किया गयाद्य इस दौरान एनटीपीसी टांडा के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त ग्राम प्रधान उपस्थित थे। बैठक के दौरान एनटीपीसी द्वारा ग्रामों में प्रस्तावित एवं पूर्ण किये गये विकास कार्यों के बारे में चर्चा की गयी। बैठक के दौरान कार्यकारी निदेशक द्वारा एनटीपीसी के सामाजिक विकास कार्यों जैसे मोबाइल मेडिकल यूनिट, ऑक्सीजन प्लांट, सौलर लाईट जैसी अन्य पहलों की समीक्षा की गई। उन्होंनें बुनियादी ढाचों के विकास के साथ-साथ, रोजगार परक प्रशिक्षण जैसे सीपेट, जैविक खेती, वर्षा जल संचयन इत्यादि के बारे में विस्तार से चर्चा की। बैठक में एनटीपीसी टांडा के कार्यकारी निदेशक ने ग्राम प्रधानों द्वारा दिए गए सुझावों के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि बैठक के दौरान प्रस्तुत सभी सुझावों के कार्यान्वयन पर विचार किया जाएगा। उन्होनें यह भी कहा कि एनटीपीसी आसपास के गाँवों में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के नए तरीके खोजने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर काम करने का प्रयास करती है।

विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) रजनीश खेतान द्वारा दिया गया। इस दौरान परियोजना प्रभावित आसपास के गांव के समस्त ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना जनपद में लागू

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उपायुक्त उद्योग, परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना जनपद में लागू है। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग (हस्तकला एवं नि0प्रो0 अनुभाग-13) उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय उ0प्र0, कानपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु जनपद को पारम्परिक कारीगरों जैसे- हलवाई, बढ़ई, दर्जी, नाई, लोहार, राजमिस्त्री को प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत कुल 850 अभ्यर्थियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उक्त ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदनपत्र ऑनलाइन वेबसाइट- http://diupmsme.upsdc.gov.in एवं http://msme.gov.in पर आमंत्रित किये जा रहें हैं। प्रशिक्षित लाभार्थियों को बैंकों की विभिन्न योजनाओं जैसे- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से ऋण प्राप्त करने की सुविधा है।

## अनियंत्रित होकर ट्रक से टकराई कार हुई क्षतिग्रस्त, टला बड़ा हादसा



जन एक्सप्रेस। रायबरेली

शहर के सिविल लाइन, सारस होटल चौराहा पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर ओवरलोड ट्रक से टकरागई जिसमें कार का एक हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना होते ही लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई पहुंची पुलिस में दोनों वाहनों को कब्जा लेकर कार्यवाही शुरू करती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को समय लगभग 3:00 बजे रायबरेली जनपद के मिल एरिया थाना क्षेत्र के सारस होटल चौराहे पर लखनऊ प्रयागराज रोड पर ओवर ब्रिज से नीचे उतर रहे ट्रक में अनियंत्रित होकर कर टकरा गई। जिसमें कार में सवार दो लोग बाल बाल बच गए, वही ट्रक में टकराने के बाद कर का एक हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना से स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ओवरलोड ट्रक में कार टकराने के बाद काफी दूर तक फंसकर फिसलती रही। लोगों के पहुंचने पर ट्रक रोका गया और फंसी कार को बाहर निकलवाया गया। सूचना पर पहुंची ट्रैफिक पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## पौधारोपण कर पर्यावरण को करें संरक्षितः आशीष निगम

**जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम।** विश्व पर्यावरण दिवस पर हुआ पौध रोपण कार्यक्रम शुभांकर वेल्फेयर सोसायटी उ प्र के तत्वावधान में पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय नया परिसर मे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर आशीष निगम पुलिस क्षेत्राधिकारी रुदौली व कोतवाल देवेन्द्र सिंह ने पौध रोपण कर सोसाइटी के लोगो को बधाई दी।पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा की सोसाइटी ने पौध रोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रम किया है वह समाज को एक नई दिशा देने का कार्य किया है पर्यावरण को बचाने के लिये संदेश देते हुये कहा समाज के सभी लोग को अधिक से अधिक पौध लगाना चाहिए। सोसाइटी के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अधिक मात्रा मे पौध रोपण और संरक्षण का कार्य किया जाएगा।

## पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी और वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर




जनपद के टांडा में स्थापित आदित्य बिरला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिटः टांडा सीमेंट वर्क्स) में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश वन विभाग के प्रभागीय कार्यालय, के परियोजना पदाधिकारी सत्यम श्रीवास्तव, रेंज फारेस्ट ऑफ़िसर टाण्डा आर.पी. चौधरी, रेंज फारेस्ट ऑफ़िसर अकबरपुर नागेंद्र कुमार एवं वन विभाग के अन्य अधिकारीयों के उपस्थिति में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अल्ट्राटेक सीमेंट के पर्यावरण प्रबन्धक राज कुमार के उद्बोधन के साथ किया गया। तत्पश्चात इस आयोजन के विशिष्ट अतिथि सत्यम श्रीवास्तव परियोजना अधिकारी उत्तर प्रदेश वन विभाग प्रभागीय कार्यालय अम्बेडकरनगर द्वारा मानव गतिविधियों से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं इसके निवारण के बारे में काफी विस्तारपूर्वक बताया गया तत्पश्चात अल्ट्राटेक सीमेंट के यूनिट हेड नागेश उपाध्याय ने उद्योग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दिशा में किये जा रहे पहल जैसे मियावाकि प्लांटेशन, आवासीय परिसर में बायोगैस प्लांट का स्थापना, कॉलोनी एवं उद्योग परिसर में वर्षा जल संचय की व्यवस्था, बड़ी मात्रा में सोलर पावर एवं सप्लाई का उपयोग, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था, उद्योग में लगे प्रदुषण नियंत्रण उपकरण के नियमित रखरखाव तथा पर्यावरण जागरूकता अभियान एवं इसके महत्व के बारे में काफी विस्तारपूर्वक अपना विचार व्यक्त किया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के दिशा में उद्योग की प्रतिबद्धता एवं जनमानस की भूमिका के बारे में भी लोगों का ध्यान आकर्षित कराया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट के मानव संसाधन विकास विभाग के प्रभारी करुणा करण तिवारी, ए0 एन0 पांडेय (विभागाध्यक्ष तकनिकी), विकास त्रिपाठी (प्रोडक्शन हेड), मनीष मिश्रा (सेफ्टी हेड), सुदीप पांडेय, लक्ष्मण रावल, अतुल पांडेय एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। पर्यावरण दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट के पर्यावरण विभाग द्वारा पिछले 15 दिनों से भिन्न-भिन्न प्रतियोगितओं जैसे पोस्टर पेंटिंग्स, स्लोगन राइटिंग, स्पीच एवं पोयम कम्पटीशन, एनवायरनमेंट क्विज, ग्रुप डिस्कशन, सामूहिक सफाई अभियान इत्यादि माध्यमों से पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें बच्चें, महिलायें, उद्योग के कर्मचारी, मजदुर तथा अधिकारीयों ने काफी उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के दिशा में अपनी प्रतिबद्धता एवं कर्त्तव्य के निर्वहन करने का शपथ लिया।

## एसटीएफ ने शासन को सौंपी सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले की रिपोर्ट, सुरक्षा चूक का भी किया जिक्र

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने के मामले की जांच कर रही एसटीएफ ने अपनी रिपोर्ट बीते दिनों शासन को सौंप दी है। इसमें पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी और वांछितों के बारे में उल्लेख करने के साथ ही सुरक्षा में हुई चूक का भी विस्तार से जिक्र किया गया है। बता दें कि एसटीएफ की मेरठ यूनिट पेपर लीक से जुड़े एक मुकदमे की अभी विवेचना कर रही है। सूत्रों के मुताबिक एसटीएफ को अभी पेपर छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस के मालिक से पूछताछ करनी है, हालांकि वह पेपर लीक होने के बाद अमेरिका जाने के बाद से वापस नहीं आया है। एसटीएफ की मेरठ यूनिट प्रिंटिंग प्रेस के मालिक के अहमदाबाद स्थित पते पर तीन नोटिस भेज चुकी है। बता दें कि सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती के लिए 18 व 19 फरवरी को लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ था। पेपर लीक गिरोह ने अहमदाबाद स्थित प्रिंटिंग प्रेस से ट्रांसपोर्ट कंपनी को भेजे गए वेयरहाउस से दोनों दिन की दूसरी पालियों का पेपर चोरी करके फोटो खींच ली थी। इस मामले में एसटीएफ ने मास्टरमाइंड राजीव नयन मिश्रा, रवि अत्री, डॉ. शुभम मंडल, दिल्ली पुलिस के सिपाही विक्रम बहल, शरद सिंह, दीप उर्फ दीपक, बिट्टू, प्रवीण, रोहित, विनोद कुमार, नवीन कुमार, महेंद्र, अभिषेक शुक्ला, शिवम गिरि, रोहित कुमार समेत 17 लोगों को गिरफ्तार किया था।

## घटिया मटेरियल से बनी दीवार बुजुर्ग महिला पर गिरी, महिला व बच्चे बाल-बाल बच्चे

❋ पीड़ित ने संबंधित चौकी पर लिखित शिकायत करते हुए की न्याय की मांग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



पारा कोतवाली क्षेत्र में रह रही अपने परिवार संग महिला पर अचानक बालू से बनी दीवार गिर गई बाल-बाल बच्चे। मामला पारा कोतवाली क्षेत्र की चौकी मोहान रोड़ स्थित मोतीझील कॉलोनी का है जहां पर पीड़ित विमलेश गुप्ता पत्नी ओमप्रकाश उम्र करीब 60 वर्ष अपने परिवार संग काफी लंबे समय से रहती चली आ रही है, बीती 6 जून की सुबह करीब 3ः00 बजे आंधी तूफान आने से घटिया मटेरियल यानी बालू से बनाई गई दीवार अचानक मुझ पर व मेरे बच्चों पर गिर गई, जिसके चलते मुझे व मेरे बच्चों को चोटे आई, पीड़ित ने बताया कि पड़ोसी दर्शन के द्वारा बालू से दीवार बनाई जा रही थी जिसका पीड़ित ने विरोध किया था और कहा था कि आप मजबूत दीवार बनाइए उसके बावजूद भी पड़ोसी दर्शन नहीं माना और बालू से दीवार बनाकर खड़ी कर दी, जिसके चलते यह हादसा हुआ, फिलहाल इस हादसे में किसी प्रकार कोई बड़ी घटना नहीं घटी और परिवार के लोग सुरक्षित है, वहीं पीड़ित पक्ष की तरफ से मोहान रोड़ चौकी पर लिखित शिकायत करते हुए पड़ोसी दर्शन पर घटिया मटेरियल से दीवार बनाएं जाने का आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, शिकायती पत्र मिलते ही संबंधित पुलिस मौके पर पहुंचकर पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अनूप सिंह बने जद यू के प्रदेश अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अनूप सिंह को उत्तर प्रदेश इकाई का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आफाक अहमद खान ने आज नियुक्ति पत्र जारी करते हुए श्री सिंह से संगठन को और मजबूत बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं।

### अखिलेश जायेंगे दिल्ली, शिवपाल हो सकते हैं नेता प्रतिपक्ष!

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा सीटें जीतने के बाद समाजवादी पार्टी प्रदेश की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुद कन्नौज लोकसभा सीट से 170922 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की है। अब माना जा रहा है कि सपा अध्यक्ष अब यूपी छोड़कर केंद्र की राजनीति की ओर रुख कर सकते हैं। वो यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद छोड़ सकते हैं।अखिलेश यादव अगर केंद्र की राजनीति का रुख करते हैं तो वो नेता प्रतिपक्ष का पद चाचा शिवपाल यादव को दे सकते हैं या फिर यहां भी पीडीए पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की झलक देखने को मिल सकती है। अगर ऐसा हुआ तो शिवपाल यादव के अलावा रामअचल राजभर, इंद्रजीत सरोज और कमाल अख्तर में से किसी एक को भी नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है।यूपी में 37 सीटें जीतने के बाद समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे ज्यादा सांसदों वाली पार्टी बन गई है। केंद्र की राजनीति में पार्टी की भूमिका और ज्यादा अहम हो सकती है। जिम्मेदारी खुद अखिलेश यादव संभाल सकते हैं।अखिलेश यादव वर्तमान समय में मैनपुरी की करहल सीट से विधायक है इसके अलावा वो यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है। कन्नौज से चुनाव जीतने के बाद अब अखिलेश यादव को विधानसभा या लोकसभा दोनों में से किसी एक सीट को चुनना होगा। अब अखिलेश दिल्ली की राजनीति की ओर रुख कर सकते हैं।अगर ऐसा हुआ तो उन्हें विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद भी छोड़ना होगा।अखिलेश यादव की जगह चाचा शिवपाल यादव उनकी पहली पसंद हो सकते है।शिवपाल यादव ने जिस तरह से पार्टी और संगठन की जिम्मेदारी सँभाली है उन्हें उसका तोहफा भी मिल सकता है।शिवपाल के साथ आने के बाद सपा ने मैनपुरी, घोसी उपचुनाव और अब लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन किया है।

### आंधी-बारिश से बदला मौसम, 5 डिग्री तक गिरा पारा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बुधवार देर रात आई आंधी और बारिश ने मौसम के मिजाज को एकदम बदल दिया है। लखनऊ में इसकी रफ्तार 60 किमी प्रति घंटे के आसपास थी, जबकि प्रदेश के अन्य हिस्सों में 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार रही। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह व मो. दानिश के मुताबिक दिन के तापमान में 5 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है, जबकि रात के पारे में भी 3 डिग्री के आसपास की गिरावट है। हालांकि शुक्रवार से फिर मौसम में बदलाव दिखेगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और तेज हवाएं चलने के आसार हैं। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा और लू व तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो जाएगी।

### मोदी 3.0 में यूपी से कई चेहरे होंगे मंत्री!

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। एनडीए सरकार 9 जून तक शपथ ले सकती है। कई सांसद भी मंत्री बनेंगे। यूपी से कौन-कौन कैबिनेट का हिस्सा होगी सम्भावित एक लिस्ट सामने आई है। इनमें कुछ नए तो कुछ ऐसे पुराने चेहरे हैं जिनका नाम कद्दावरों में शामिल है।सूत्रों के मुताबिक इस लिस्ट में शामिल नामों ने यूपी से वाराणसी से पीएम मोदी प्रधानमंत्री तो सर्वविदित हैं, उनकी कैबिनेट में उत्तरप्रदेश से राजनाथ सिंह, गाजियाबाद से अतुल गर्ग, गौतमबुद्धनगर से डॉ महेश शर्मा,आगरा से प्रो. एसपी सिंह बघेल, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवारपीलीभीत से जितिन प्रसाद,झांसी से अनुराग शर्मा, महराजगंज से पंकज चौधरी,फूलपुर से प्रवीण पटेल,अलीगढ़ से सतीश गौतम राष्ट्रीय लोकदल से जयंत चौधरी,अपना दल सोनेलाल से अनुप्रिया पटेल का मंत्री बनना लगभग तय है। वही यूपी राज्यसभा कोटे से जो सांसद मंत्री बन सकते हैं उनमें हरदीप सिंह पुरी,डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई,डॉ सुधांशु त्रिवेदी,डॉ दिनेश शर्मा और आरपीएन सिंह शामिल हैं।

### 'अग्निवीर' पर फिर से विचार करने की जरूरत: जदयू

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। एनडीए की सहयोगी पार्टी जनता दल यूनाइटेड ने कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड पर हमारा रुख आज भी जस का तस है। जेडीयू महासचिव और प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि हमने तब भी कहा था कि इस मामले पर सभी स्टेक होल्डर को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है।केसी त्यागी ने कहा, 'हमने तब भी कहा था कि इस मामले पर सभी स्टेट होल्डर को साथ लेकर उनके विचारों को समझने की जरूरत है।यूसीसी पर नीतीश कुमार ने विधि आयोग के अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी थी और कहा था कि हम इसके खिलाफ नहीं हैं लेकिन इसमें व्यापक विचार विमर्श की आवश्यकता है।अग्निवीर योजना का जिक्र करते हुए केसी त्यागी ने कहा, 'अग्निवीर योजना को लेकर के बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर दोबारा से विचार करने की जरूरत है। अग्निवीर योजना को नए तरीके से सोचने की आवश्यकता है, जो सुरक्षाकर्मी थे सेना में तैनात थे और जब भी अग्निवीर योजना आई तो बड़े तबके में असंतोष था। मेरा ऐसा मानना है कि उनके परिवार जनों ने भी चुनाव में विरोध जारी किया इसलिए आज इसमें नए तरीके से विचार विमर्श की जरूरत है।वहीं वन नेशन, वन इलेक्शन का समर्थन करते हुए केसी त्यागी ने कहा कि जहां तक एक देश एक चुनाव की बात है हम उसके समर्थन में हैं। केसी त्यागी ने कहा, 'हम एनडीए के मजबूत हिस्सेदार के रूप में सामने आए हैं। हम वाजपेयी जी की एनडीए सरकार में कई अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। हम लंबे समय से मांग कर रहे हैं कि अगर बिहार से पलायन रोकना है तो उसे विशेष राज्य का दर्जा देना चाहिए। वो प्रधानमंत्री का प्रोवोगेटिव है कि वो किस को कौन सा मंत्रालय देंगे। हमारी कोई मांग नहीं।

## कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम, आप प्रताड़ित हुए लेकिन आप झुके नहीं, रुके नहीं: प्रियंका गांधी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर यूपी के कांग्रेस कार्यकर्ताओं का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का सलाम किया। ÷यूपी कांग्रेस के मेरे सभी साथियों को मेरा सलाम। मैंने आपको धूप और धूल में कड़ी मेहनत करते हुए देखा, आप झुके नहीं, आप रुके नहीं, कठिन से कठिन दौर में आपने लड़ने की हिम्मत दिखाई। आपको प्रताड़ित किया गया, आप पर फर्जी मुक़दमे लगाये गये, जेल में डाला गया, बार-बार नज़रबंद किया गया मगर आप डरे नहीं। कई नेता डर के चले गये, आप टिके रहे। मुझे गर्व है आप पर और यूपी की जागरूक जनता पर, जिसने इस देश की गहराई और सच्चाई को समझा और हमारे संविधान को बचाने का ठोस संदेश पूरे भारत को दिया। आपने आज की राजनीति में एक पुराना आदर्श फिर से स्थापित किया है- कि जनता के मुद्दे सर्वोपरि हैं, इनको नकारने की क़ीमत भारी होती है। चुनाव जनता का है, जनता ही लड़ती है, जनता ही जीतती है।

## ज्वेलर्स की दुकान में जेवरात चोरी का खुलासा

### असम से 2 आरोपी गिरफ्तार, गैंग बनाकर रेकी करते फिर वारदात को अंजाम देते थे



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ की विभूतिखंड पुलिस ने ज्वेलर्स की दुकान में चोरी करने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपी असम के रहने वाले हैं। पुलिस ने सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक विभूतिखंड थाने में नीतू ज्वेलर्स के मालिक अजय कुमार तिवारी ने 20 मई को चोरी की एफआईआर दर्ज कराई। बताया दुकान का चैनल व सटर तोड़कर अज्ञात चोर चांदी के आभूषण व डेढ़ लाख नगद लेकर गायब हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम तैयार की गई। जिसने सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से दो लड़कों को चिन्हित किया।

#### बस्तियों में पहचान कराकर टीम असम रवाना हुई

आसपास की झुग्गियों बस्तियों में आरोपियों की पहचान कराई गई। वहां रहने वालों ने पहचान आरोपियों की पहचान कर बताया कि कई दिनों से गायब हैं। पुलिस ने उन्हीं लोगों से कॉल करवाकर पूछवाया। तो पता चला कि गांव में हैं। इस पर टीम असम रवाना हुई। आरोपियों के गांव में जाकर 3 जून को रात 8:30 बजे दो लड़कों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान मानिकपुर , बोगाईगांव असम के रहने वाले जमाल उर्फ लालू (21) पुत्र मोहम्मद फिरोज और चांद बादशाह शेख (22) पुत्र अमीर उल हक के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने बताया घर के बगल में खाली प्लॉट में कूड़े के ढेर में ज्वेलरी व नगद छुपा दिए हैं।

#### घर के बगल में प्लॉट में छुपाया सामान

इनकी निशानदेही पर पुलिस ने करीब 10.50 किलोग्राम चांदी की कीमत (9 लाख) और 14 हजार नगद बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने दो अन्य लड़के रफीक और मेहरुद्दीन का नाम भी लिया। हालांकि वह अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस पकड़ने का प्रयास कर रही है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया वह मूल रूप से असम के रहने वाले हैं। लखनऊ में रहते हैं। दोस्तों के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई। दोनों ने पहले दुकान की रेकी की। दुकान का शटर व चैनल का ताला तोड़कर चांदी के जेवर और 14 हजार नगदी चुराकर असम फरार हो गए।

## महिला एवं बाल अपराध के अभियुक्तों को जल्दी मिलनी चाहिए सजा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

❋ प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को शीघ्र सजा दिलवाने के निर्देश-एडीजी

❋ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से साक्षियों का बयान दर्ज करने हेतु करें प्रयास

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महिला और बाल अपराधों के मामलों को लेकर बहुत गम्भीर हैं। उन्होंने कहा कि अभियुक्तो को जल्द सजा मिलनी चाहिए, इसके लिए प्रभावी पैरवी आवश्यक है। इसमें शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रभावी पैरवी कर महिला एवं बाल अपराधों में अभियुक्तों को शीघ्र सजा दिलवाने के निर्देश दिये है ताकि समाज के पीड़ित वर्ग को समय से न्याय दिलाया जा सके।अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन दिपेश जुनेजा ने बताया कि अभियोजन निदेशालय ने वीडियो कान्फ्रेन्सिंग की सुविधा का उपयोग करते हुए साक्षियों के बयान दर्ज करने हेतु प्रयास शुरू किये गये है। उन्होने यह भी बताया कि पिछले माह द्वितीय पखवाड़े मे उत्तर प्रदेश में 275 साक्षियों का साक्ष्य विभिन्न जनपदों में वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से करवाया गया है।

एडीजी अभियोजन ने बताया कि वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से साक्षियों का बयान दर्ज करने पर जन सामान्य की कठिनाईयां दूर होगी। न्यायालय के समय के साथ साक्षियों के समय एवं शासकीय धन की भी बचत होगी, रिटायर्ड सरकारी कर्मियों की गवाही का प्रतिशत और अधिक बढ़ेगा एवं उन्हे अन्य जनपदों में गवाही हेतु परेशान नही होना पड़ेगा।

## फान्स के सिनेट में डॉ. जयंत आठवले को मिला 'भारत गौरव पुरस्कार'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मानवजाति के कल्याण के लिए प्रयासरत साधना से संबंधित दिशादर्शन कर संपूर्ण संसार के साधकों का जीवन आनंदमय बनानेवाले विज्ञानयुग में सरल भाषा में अध्यात्म का प्रसार कर समाज का दिशादर्शन करने वाले सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत आठवले को कल 5 जून को फान्स के सीनेट में संसद में 'भारत गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया । फ्रेंच संसद के उपाध्यक्ष डॉमिनिक थिओफिल, मेहंदीपुर बालाजी ट्रस्ट के नरेश पुरी महाराज, 'संस्कृति युवा संस्था' के अध्यक्ष पं.सुरेश मिश्रा एवं फ्रेंच संसद सदस्य फेडरिक बुवेल के करकमलों से भारतीय संस्कृति एवं सच्यता के जागतिक प्रसार के लिए किए गए।

## प्रमोशन के लिए विभागों को 30 सितंबर तक करना होगा अधिकारियों का चयन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर ने सभी विभागों के प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि 30 सितंबर तक हर हाल में प्रमोशन के लिए अधिकारियों का चयन कर लिया जाए। समय से प्रमोशन प्रक्रिया पूरी न होने से कामकाज पर असर पड़ता है। समय से कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।एक जुलाई से चयन वर्ष 2024-25 शुरू हो रहा है। इस संबंध में मुख्य सचिव ने कहा कि चयन की कार्यवाही समय से पूरी न होने पर बेवजह की देरी होती है। इस कारण शासकीय कार्यों और कर्मचारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। ऐसे में प्रमोशन से भरे जाने वाले खाली पदों के सापेक्ष चयन की कार्यवाही 30 सितंबर तक पूरी कर ली जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि विभागाध्यक्ष व इससे ठीक एक पंक्ति के नीचे के ऐसे पद, जिन्हें मुख्य सचिव की अध्यक्षता में चयन समिति का गठन करके कार्मिक विभाग को भेजा जाना है, उसके लिए चयन का प्रस्ताव 31 जुलाई तक हर हाल में कार्मिक विभाग को भेज दिया जाए। देर से प्रस्ताव भेजने वाले विभागों के प्रमुखों को स्पष्टीकरण देना होगा।वहीं ऐसे पद जिनके लिए अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर चयन किया जाना है या विभागाध्यक्षों के स्तर से चयन किया जाना हो, उनकी कार्यवाही 30 सितंबर तक पूरी कर ली जाए। अगर पिछले वर्षों में प्रमोशन के लिए चयन न हुआ हो और विभाग में खाली पद हों तो ऐसे मामलों का विवरण जून के दूसरे हफ्ते में कार्मिक विभाग को भेजना होगा। शासन व विभागाध्यक्ष स्तर पर भी एक जुलाई को खाली होने वाले पदों के लिए जून के दूसरे हफ्ते में कार्मिक विभाग को विवरण भेजना होगा।

## रिक्त पदों को भरने के लिए ब्लूप्रिंट तैयार करे सरकार: युवा मंच

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में भाजपा की हार की बड़ी वजह बेरोज़गारी से त्रस्त युवाओं की नाराजगी मानी जा रही है। सीएम योगी के एक्स हैंडल पर पत्रक प्रेषित कर 6 लाख रिक्त पदों पर तत्काल पारदर्शी भर्ती का मुद्दा उठाया है। समीक्षा बैठक में रिक्त पदों को भरने संबंधी निर्देश पर युवा मंच ने कहा कि अब यह महज खानापूर्ति साबित न हो इसके लिए सरकार ब्लूप्रिंट तैयार करे। पत्र में टीजीटी-पीजीटी में 25 हजार रिक्त पदों को विज्ञापन में शामिल करने, एलटी व प्रवक्ता जीआईसी,बीईओ आर्हता प्रकरण हल कर विज्ञापन जारी करने, टीजीटी-पीजीटी में कंप्यूटर पदों को शामिल करने, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बीपीएड शिक्षकों के 46 हजार पदों पर नियमित भर्ती, तकनीकी संवर्ग में रिक्त पड़े एक लाख पदों पर भर्ती, प्राथमिक विद्यालयों में रिक्त पदों को तत्काल विज्ञापित करने, एलटी समेत अन्य भर्तियों में उम्र सीमा पर 5 साल की छूट, सभी चयन संस्थाओं में लंबित व प्रस्तावित भर्तियों हेतु कलैंडर जारी करने, शिक्षा माफियाओं पर अंकुश लगाने जैसे सवालों को हल करने की मांग की गई। युवा मंच पदाधिकारियों ने कहा कि विधानसभा में परिषदीय विद्यालयों में 1.26 लाख और अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में 25 हजार रिक्त पदों का डेटा प्रस्तुत करने के बावजूद इन पदों को भरा नहीं गया, यही हाल अन्य विभागों में रहा है। दर्जनों भर्तियां अधर में लटकी हुई हैं। तकरीबन हर भर्ती में पेपर लीक के गंभीर आरोप लगे लेकिन शिक्षा माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए आवश्यक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। युवाओं ने इन सवालों को प्रयागराज से लेकर लखनऊ तक उठाया, सोशल मीडिया कैंपेन चलाया। इन सवालों को हल करने के बजाय सरकार रोजगार सृजन और सरकारी नौकरी मुहैया कराने में अव्वल होने का प्रोपेगैंडा करती रही, जबकि जमीनी हकीकत एकदम अलग है। इसी का खामियाजा चुनावों में भुगतना पड़ा है। सोशल मीडिया कैंपेन में युवा मंच संयोजक राजेश सचान, अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ई. राम बहादुर पटेल,एडवोकेट प्रदीप चौधरी, मनीष शर्मा, प्रगल्भ त्रिपाठी, सोनू त्रिपाठी, अचल बाजपेई, विनय कुमार मिश्रा, प्रभाकर सिंह परिहार, कीर्ति सिंह, विवेक बरनवाल, अमरेन्द्र राय, विनय द्विवेदी, विनीत यादव, अंकित साहू, अतुल वेदी, रोशनी, नवल किशोर, देवेन्द्र कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र शामिल रहे।


उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई-निविदा सूचना सं० | टीआरडी-3-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-24-2-कॉल | | |
| कार्य का नाम | ओएचई संशोधन कार्य के संबंध में: (i) अमेठी-लखनऊ खंड में एलसी गेट संख्या 122/सी, 145/सी, 152/सी, 159/सी, 172/सी, 182/सी और 188/सी के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध, (ii) राय बरेली-उतरेटिया खंड में एलसी गेट संख्या 175/बी (किमी 1025.059) के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध। | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,15,82,983.83 | बयाना राशि | ₹2,07,900/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | | |
| निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 01.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। | | |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है। | | |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25kVAC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। | | |

नोट: इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी-3-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-24-2-कॉल

दिनांक 04.06.2024 1695/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले को लेकर पीड़ित अभ्यर्थियों ने की बैठक, बनाई रणनीति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शिक्षक भर्ती में आरक्षण घोटाले को लेकर पीड़ित अच्यर्थियों ने जीपीओ पार्क में बैठक कर रणनीति तैयार की।पिछड़ा दलित संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कश्यप एवं प्रदेश संरक्षक भास्कर सिंह ने कहा कि 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में 19000 सीटों पर आरक्षण का घोटाला हुआ है तथा आरक्षण पीड़ित अच्यर्थी पिछले 4 साल से योगी सरकार से इस भर्ती में न्याय मांग रहे हैं लेकिन आज तक न्याय नहीं दिया गया और हर बार कह दिया जाता है कि मामला कोर्ट में है जबकि सरकार ने इस भर्ती में आरक्षण का घोटाला किया है और सरकार को इस भर्ती में आरक्षण पीड़ित अच्यर्थियों के लिए न्याय देना है यदि सरकार ने कोर्ट में न्याय देने के लिए उचित पैरवी नहीं की होगी और कोर्ट से आरक्षण पीड़ित अच्यर्थियों के विपरीत ऑर्डर आता है तो ऐसी स्थिति में आरक्षण पीड़ित अच्यर्थी सुप्रीम कोर्ट का रुख तय करेंगे तथा बहुत ही जल्द लखनऊ में भी धरना प्रदर्शन किया जाएगा । योगी सरकार लगातार इस भर्ती में आरक्षण घोटाले में लिफ्त अधिकारियों को बचा रही है तथा उनका प्रमोशन कर रही है जबकि इस भर्ती में बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 तथा आरक्षण नियमावली 1994 का उल्लंघन हुआ है और ओबीसी वर्ग को इस भर्ती में 27 फीसदी की जगह सिर्फ 3.86फीसदी प्रतिशत तथा एससी वर्ग को 21फीसदी की जगह सिर्फ 16.2 फीसदी ही आरक्षण दिया गया है जो नियम विरुद्ध है और इस प्रकार इस भर्ती की नियमावली का उल्लघन कर संविधान के नियमों की धज्जियां उड़ाकर संविधान का घोर उल्लंघन किया गया है । बैठक के बाद आरक्षण पीड़ित अच्यर्थियों ने पिछड़ा दलित संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , अमित शाह , राजनाथ सिंह तथा भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखा जिसमें आरक्षण पीड़ित अच्यर्थियों ने इस भर्ती मे न्याय देने की गुहार लगाई है। उच्च अधिकारियों को संरक्षण देकर उनका प्रमोशन करने तथा उनके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई न करने की बात भी कही गई ।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# मोदी ब्रांड की छवि पर जो आघात हुआ है, उससे देश ही नहीं दुनिया भी हैरान है

**एक खास बात यह है कि अब तक जितने देशों में चुनाव हुए हैं उनमें से ज्यादातर में सरकारें वापस सत्ता में नहीं लौटी हैं लेकिन मोदी दस साल राज करने के बाद भी तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में लौट आये हैं। भले उनकी सीटों की संख्या कम हो गयी है लेकिन काम करने के लिए उनके पास स्पष्ट जनादेश है। मोदी ने जब 2014 में भारत सरकार की कमान संभाली थी तबसे दुनिया के तमाम देशों के राष्ट्राध्यक्ष बदल चुके हैं लेकिन मोदी सत्ता में कायम हैं जिसका सीधा मतलब यही है कि जनता को उनके नेतृत्व और उनकी नीतियों में विश्वास है।**

*भारत की राष्ट्रीय राजनीति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पहला दशक काफी बड़े और कड़े फैसलों वाला रहा और उनके निर्णयों और नेतृत्व की धमक देश में ही नहीं पूरी दुनिया में रही जिसके चलते वह समूचे विश्व में सबसे लोकप्रिय राजनेता के रूप में उभरे। लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम उनके लिए आश्चर्य लेकर आये जब उनकी पार्टी भाजपा ने लोकसभा में अपना बहुमत खो दिया और सरकार बनाने के लिए दूसरे दलों पर निर्भर हो गयी। इन चुनाव परिणामों ने मोदी की अजेय रहने वाले नेता की छवि पर बहुत बड़ा असर डाला है जिसकी गूंज राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुनाई दे रही है। देखा जाये तो भारत में तो विपक्ष मोदी को राजनीतिक रूप से नुकसान पहुँचाना चाहता ही था साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी कई ऐसी शक्तियां थीं जोकि मोदी की ग्लोबल लीडर के रूप में पुख्ता होती छवि को नुकसान पहुँचाना चाहती थीं। कह सकते हैं कि भारत में विपक्ष को और विदेशों में भारत विरोधी शक्तियों को कहीं ना कहीं अपने मिशन में थोड़ी-बहुत कामयाबी मिल गयी है। लेकिन यह भी सत्य और एक तथ्य है कि मोदी की कार्यशैली मक्खन पर नहीं अपितु पत्थर पर लकीर खींचने की है इसलिए वह तीसरे कार्यकाल में अपने कामकाज से विरोधियों को तगड़ा जवाब अवश्य ही देंगे। चुनाव परिणाम यह भी दर्शाते हैं कि अबकी बार 400 पार के नारे की ही नहीं बल्कि मोदी है तो मुमकिन है और जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे जैसे नारों की भी हवा पूरी तरह निकल गयी है। चुनाव प्रचार की बात हो या भाजपा के संकल्प पत्र में किये गये वादों की, सब कुछ मोदी की गारंटी के ही इर्दगिर्द केंद्रित था इसलिए कहा जा सकता है कि मोदी ब्रांड की छवि पर सीधा असर पड़ा है। इसलिए अब समय आ गया है जब भाजपा को सिर्फ मोदी नाम के सहारे रहने की बजाय और भी पहलुओं पर काम करना पड़ेगा। जबसे मोदी केंद्र की राजनीति में आये हैं तबसे यही देखने को मिलता है कि पंचायत से लेकर संसद तक के चुनाव पर भाजपा सिर्फ मोदी नाम के सहारे ही रहती है। भाजपा ने चुनाव में मोदी की गारंटी के अलावा विकास भी और विरासत भी का नारा दिया था और करोड़ों लोगों के गरीबी रेखा से बाहर निकलने तथा भारत के सांस्कृतिक गौरव की बहाली की दिशा में उठाये गये कदमों का हवाला दिया था फिर भी वह स्पष्ट बहुमत से बहुत दूर रह गयी। दूसरी ओर, भाजपा की सीट घटने से सिर्फ पार्टी के ही नेता हैरान और परेशान नहीं हैं बल्कि कई विदेशी नेता भी इस बात से हैरान हैं कि दिन-रात अपने देश के लिए काम करते रहने वाले प्रधानमंत्री को चुनावों में जनता ने क्यों सजा दे दी है। आप दुनिया भर की समाचार वेबसाइटों को देखेंगे तो सभी ने मोदी की सीटें घटने पर हैरानी जताई है। इन चुनाव परिणामों ने मोदी के विदेशों में रुतबे को निश्चित रूप से प्रभावित किया है। दरअसल, जिस तरह का माहौल बनाया गया था उसमें ना तो देश में और ना ही दुनिया में किसी को इस तरह के चुनाव परिणामों की अपेक्षा थी। यही कारण है कि भाजपा तो अपने चुनावी प्रदर्शन पर मंथन कर ही रही है दुनिया के भी कई बड़े नेता भारत के चुनाव परिणामों को लेकर चर्चा कर रहे हैं और इसके कारणों की समीक्षा कर रहे हैं। हम आपको यह भी बता दें कि साल 2024 में दुनिया के अधिकांश देशों में चुनाव होने हैं। कई छोटे-बड़े देशों में जून महीने की शुरुआत तक चुनाव हो चुके हैं और अमेरिका सहित कई अन्य देशों में चुनाव इस साल के अंत से पहले होने हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

इधर आरटीआई के तहत आवेदकों की बाढ़ सी आ गई है। बहुत से लोग अनाप-शनाप सवाल भी पूछते रहते हैं। इसलिए यह सुनिश्चित करना होगा कि इस अधिकार का गलत इस्तेमाल न हो। इस बाबत बहुत सजग रहना होगा। एक बात और कि जो देश के साथ गद्दारी करे उसे सीधे मौत की सजा देने पर भी विचार किया जाना चाहिए। जरा सोचिए कि अग्रवाल को इस देश ने आईआईटी जैसे श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान में पढ़ने का मौका दिया। उसने आईआईट से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की। इसके बाद वह ब्रह्मोस एयरोस्पेस में इंजीनियर के तौर पर काम करने लगा। उसकी विशेषज्ञता की वजह से उसे बहुत कम समय में ब्रह्मोस एयरोस्पेस में जरूरी पदों पर पदोन्नत किया गया।

# दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों को हो सीधे फांसी की सजा



आर.के. सिन्हा

**कुछ साल पहले इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में द्वितीय सचिव के रूप में पोस्टिंग के दौरान माधुरी को उर्दू पर अच्छी पकड़ होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया को मॉनिटर करने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद, जिसका कोड नाम जिम था, के द्वारा फंसा ली गई।**

लोकसभा चुनाव के नतीजों के कोलाहल में बीते दिनों पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले एक देश के दुश्मन को दी गई उम्र कैद की सजा की खबर लगभग दब सी गई। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व इंजीनियर निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप साबित होने पर आजीवन कारावास की सजा नागपुर जिला न्यायालय ने सुनाई। अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से जासूसी गतिविधियों के लिए आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया। आजीवन कारावास के साथ-साथ उन्हें 14 साल के कठोर कारावास और उन पर 3,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। देश के गद्दारों को इसी तरह की सख्त सजा मिलनी चाहिए , ताकि कोई मातृभूमि के साथ गद्दारी करने के बारे में सोचे भी नहीं। आपको याद होगा कि छह साल पहले 2018 में इस मामले ने पूरे देश में हलचल मचा दी थी । क्योंकि , यह ब्रह्मोस एयरोस्पेस से जुड़ा जासूसी का पहला मामला था। अग्रवाल दो फेसबुक अकाउंट नेहा शर्मा और पूजा रंजन के जरिए संदिग्ध पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों के संपर्क में था। इस्लामाबाद से चलाए जा रहे इन अकाउंट्स के बारे में माना जाता है कि इन्हें पाकिस्तान के खुफिया एजेंट चला रहे थे। ब्रह्मोस मिसाइल की जानकारी लीक करने के आरोप में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र एटीएस और मिलिट्री इंटेलिजेंस ने अग्रवाल को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसियों ने दावा किया कि उसके कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की गई और पाया गया कि संवेदनशील डेटा ट्रांसफर किया गया था। यह कौन नहीं जानता कि हमारे यहां सेना की जासूसी करने वाले जयचंद और मीर जाफर भी जगह-जगह मौजूद हैं। इनमें सेना के अंदर ही छुपे कुछ गद्दारों, सरकारी अफसरों से लेकर तथाकथित पत्रकार आदि भी बहुरूपिये शामिल हैं, जो दिखते कुछ और हैं और करते कुछ और हैं। ये आरटीआई के माध्यम से धीरे-धीरे सूचनाएं निकालने की जुगाड़ में लगे रहते हैं। इन्हें अपने आकाओं से मोटा पैसा जो मिलता है। इसलिए ये अपनी मातृभूमि का भी सौदा करने से पीछे नहीं हटते। इनका जमीर मर चुका है। दरअसल सूचना के अधिकार ( आरटीआई ) की आड़ में भारतीय सेना की तैयारियों को लेकर कुछ देश विरोधी ताकतें सूचनाएं निकालने की फिराक में रहते हैं।



**राजीव शर्मा के बारे में यह पता चला था कि वह आरटीआई से जानकारियां निकाल कर चीन को सप्लाई करता था। उसे 'ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट' (ओएसएस) के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसने सेना से जुड़े कई राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सूचनाओं वाले दस्तावेज चीन को दिए थे।**

यह ही तत्व सेना से संबंधित जानकारियां सूचना के अधिकार ( आरटीआई ) के तहत मांगते हैं। यह सवाल इसलिए अहम हो जाता है , क्योंकि इधर देखने में आ रहा है कि कुछ तत्व सेना की अति संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण जानकारियों को हासिल करने में भी अनावश्यक दिलचस्पी लेने लगे हैं। केन्द्रीय कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक 28 अप्रैल, 2022 को हुई थी जिसमें इस बात पर गंभीर चिंता जताई गई थी कि आरटीआई के नाम पर सेना की अहम जानकारियां मांगी जा रही हैं। यह बैठक सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवणे के रिटायर होने से दो दिन पहले ही हुई थी। देश के नागरिकों को आरटीआई कानून के तहत सूचना पाने के अधिकारों की सीमाएं भी हैं। सूचना अधिकार के द्वारा राष्ट्र अपने नागरिकों को, अपने कार्य को और शासन प्रणाली को सार्वजनिक करता है। लोकतंत्र में देश की जनता अपनी चुनी हुए व्यक्ति को शासन करने का अवसर प्रदान करती है और यह अपेक्षा करती है कि सरकार पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का पालन करेगी। लेकिन, आम जनता को यह अधिकार तो कतई नहीं दिया जा सकता कि वह देश की सुरक्षा और शत्रु का मुकाबला के लिए की जा रही तैयारियों की ही जानकारियां मांगने लगे। पाकिस्तान और चीन की तरफ से लगातार यह कोशिश बनी रहती है कि उन्हें हमारी रक्षा तैयारियों की जानकारी हासिल होती रहे। इसलिए यह दोनों देश हमारे नागरिकों को तरह - तरह के लालच देकर सूचनाएं लेते रहते हैं। अब माधुरी गुप्ता की कहानी जान लें। वह भारतीय विदेश सेवा की ÷ग्रुप बी÷ श्रेणी की अधिकारी थी। अपनी 27 वर्षों की लम्बी सेवा में माधुरी ने इराक, लाइबेरिया, मलेशिया, क्रोएशिया और पाकिस्तान में नौकरी की। उर्दू पर अच्छी पकड़ और सूफियाना मिजाज वाली माधुरी साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहती थी। खुले ख्यालों वाली माधुरी धूम्रपान, शराब-सेवन, गुटका खाने और पुरुष-मित्रों से सम्बन्ध बनाने के लिए खास तौर पर जानी जाती थी। कुछ साल पहले इस्लामाबाद-स्थित भारत के उच्चायोग में द्वितीय सचिव के रूप में पोस्टिंग के दौरान माधुरी को उर्दू पर अच्छी पकड़ होने के कारण पाकिस्तानी मीडिया को मॉनिटर करने का काम सौंपा गया था। पाकिस्तान में पोस्टिंग के बमुश्किल छह महीने बीतते-बीतते माधुरी जमशेद, जिसका कोड नाम जिम था, के द्वारा फंसा ली गई। भारत सरकार के अधिकारियों को जब आभास हुआ कि माधुरी शत्रु के जासूसी षड्यंत्र में फंस गई है तो पुष्टि के लिए उसके माध्यम से एक गलत सूचना जानबूझ कर भेजी गई। परिणामस्वरूप, खुफिया सूचनाओं को लीक करने का माधुरी के कारनामों का पक्का यकीन हो गया। भूटान में आयोजित होने वाले सार्क समिट की तैयारियों के बहाने माधुरी गुप्ता को भारत वापस बुलाया गया। 22 अप्रैल 2010 को वह वह ज्यों ही दिल्ली के हवाई अड्डे पर उतरी तो खुफिया एजेंसी के लोगों ने उसे अपनी पकड़ में ले लिया। पूछताछ से पता चला कि वह आईएसआई के दो जासूसों - मुन्नवर रजा राना और जमशेद उर्फ जिमी से सांठगांठ करके उन्हें खुफिया सूचनाएं सप्लाई करती थी। इन आरोपों के आधार पर 20 जुलाई 2010 को माधुरी को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया। 18 मई 2018 को दिल्ली के अतिरिक्त सेशंस जज सिद्धार्थ शर्मा ने जासूसी के लिए माधुरी को तीन वर्षों की सजा सुनाई। कुछ साल पहले ही चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में राजधानी के एक कथित वरिष्ठ पत्रकार राजीव शर्मा को पकड़ लिया गया था।

## एक्सप्रेस कविता

*जिंदगी में मेरी हमें बिखेर गया,*
*कर दिल के टुकड़े कई ढेर गया।*
*भावनाओं में बहकर मचलते रहे,*
*तमन्नाओं को सारी बिखेर गया।*
*आरजू करते रहे उससे चाहत की,*
*वो वायदों के बताशे बिखेर गया।*

*लौट कर फिर आएगा अगली शाम,*
*कहकर वो खूबसूरत एक शेर गया।*
*अपना था या अजनबी सा था वो,*
*देकर सपने वो सारे रंगीन ढेर गया।*
*मेरे अरमानों को खेल,किया बर्बाद,*
*अफसोस जिंदगी से मेरी बहुत देर गया।*
*जब था तो बहुत अपना था वो,*
*जब गया लगा जैसे कोई गैर गया।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*किसी देश की महानता और उसकी नैतिक उन्नति का अंदाजा हम वहां जानवरों के साथ होने वाले व्यवहार से लगा सकते हैं*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 16:49 तक |
| नक्षत्रः | मृगशीर्षा 19:45 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शुला, 20:05 |
| सूर्योदयः | 05:26 |
| सूर्यास्तः | 19:12 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 10:36-12:19 |
| विक्रमी संवत्ः | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | ज्येष्ठ |
| शुभ मुहूर्तः | 11:52-12:447 |

## जन एक्सप्रेस

**नई अब सरकार !**

*होगी गठन जल्द ।*
*नई अब सरकार ।।*
*व्यक्त कर दिया सबने ।*
*जनता का आभार ।।*
*सब अपनी रणनीति पर ।*
*कर रहे हैं काम ।।*
*ज़ोर है इस बात पर ।*
*उछले मेरा नाम ।।*
*है पनपी उम्मीद ।*
*दोनें हम सरकार ।।*
*हम किसी से कम नहीं ।*
*मिला हमें हथियार ।।*
*फूले नहीं समा रहे ।*
*नई किरण है आई ।।*
*नज़रें सबकी है टिकी ।*
*मिले हमें मलाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# गर्मी में बालों को फ्रेश और स्कैल्प को ठंडा रखने के लिए लगाएं 3 हेयर पैक, बालों की बदबू से मिलेगा छुटकारा



**गर्मी** की शुरुआत हो चुकी है। इस मौसम में स्किन के साथ बालों को भी विशेष देखभाल की जरूरत होती हैं। गर्मी, धूप, प्रदूषण और सूर्य की हानिकारण किरणों के कारण बाल काफी रूखे, बेजान और उनमें चमक भी काफी कम होती हैं। पसीने के कारण बालों में काफी ज्यादा स्मैल होने के साथ ऑयली बालों की समस्या भी कई गुना बढ़ जाती हैं। ऐसे में गर्मी में बालों को फ्रेश रखने के लिए कई तरह के हेयर पैक लगाएं जा सकते हैं। ये हेयर पैक लंबे समय तक बालों को फ्रेश रखते हैं और बालों को रूखे, बेजान होने से भी बचाते हैं। इन पैक को लगाने से बाल चमकदार बनते है और लंबे समय तक हेल्दी भी रहते हैं।

**केला और शहद का हेयर मास्क बनाने का तरीकाः** केला और शहद का हेयर मास्क बनाने के लिए सभी चीजों को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अब इस पेस्ट को बालों पर 20 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद बालों को हर्बल शैंपू से साफ करके अच्छे से वॉश करें। ये पैक बालों को चमकदार बनाने के साथ स्कैल्प को पोषण देता हैं।

**मेथी दाना और दही का हेयर मास्क बनाने का तरीकाः** मेथी दाना और दही का हेयर मास्क बनाने के लिए मेथी दाना को रात भर के लिए 1 गिलास पानी में भिगोकर रखें। सुबह उठकर मेथी दाना और दही को मिलाकर ब्लेंडर में पीस लें। उसके बाद इस मिश्रण को बालों पर 20 मिनट के लिए लगा के रखें। ये हेयर पैक डैंड्रफ को कम करने के साथ खुजली से राहत देगा और बालों को मुलायम बनाएगा।

**एलोवेरा और दही का हेयर मास्क बनाने का तरीकाः** एलोवेरा और दही का हेयर मास्क बनाने के लिए दोनों चीजों को अच्छे से मिलाकर पेस्ट तैयार करें। फिर इस पैक को बालों पर 30 मिनट के लिए लगा के रखें। उसके बाद बालों को पानी से वॉश करें। ये पैक बालों को शाइनी बनाने के साथ ड्रैंडफ कम करेगा और पसीने की बदबू दूर करने में मदद करेगा।

## एक्सप्रेस विशेष

# भाजपा को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से क्या फर्क पड़ता है ?



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**2036 में ओलंपिक की मेजबानी भारत करे, इसके लिए तैयारियां होनी हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्वेस्टमेंट, मैन्युफैक्चरिंग, हाई वैल्यू सर्विसेज, स्टार्टअप और टूरिज्म और खेल के जरिये लाखों रोजगार देश में पैदा हों, इस पर काम होना है।**

**लोकसभा** चुनाव-2024 में जिस तरह का चुनावी परिणाम आया है, उसने अच्छे-अच्छे राजनीतिक विश्लेषकों को धूल चटा दी है, एनडीए नीत भाजपा की मोदी सरकार को 300 पार के सभी बड़े-बड़े दावे धरे रह गए और देश की जनता ने मजबूत विपक्ष देकर यह संदेश देने की कोशिश की है कि सहमति और विरोध का स्वर बराबर का हो, किंतु इसके साथ ही अनेक प्रश्न आज इस बार के चुनावों ने भारतीय राजनीति के लिए समीक्षा करने की दृष्टि से छोड़ दिए है । देश में नया नैरेटिव यह है कि किसी को भी भारत की जनता लोकतंत्र में इतना मजबूत नहीं देखना चाहती कि वह अन्य को छोटा समझने की मानसिकता रखे या उनके बारे में थोड़ा भी कमजोर सोच पाए, लेकिन इसके साथ जो बड़ा प्रश्न आज खड़ा हो गया है, वह है कमजोर सत्ता क्या एक सबल राष्ट्र के निर्माण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकती है ? यह आज सभी के सामने है कि कैसे जनता ने भाजपा को पूरी तरह अपने दम सत्ता बनाने से उसे रोक दिया है, किंतु यह सच पूरे भारत का फिर भी नहीं है। देश के कई राज्यों ने शत प्रतिशत भारतीय जनता पार्टी पर भरोसा जताया है। लोकसभा की 542 सीटों की काउंटिंग में दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल, मध्य प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है। देश की राजधानी से

**भारत को उच्च मूल्य सेवा केन्द्र बनाने के लिए, नए वैश्विक पूंजी केन्द्र, वैश्विक प्रौद्योगिकी केन्द्र और वैश्विक इंजीनियरिंग केन्द्र की स्थापना, भारत के प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, गगनयान को प्रक्षेपित करना तथा चंद्रमा पर एक अंतरिक्ष यात्री को उतारना, भगवान राम की विरासत को बढ़ावा देने के लिए एक वैश्विक आउटरीच कार्यक्रम शुरू करने जैसे अनेक संकल्प रखे गए।**

हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश तक भाजपा पर भारत की जनता मोहित है, लेकिन वहीं, एक सच यह भी है कि इस बार का जनादेश बीजेपी से ज्यादा एनडीए के लिए है। बड़ी बात यह है कि दस सालों में पहली बार ऐसा हुआ है कि एनडीए का आंकड़ा 300 भी पार नहीं कर पाया और बीजेपी भी बहुमत के 272 के आंकड़े को नहीं छू पाई है, इसलिए उसे अपने सहयोगियों के सहारे देश का शासन चलाना होगा। अब प्रश्न यह है कि क्या ऐसे में देश बड़े निर्णय कर पाएगा? सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम (सीएमपी) अपनाकर भारत कितना तेजी से आगे विकास करेगा, यह अब देखना होगा। क्योंकि अब तक पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भाजपा सरकार सख्त फैसले लेने के लिए स्वतंत्र थी, किंतु इस बार ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। पिछले 10 साल सबसे अधिक परिवर्तनकारी रहे हैं। अब तक भाजपा की मोदी सरकार एक ऐसी सरकार रही है जिसने दशकों पुरानी समस्याओं को हल करने में बड़ी कामयाबी हासिल की। अनुच्छेद 370 को हटाने, सेना के लिए वन रैंक वन पेंशन, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के पद का सृजन, अयोध्या, काशी जैसे धार्मिक क्षेत्र निर्माण, राम मंदिर पुनर्प्रतिष्ठा, मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक क्षेत्र में कई कड़े निर्णय, व्यवसाय के क्षेत्र में जीएसटी, इन्सॉल्वेन्सी एंड बैंकरप्सी कोड, नोटबंदी, काले धन के खिलाफ अभियान, क्रोनी कैपिटलिज्म, सरकारी ठेके में भ्रष्टाचार को खत्म करने विशेष कार्यक्रम, भारतीय उद्योग के लिए आत्मनिर्भर अभियान शुरू करना, नारी शक्ति वंदन कानून, अंतरिक्ष में भारत की ऊंची छलांग के लिए मजबूत कार्यक्रम, खेल सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए निर्णय, सहकारिता आंदोलन को समाज की अर्थव्यवस्था का प्रमुख हिस्सा बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय जैसे निर्णय मोदी सरकार के बड़े निर्णय रहे हैं। इसी तरह से मैन्युफैक्चरर्स के लिए पीएलआई कार्यक्रम ने भारतीय उद्योग को प्रगति के पथ पर अग्रसर किया है । आधार कार्यक्रम, डिरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफ़र (डीबीटी कार्यक्रम) और व्यापक स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम हों या विदेशी मामलों से जुड़े निर्णय हरेक मोर्चे पर अब तक मोदी सरकार दृढ़ता से खड़ी नजर आई है। पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर बेनकाब करने से लेकर चीन की आक्रामता का वास्तविक नियंत्रण रेखा पर दिया गया भारत का जवाब, ऐसे अनेक कार्य हैं जिन्हें आज भाजपा की मोदी सरकार को लेकर सफलता के साथ गिनाया जा सकता है और इन्हीं का यह परिणाम भी है कि भारत दुनिया की वर्तमान में तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है। किंतु संदेह अब नया है और यह होना स्वभाविक भी है, क्योंकि अब तक तो भाजपा पिछले दो बार से अपने दम सत्ता के लिए आवश्यक नंबर लेकर आ रही थी, वह इस बार अपना स्वयं का बहुमत का आंकड़ा नहीं छू पाई है। जिसके चलते अब सामूहिक नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) का नया साझा प्रोग्राम देश पर लागू होगा और इस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में कुल 41 दल शामिल हैं। विषय यह है कि क्या इन सभी के मन की बात को रखते हुए भाजपा ञ्च मोदी-03 सरकार अपने स्तर पर स्वतंत्र निर्णय ले पाएगी? जिसमें कि सरकार ने 70 साल की उम्र से ऊपर के किसी भी वर्ग के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर, गरीबों को मुफ्त राशन 2029 तक देने की गारंटी तो है ही।

# बहू के आतंक से दुखी पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार, बहू का जारी अत्याचार



जन एक्सप्रेस | सुनहरा

- तीन तलाक़ देने के झूठे आरोप में फंसा देंगें जेवर न देने का आरोप में फसा देंगे दहेज एक्ट में फसा देगे
- पीड़िता का कहना है महिला होने का नाजायज़ फायदा रही है बहू बात बात पर जेल की हवा खिलाने की धमकी देना

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री को दिए शिकायती में ग्राम व पोस्ट परसेहरा मदारपुर चौकी कस्ता कोतवाली मितौली जनपद लखीमपुर खीरी की रहने वाली पीड़िता नूरजहां पत्नी चांद बाबू ने बताया 5- नवम्बर-2020 को अपने बड़े पुत्र अली मोहम्मद का विवाह कस्बा अमीरनगर चौकी अमीरनगर व कोतवाली मोहम्मदी जनपद खीरी के रहने वाले स्वर्गीय इश्तियाक अली की पुत्री मंतशा से किया था बहू मोबाइल पर किसी लड़के से बात करती थी जो विवाद का कारण बना मोबाइल छीनने पर बहु द्वारा तांडव मचा देती है। मोबाइल से बात करने को लेकर आए दिन वाद विवाद होता बीच बचाव करने पर बहूं उल्टे दहेज केस में फसा देने दूसरे पुत्र को गलत नजर रखने आदि बातों को लेकर पूरे घर को जेल की हवा खिलाने की धमकी देती थी बहू के अत्याचार से तंग आकर पीड़िता ने शादी के 6 माह बाद 23- अप्रैल -2021 गांव के प्रधान व संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में खेती का हिस्सा और घर से 100 मीटर की दूरी पर बना मकान दे बंटवारा कर दिया पुत्र और बहु से पीड़िता का न कोई वास्ता न कोई सरोकार रहा उसके बाद भी बहू और पुत्र में वाद विवाद होता रहा समझाने पर बहू द्वारा गंदी गंदी गालियां देना पुत्र नजर मोहम्मद के समझाने पर उसे उल्टा सीधा कहना बहू की दो साल की पुत्री है। 26- अक्टूबर-2023 को बहू अपने बड़े अब्बा के पुत्र शादाब अली की शादी में जेवर रूपए कपड़ा लेकर पुत्र के साथ गयी पुत्र वापस आ गया बहू नहीं आई 8 माह हो गये अनेकों बार पीड़िता का पुत्र पति गाव के संभ्रांत व्यक्तियों को लेकर गये परंतु बहू नहीं आ रही उसका कहना है की उसके साथ ससुराल में रहे पुत्र ने कहा की ससुराल में नहीं रह सकते काम धंधा खेती बाड़ी कौन देखेगा उसके बाद बहू द्वारा झूठे शिकायती पत्र दिए जाते पुत्र पर यह आरोप लगाती है की झूठ कहेंगे तू शादी कर रहा तीन तलाक़ की धमकी दे रहा तरह-तरह के षड्यंत्र रच रही अमीरनगर चौकी जाने पर पुलिस द्वारा बहू को बुलाया जाता तो आती नहीं सिर्फ मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए ऐसा किया जा रहा।पीड़िता ने पुत्र से कहा पोती है अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद न करो ससुराल में रहो इस पर पीड़िता के पुत्र ने बताया की अम्मी वहां रहना ठीक नहीं वह जिस लड़के से बात करती है।उससे फ़ोन पर कह रही थी कि मुझे बात करने मिलने से किसी ने रोका तो उसे जान से मारवा देंगे चाहे मेरा पति क्यों न हो उसी के भड़काने पर नहीं आती ज्यादा कुछ कहने पर पूरे परिवार को फंसाने की बात कहती बहू द्वारा अपने परिवार का आतंक दिखाना भाई फौज में कह धमकाना पीड़िता मानसिक व शारीरिक रूप से टूट चुकी है पूरा परिवार तनाव में रहता है पोती को देखने नहीं दिया जाता हर तरह से प्रताड़ित किया जाता है जों के न्याय हित में नहीं। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और बहू के आतंक से छुटकारा दिलाया जाए।पीड़िता का कहना है की मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो बहूं की सारी कली खुलकर सामने आ जाएगी पीड़िता के आप पास के लोगों से जानकारी ली जाए बहूं के आसपास रहने वाले लोगों से बहू के बारे में जानकारी ली जाए वह क्यों नहीं जा रही दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# पत्रकारों से पुन: मिलीं तो बहुत बुरी हालत करेंगे महिला सिपाही कमलेश

- वाह रे वाह योगी सरकार महिला सिपाही रेप पीड़ित महिला पर कर रही अत्याचार

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

महिलाओं पर अत्याचार आए दिन हुआ करते हैं शादी के बाद मायके वालों का साथ न मिलना शादी कर दिया ठेका नहीं लिया ससुराल में प्रताड़ित हो जुल्म का शिकार हो मायके में सहयोग न मिले पुलिस भी एफआईआर दर्ज करने में दौड़ाएं मामला जब पत्रकारों के पास पहुंचे तो पीड़ित महिला को न्याय मिले तो पत्रकार पुलिस की आंखों की किरकिरी बन जाते हैं पत्रकारों से चिढ़ जाती है पुलिस करती है अत्याचार पीड़ित महिलाओं पर जिससे जिससे महिलाओं को आए दिन दो चार होना पड़ता है जिसका जीता जागता उदाहरण कोतवाली सदर के अंतर्गत महेवागंज चौकी क्षेत्र की पीड़िता जो अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का शिकार हुई जिसको ससुरालियों द्वारा प्रताड़ित किया गया।परिजनों द्वारा भी घर में रखने को नहीं राजी थे उक्त महिला को उल नदी में फेंकने का प्रयास भी परिजनों ने किया क्योंकि अश्लील वीडियो बनाने वाला अफसर काफी सातिर पुलिस में पैठ बनाने वाला यहां तक की महिला के परिजनों को भी अपने इशारे पर नचा रहा है।

हर तरह से मजबूर पीड़िता का मामला जब मीडिया में हाईलाइट हुआ तब जाकर उसकी मु.अ.सं.0414/2024, धारा 376(2)(ठ), 314,506 में एफआईआर कोतवाली सदर में दर्ज हुई। भुखमरी की कगार पर पहुंची महिला दिनांक 27.05.2024 को पुलिस अधीक्षक खीरी से मिलने गई उसकी दयनीय स्थिति देखकर एसपी आफिस से उसको महिला अल्पावास केन्द्र भेजा गया जहां से उसका मेडिकल व 161,164 के बयान करा तो दिए गये लेकिन केन्द्र में ही प्रीती ठाकुर व कमलेश सिपाही महिला कोतवाली बहुत मारा कमलेश गालियां देते हुए कहा है अगर मीडिया के पास गई तो लखनऊ नारी निकेतन भेज देंगे और पीड़ित लड़की का भाई से मोबाइल छिनवाकर खूब मारना पीटना भाई को अपना नंबर दिया। अब सोचने वाली बात यह है कि यह महिला सिपाही पीड़ित महिला के पीछे क्यों पड़ी है। किसके इशारे यह काम कर रही है।पीड़ित महिला को प्रीती ठाकुर व महिला सिपाही कमलेश ने इतना धमकाया कि वह अपनी पीड़ा बताते हुए वह थर थर कांप रही है। बिल्कुल सही है

कि नारी की दुश्मन नारी ही होती है।इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका संदिग्ध है घटना महेवागंज चौकी की थी सेंटर से पीड़ित महिला को ससुराल लेकर जाया गया पुलिस वालों के सामने ससुराल वालों द्वारा गालियां दी गई।

# चार दिनों से अनशन पर बैठे हैं अधिवक्ता

- तहसील में चल रहा है आंदोलन

जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ गणेश कुमार के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने को लेकर और अधिवक्ता के ऊपर दर्ज मुकदमे को स्पंज कराए जाने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन चौथे दिन भी जारी है।अधिवक्ताओं डॉक्टर के खिलाफ हुंकार भरी है। कहा है जब तक दोषी डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं होती वह चुप बैठने वाले नहीं हैं।अधिवक्ताओं की मांग है कि अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव पर डॉ गणेश कुमार द्वारा दर्ज कराए मुकदमे को स्पंज करने और डॉ गणेश कुमार पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज किया जाए।इसी मांग को लेकर अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू कर दिया था जो चौथे दिन भी जारी है। बीती चार मई को तहसील परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रअधीक्षक डॉ.गणेश और अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव के बीच पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई थी। जिसमें पुलिस ने डॉ गणेश की तहरीर पर सरकारी दस्तावेज फाड़ने और मारपीट का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव पर मुकदमा दर्ज कर लिया था। हालांकि इस मामले में अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव द्वारा भी पुलिस को मामला दर्ज करने के लिए तहरीर दी गई थी। लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं हुआ था। जिसको लेकर अधिवक्ताओं द्वारा तहसील परिसर में बैठक कर विरोध प्रदर्शन भी किया गया था। उसी मामले को लेकर सोमवार को अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने डॉ गणेश द्वारा दर्ज कराए मुकदमे को स्पंज करने और डॉ गणेश पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग को लेकर तहसील परिसर में क्रमिक अनशन शुरू कर दिया।

# पान मसाला व तंबाकू को अलग-अलग दुकानों पर बिक्री करने पर रोक लगाने की मांग



जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी

पान मसाला व तंबाकू को अलग-अलग दुकानों पर बिक्री करने की सरकारी अधिसूचना पर रोक लगाए जाने को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के लखीमपुर खीरी जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह अजमानी, उमेश शुक्ला जिला महामंत्री ने डीएम कार्यलय पहुँचकर डीएम के माध्यम से उत्तर प्रदेश शासन को पत्र भेजा। उन्होंने उत्तर प्रदेश शासन से मांग की पान मसाला और तंबाकू की बिक्री पर या तो पूर्णता प्रतिबंध लगाया जाए नहीं तो इस विषय को संज्ञान में लेते हुए इसका त्वरित निरस्तीकरण किया जाए। उन्होंने बताया यह आदेश पूर्ण रूप से अव्यावहारिक है। क्योंकि पान मसाला और तंबाकू का व्यवसाय हर गली नुक्कड़ चौक चौराहों पर होता है जिससे अधिकतम गरीब वर्ग के व्यापार करके अपने पारिवारिजनों का भरण पोषण करते हैं। पान मसाला व तंबाकू के जो थोक निर्माता है वह तो पान मसाला के लिए अलग फैक्ट्री और तंबाकू के लिए अलग फैक्ट्री कर लेंगे।लेकिन जो फुटकर बेचने वाले दुकानदार हैं जिनकी संख्या केवल उत्तर प्रदेश में ही लाखों में है उनको पान मसाला के लिए अलग और तंबाकू के लिए अलग कर पाना असंभव है। इस नियम से छोटे दुकानदारों को अधिकारियों के उत्पीड़न का सामना करना पड़ेगा। जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलेगा।

# पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



जन एक्सप्रेस | हरदोई

**शाहाबाद।** पर्यावरण दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। ऐसे में इस सालका थीम है भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता। पर्यावरण दिवस 2024 के उपलक्ष्य में डी0 सी0 एम0 श्रीराम लिमिटेड शुगर यूनिट लोनी में पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पे कर्मचारियों व महिलाओं ने फाइकस, कचनार, बांस और टीकोमा के पौधे लागए। इस अवसर पे मानव संसाधन प्रमुख सुनीता पांडेय ने परिसर की महिलाओं को घरेलु कचरा प्रबंधन के बारे में कार्यशाला के माध्यम से जागरूक किया। यूनिट के अपर उपाध्यक्ष व इकाई प्रमुख ने कहा पेड़ पौधे हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, पृथ्वी को बचाना है तो अधिकाधिक पौधे लगें। मिल परिसर सिंगल यूज़ प्लास्टिक मुक्त प्रणाली की ओर अग्रसर है। परिसर को व आस पास के वातावरण को हरा भरा रखने के लिए प्रति वर्ष हजारो पौधे लगाए जाते हैं। इस मौके पर यूनिट हेड राजा श्रीवास्तव, दानिश शिल्मी, राहुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दबंगों ने किसान को पीट कर घायल किया

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेढ़मा के मजरा बधिया पुरवा में खेत से इंजन लेकर आ रहे एक किसान को गांव के ही दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेढ़मा के मजरा बधिया पुरवा निवासी जसवंत कुमार पुत्र नत्थू लाल ने बताया वह खेत से पंपिंग सेट लेकर घर आ रहा था। गांव में खड़ंजे पर बीच में चारपाई डालकर छोटेलाल उर्फ रामपाल, उसका पुत्र इंद्रसेन और भोले आदि बैठे थे। चारपाई रास्ते से हटाने को कहने पर विपक्षियों ने गाली गलौज किया और डंडों से उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसके चोटें काफी चोटें आई हैं।

### भाईयों के बीच लठैती, तीन घायल, चार पर रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम टुरमुकी में दो भाइयों में पुरानी राजिंश को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्र लेकर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना मझिला के ग्राम टुरमुकी निवासी फरमान पुत्र शब्बीर ने बताया वह अपने दरवाजे पर बैठा था, तभी उसका छोटा भाई शान मोहम्मद और उसकी पत्नी फैकशां पुरानी रंजिश के चलते उसे गाली गलौज करने लगे।गाली देने से मना करने पर दोनो ने उसे डंडे से पीट दिया। शोर सुनकर उसकी पत्नी शाहीन उसे बचाने आई तो विपक्षियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया, वहीं दूसरे पक्ष के शान मोहम्मद ने बताया उसके भाई फरमान और भाभी शाहीन ने उसे लाठियों से बुरी तरह पीट दिया।शोर सुनकर गांव वालों ने बीच बचाव कर उसे बचाया है।दोनो पक्षों ने थाने में घटना की लिखित सूचना दी है।थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया दो पक्षों में किसी बात को लेकर मारपीट हुई है। दोनों पक्षों के प्रार्थना पत्र के आधार पर चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया गया है।

### तीन बच्चों की मां प्रेमी साथ फरार

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली के एक मोहल्ले के युवक की पत्नी मायके से आते समय रास्ते में पति को चकमा देकर प्रेमी के साथ फुर्र हो गई। पति ने कोतवाली में घटना की सूचना दी है। कस्बे के मोहल्ला कटरा निवासी दीपू पुत्र राम अवतार ने बताया उसका विवाह बारह वर्ष पूर्व हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं। सबसे छोटा बच्चा एक वर्ष का है। उसकी पत्नी अपने मायके संडीला गई हुई थी। वह अपनी पत्नी को बच्चों सहित गुरुवार को संडीला से लेकर वापस आया। नगर के महुआटोला चुंगी पर उतरने के बाद उसकी पत्नी ने बच्चों को खिलाने के लिए बोला वह बच्चों को लेकर समोसा खिलाने ले गया। इस बीच मोहल्ले के पड़ोस के रहने वाले भोला पुत्र रामकुमार उर्फ हग्गू उसे बहला कर भगा ले गया। उसने बताया उसकी पत्नी मोबाइल पर उससे बात किया करती थी।उसे पूरा विश्वास है, भोला ही उसकी पत्नी को सबसे छोटे बच्चे के साथ भगा ले गया है। पीड़ित पति ने घटना की सूचना पुलिस को दी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

जन एक्सप्रेस । हरदोई। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 13 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है और इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक, धारा-138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम, वसूली, मोटर दुर्घटना, वैवाहिक, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रण, विद्युत एवंज बिल (अशमनीय वादों को छोड़कर), सिविल एवं राजस्व वादों का निस्तारण सुलह समझोते के तहत किया जायेगा।

### 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट हेतु 20 जून तक आवेदन करें

जन एक्सप्रेस । हरदोई। उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार ने अवगत कराया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद में बढ़ई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं मोची आदि ट्रेडों में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान करने हेतु विभागीय बेवसाइट ॒एउेउमण्नचण्हवअण्पद पर 20 जून 2024 तक ऑनलाइन आवदेन करें तथा अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग केन्द्र से सम्पर्क करें।

### कंपोजिट स्कूल के सामने भरा पानी, ग्रामीणों की बढ़ा रहा मुसीबतें

जन एक्सप्रेस । हरदोई। हरपालपुर। सांडी विकाज़ खण्ड की ग्राम पंचायत लमकन के कंपोजिट स्कूल के सामने कई दिनों से पानी भरा है। जिससे आने-जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है कई बार लोग इसमें गिरते गिरते बचे। लेकिन ग्राम प्रधान अभी भी नींद में है उन्हें स्कूल के सामने बड़ा पानी नजर नहीं आ रहा जिस कारण स्कूल के सामने भरे पानी की समस्या का निवारण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण काफी परेशानी ग्रामीणों का कहना है सफाई कर्मी आता ही नहीं है और पूरे गांव में यही समस्या बनी हुई है।

# महिलाओं ने रखा वट अमावस्या का व्रत, किया पूजन



जन एक्सप्रेस | गोला गोकरननाथ खीरी

**पालिकाध्यक्ष ने सभी वट वृक्षों के पास की समुचित व्यवस्था**

अखंड सौभाग्य का प्रतीक वट सावित्री व्रत के उपलक्ष्य पर नगर के सेठानी हाता, शिव मंदिर, माँ मंगला देवी मंदिर, फूलबाबा आश्रम, त्रिलोक गिरि मंदिर, हनुमान मंदिर, लखीमपुर रोड, दुर्गा मंदिर, सिनेमा चौराहा, नगर पालिका परिसर, गौशाला कुम्हारन टोला,कृष्णा वाटिका के सामने माताओं-बहनों ने अपने- अपने पति के दीर्घायु होने की कामनाओं के साथ पूजन किया। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी पूजन स्थलों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य पूर्व में ही करवाने के साथ साफ-सफाई एवं बैठने की व्यवस्था के साथ शीतल पेयजल तथा शर्बत की व्यवस्था की। स्वयं सभी स्थलों पर जाकर निरीक्षण कर कहा कि माताओं-बहनों को किसी प्रकार कोई कष्ट न हो ये मेरी जिम्मेदारी है।पालिका अध्यक्ष के इस कार्य को लेकर महिलाओं ने जमकर सराहना की।

नगर सहित तहसील क्षेत्र के सभी पशुओं और गांव में हिंदू सुहागिन महिलाओं ने बट सावित्री अमावस्या का व्रत रखा और पूजन किया।
इस अवसर पर महिलाओं ने बट वृक्ष के नीचे पहुंचकर उसके तने में कच्चे सूट को लपेटकर पूजा अर्चना की और पति के दीर्घायु की कामना के साथ के लिए खुशियों की कामना की

# डीएम ने की स्वयं सहायता समूह के गठन के सम्बन्ध में बैठक

जन एक्सप्रेस | हरदोई

विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला व ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई की टीमों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप स्वयं सहायता समूहों का गठन सुनिश्चित किया जाये। लक्ष्य के अनुरूप समूह गठन की ख़राब स्थिति को लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई।
उन्होंने कहा कि समूह गठन के लिए अभियान चलाया जाये। ख़राब प्रदर्शन करने वाले बीएमएम की जवाबदेही निर्धारित की जाये। ब्लॉक स्तर पर खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा समूह गठन की नियमित समीक्षा की जाये।
समन्वय के स्तर को बेहतर बनाया जाये। गठित स्वयं सहायता समूहों की सक्रियता सुनिश्चित की जाये।
इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, उपायुक्त मनरेगा रवि प्रकाश व सम्बंधित डीएमएम व बीएमएम आदि उपस्थित रहे।

# सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा वट सावित्री व्रत

जन एक्सप्रेस | हरदोई



वट सावित्री का व्रत प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि के दिन मनाया जाता है।समूचे उत्तर भारत में इस व्रत को बरगदाई भी कहा जाता है।इस दिन विवाहिता स्त्रियां अपने पति की दीर्घायु के लिए वट सावित्री का व्रत रखती हैं। एवं कच्चे सूत के धागे से वट वृक्ष की परिक्रमा कर परिवार की सुख शांति के लिए वट वृक्ष की पूजा व वट सावित्री की कथा का श्रवण करती हैं।
मान्यता के अनुसार सावित्री राजा अश्र्वपति की पुत्री थी। देवी सावित्री की कठिन तपस्या प्राप्त कर पुत्री रत्न के रूप में राजा को प्राप्ति हुई थी। इसीलिए उनका नाम सावित्री रखा गया सावित्री बहुत गुणवान व रूपवान थी। इसलिए इनके योग्य वर नहीं मिल रहा था। इसलिए उन्होंने अपनी कन्या को स्वयं वर तलाश करने के लिए भेज दिया वन में एक दिन सावित्री ने सत्यवान को देखा उनके गुणों के कारण मन ही मन उनका वरण कर लिया। सत्यवान साल्व देश के राजा धूम्तसेन के पुत्र थे।उनके राज्य को शत्रुओं द्वारा छीन लिया गया था। उनके माता-पिता भी अंधे हो गए थे। सत्यवान सावित्री के विवाह से पूर्व नारद मुनि ने सावित्री को बताया था। कि सत्यवान अल्पायु हैं अतः इनसे विवाह न करें। यह जानते हुए भी सावित्री ने सत्यवान से विवाह करने का निश्चय किया।
उन्होंने देवर्षि नारद से कहा भारतीय नारी जीवन में मात्र एक बार पति का वरण करती है। बारंबार नहीं और यदि उसके लिए मुझे मृत्यु से लड़ना पड़े तो मैं तैयार हूं।
उसकी मृत्यु का समय निकट आने पर मृत्यु से 3 दिन पूर्व सावित्री ने अन्न जल त्याग दिया। मृत्यु वाले दिन जंगल में जब सत्यवान लकड़ी काटने गया तो सावित्री उसके साथ गई यमराज सत्यवान के प्राण हरण करने के बाद जब चले तो सावित्री भी साथ चलने लगी। यमराज के बहुत समझाने पर भी वह वापस लौटने को तैयार नहीं हुई।आखिरकार यमराज ने सत्यवान के जीवन को छोड़कर अन्य कोई वर मांगने को कहा।
उस स्थिति में सावित्री ने अपने सास ससुर की आंखे और खोया हुआ राज्य मांग लिया।
किंतु वापस लौटना स्वीकार न किया उनकी अटल पतिभक्ति से प्रसन्न होकर यमराज ने पुनः वर मांगने को कहा तो उसने सत्यवान के पुत्र की मां बनने का बुद्धिमत्ता पूर्ण वर मांगा यमराज के तथास्तु कहते ही मृत्यु पाश से मुक्त होकर वट वृक्ष के नीचे पड़ा हुआ सत्यवान का शरीर जीवित हो
उठा तब से अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए इस व्रत की परंपरा आरंभ हो गई और व्रत में वट वृक्ष व यमदेव की पूजा का विधान बन गया।

# प्रधान संघ अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन देकर की भुगतान की मांग

जन एक्सप्रेस | हरदोई



**मल्लावां।** प्रधान संघ ब्लाक के अध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा ने खंड विकास अधिकारी को 10 सूत्री ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संबोधित दिया है। जिसमें उन्होंने मांग की ग्राम पंचायत के भुगतान हेतु गेटवे पोर्टल पंचायत सहायकों के फेस से खोलकर प्रधान व सचिव के फेस से खोलकर भुगतान किया जाए। ग्राम प्रधानों का मानदेय 5000 से बढ़ाकर 30,000 किया जाए। मनरेगा श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 237 रुपए की जगह 400 की जाए। मनरेगा मजदूरों का भुगतान 7 दिन के अंदर करना सुनिश्चित किया जाए। पिछले कार्यकाल से ग्राम पंचायत की 30त्न कटी हुई निधि ग्राम पंचायत को वापस की जाए। ग्राम पंचायत में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जों पर रोक लगाने के ग्राम पंचायत को अधिकार दिया जाए। जल जीवन मिशन में ग्राम पंचायत में खोदी गई सड़कों की मरम्मत के लिए धनराशि ग्राम पंचायत का आवंटित की जाए। मनरेगा अंतर्गत कराए गए कच्चे व पक्के सभी कार्यों के भुगतान प्रक्रिया को प्रधान व सचिव के डोंगल से ग्राम सचिवालय पर किया जाए। पत्र में सभी मांगों की मांग की है।

# ज्येष्ठ माह की अमावस्या को वट वृक्ष की महिलाओं ने की पूजा अर्चना

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



महमूदाबाद। सतयुग में ज्येष्ठ माह की अमावस्या को पतिव्रता सती सावित्री ने वट वृक्ष के नीचे पति का जीवनदान प्राप्त किया था। तभी से सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए सोलह श्रृंगार कर ज्येष्ठ माह की अमावस्या को वट वृक्ष की विधान पूर्वक पूजा करती आ रहीं हैं। गुरुवार को ज्येष्ठ अमावस्या होने पर सुबह से सुहागिनों की भीड़ वट वृक्षों के नीचे जुटी। महिलाओं ने दीप जलाकर वट वृक्ष की आरती कर तिलक करते हुए पकवान चढाकर तथा कच्चे सूत को तने पर लपेट कर सुहाग की अमरता की कामना की। वट सावित्री पूजा नगर के बन्नी परमहंस धाम, बरदही, पांडेयहाता मेंहदीपुर बाला जी, संकटा देवी मंदिर के अलावा क्षेत्र के सुंदौली, श्यामदासपुर, हाजीपुर, सदरपुर, बजेहरा, सरैंया सहित पूरे क्षेत्र में महिलाओं ने अखंड सौभाग्य के लिये उपवास कर वट सावित्री का त्योहार मनाया।

# 25 हजार का इनामी अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



पुलिस एसओजी व थाना सिधौली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना से संबंधित मुकदमें में प्रकाश में आये वाछिंत चल रहे थाना थानगांव के 25,000/- रूपये के इनामिया शातिर अंतर्जनपदीय अपराधी विजय कुमार पुत्र छेदीलाल नि. ग्राम लोनियनपुरवा बेदौरा थाना रेउसा सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिससे मौके से 1 तमंचा, 2 जिंदा व 2 खोखा (कुल 4 कारतूस) 315 बोर व एक मोटरसाइकिल बिना नंबर की तथा 29800/- रुपये नगद बरामद हुए है। अभियुक्त थाना थानगांव क्षेत्र में हुई चोरी के संबंध में पंजीकृत मुकदमे में काफी समय से वांछित चल रहा था, जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 25,000/- रू0 का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अच्यस्त किस्म का अंतर्जनपदीय अपराधी हैं, जिसके विरुद्ध पूर्व में जनपद सीतापुर सहित जनपद सीतापुर, रायबरेली में चोरी, नकबजनी, जैसे अपराधों में डेढ़ दर्जन से भी अधिक अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि इन लोगो का एक संगठित गिरोह है जो रैकी करके चोरी करते हैं और चोरी से मिले पैसो से अपना जीवन यापन करते हैं तथा अभियुक्त द्वारा थाना थानगांव, रेउसा व सिधौली में हुयी चोरी की घठना में संलिप्तता स्वीकार की गयी है जिसके संबंध में मुकदमें पंजीकृत है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। एसओजी व थाना सिधौली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा वहद ग्राम बाड़ी से लक्ष्मनपुर मुडाडीह जाने वाली सड़क पर गोशाला तिराहे के पास से मोटरसाइकिल से जा रहे संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया, तो उसके द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया जाने लगा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व गिरफ्तारी के उद्देश्य से की गयी कार्यवाही के दौरान अभियुक्त के बायें पैर में गोली लगी। अभियुक्त का नाम विजय कुमार पुत्र छेदीलाल नि.ग्राम लोनियनपुरवा बेदौरा थाना रेउसा सीतापुर ज्ञात हुआ, मौके से 1 तमंचा 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 खोखा कारतूस 315 बोर, 1 बिना नंबर की मोटरसाइकिल तथा 29800/- रुपये नगद बरामद हुए है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डीएम की अध्यक्षता में वृक्षारोपण हेतु बैठक 10 जून को

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** वर्ष 2024-25 वृक्षारोपण हेतु विभागवार लक्ष्य आवंटित करने, वृक्षारोपण हेतु स्थल चयन तथा आवंटित लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 10 जून को अपराह्न 5 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अनिवार्यता की गई है।

### खुरपका-मुंह पका रोग से बचाव को 15 जून से होगा टीकाकरण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** पशुओं को खुरपका-मुंह पका रोग से बचाव को 15 जून से विशेष टीकाकरण अभियान शुरू किया जायेगा। इस दौरान जिले के 4.79 लाख पशुओं को टीका लगाया जायेगा। इसके लिए पशु पालन विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दिया गया है। गर्मी और बरसात के सीजन में पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोग अधिक होता है। इसमें पशुओं के पैर का खुर व मुंह पक जाता है। इससे पशुओं को खाने व चलने में दिक्कत होती है। इसका समय से इलाज नहीं होने पर यह घाव तेजी से पड़ता है और घाव वाले स्थान में कीड़े पड़ जाते हैं।

### डिपो को मिली चार नई बसें, पिंडी-कानपुर रूट पर होगा संचालन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मो. इरफान ने बताया कि डिपो को चार नई बसें मिली हैं। इन बसों को मिलाकर देवरिया डिपो के पास निगम की कुल 73 बसें हो गई हैं। यह बेड़े में शामिल भी हो गई हैं। इन्हें पिंडी-कानपुर व पडरौना-कानपुर रूट पर चलाया जाएगा। नई बसों के आने से इधर के यात्रियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

### कूड़ा फेकने को लेकर हुआ विवाद, चले लाठी डंडे

**जन एक्सप्रेस/भटनी देवरिया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कूड़ा फेंकने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया और जमकर चले लाठी डंडे आपको बता दे की भटनी थाना क्षेत्र के खोरीबारी रामपुर चौराहे के समीप कूड़ा फेंकने पर दो पक्ष आपस में भीड़ गए और जम कर हुई मारपीट। घायलो का भटनी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज चल रहा है आप को बतादे बनारसी गोड खोरीबारी रामपुर भटनी देवरिया के निवासी हैं, जिनके जमीन में कूड़ा फेकने को लेकर विवाद हुआ और खूब लाठी डंडे चले है,मारपीट की वीडियो सोशल वायरल हो रहा है।

### बी0एड0-2024 की प्रवेश परीक्षा संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज होगी बैठक

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0-2024 की प्रवेश परीक्षा 09 जून 2024 को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा जनपद में निर्धारित 15 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होनी है। उक्त परीक्षा को सुचारू, शुचितापूर्ण, नकलविहीन एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समस्त केन्द्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट / केन्द्र प्रतिनिधि, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की एक आवश्यक बैठक दिनांक 07 जून को सांय 05 :30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है। कृपया उक्त बैठक में ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# चर्चित संदीप आर्या हत्याकांड का पुलिस ने किया पर्दाफाश

*** चार पहिया वाहन व मय आलाकत्ल के साथ 5 अभियुक्त गिरफ्तार**

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जिले के तरयासूजान थाना क्षेत्र में चर्चित संदीप हत्या काण्ड का पर्दाफाश पुलिस द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को प्रभारी निरीक्षक तरयासुजान आशुतोष कुमार सिंह मय थाना तरयासुजान पुलिस टीम द्वारा सुमही बुजुर्ग उर्फ मेंहदिया तिराहे के पास से मु0अ0सं0 176/2024 धारा-147,148, 149, 302, 34, 404 भाद0वि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट में वांछित फरार चल रहे 5 अभियुक्तों रितेश आर्य पुत्र शम्भू पासवान निवासी ग्राम सुमही संग्राम थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, शमशेर आलम पुत्र सद्दीक आलम निवासी ग्राम सुमही सन्त पट्टी, असगर अली पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम सुमही सन्त पट्टी, अरविन्द पासवान उर्फ हरबीर पुत्र सरेन्द्र पासवान, गफ्फार पुत्र उस्मान निवासी ग्राम सुमही सन्त पट्टी थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर मौके व कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक अदद चार पहिया वाहन (अर्टिगा), आला कत्ल एक अदद पिस्टल .32 बोर, एक फायर शुदा खोखा कारतुस व 7 अदद जिन्दा कारतुस, मोबाईल फोन भिन्न-भिन्न कम्पनी के 4 अदद की बरामदगी की गयी। उक्त अभियुक्तों पर निम्नलिखित धारा मु.अ.सं. 176/2024 धारा-147,148, 149, 302,34,404 भा .द.वि.व 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत था। गौरतलब हो कि संदीप आर्या का संबंध महाकाल गैंग से जुड़ा हुआ था जिसको चार पहिया वाहन सवार युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह थाना तरया सुजान, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पन्त थाना साइबर सेल, अपराध निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी स्वाट आलोक यादव मय टीम व उ.नि श्यामलाल निषाद, उ.नि प्रभात यादव, उ. नि. अमित सिंह, हे. का विजय चौधरी थाना साइबर सेल, का अखिलेश गुप्ता, का. प्रशान्त मिश्रा थाना साइबर सेल का. श्रीकृष्ण मौर्य का. अवनीश सिंह का. मनोज कुमार थाना तरया सुजान शामिल रहे।

### शादी अनुदान योजना अंतर्गत लाभार्थियों के प्रति वर्ष आय में किया गया संशोधन

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अभय पाण्डेय ने अवगत कराया है कि अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु अनुदान योजना के अन्तर्गत शासनादेश दिनांक 18.07.2018 के प्रस्तर-2 के बिन्दु संख्या-1 के उपबिन्दु में आवेदक की आय गरीबी सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए अर्थात शहरी क्षेत्र में रू0 56460/- प्रतिवर्ष एवं ग्रामीण क्षेत्र में रु0 46080/- प्रतिवर्ष से अधिक नही होगी, को शासनादेश पिछड़ा वर्ग कल्याण अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 15.03.2024 के द्वारा आवेदक की आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 1,00,000/- (रू0 एक लाख मात्र) प्रतिवर्ष अधिक नहीं होगी संशोधित किया गया है।

उक्त के क्रम में उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु संशोधित शासनादेश दिनांक 15.03.2024 के अनुसार अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजनान्तर्गत ऑनलाइन करने हेतु आय शहरी क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र में रू0 1,00,000/- (रू0 एक लाख मात्र) प्रतिवर्ष अधिक नहीं होगी।

## पट्टा शुदा जमीन दबंग कर रहे कब्जा, पीड़ित ने लगाई न्याय की गुहार



**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

प्रदेश की योगी सरकार जहां गरीबों को उनकी जमीनी हक दिलाने के लिए आए दिन दबंगों पर कठोर कार्यवाई कर रही है ताकि गरीबों की जमीन पर कोई दबंग कब्जा न करने की जूर्रत ना कर सके। वहीं प्रशासनिक जिम्मेदारों की मेहरबानी से जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण मुख्यमंत्री योगी के गृह जनपद गोरखपुर के गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बरहजपार माफी का है। जहां गांव के ही दबंग किस्म के लोग गया प्रसाद के पट्टा शुदा जमीन पर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर कब्जा कर रहे हैं। इस संबंध में पीड़ित गया प्रसाद ने हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस से खास बात चीत में बताया कि आराजी नंबर 190 पट्टा शुदा जमीन हम व हमारे पत्नी के नाम से कागजात है जिस पर हम लगभग 40 वर्षो से टीन सेट डालकर दाखिल काविज है ।पिडित ने बताया कि बीते चार दिन पहले गांव के कुछ दबंग व्यक्ति लगभग 40 की संख्या में गोल बंद होकर हमारे टीन सेड शौचालय व भूसा रखने की जगह को उखाड़ कर जबरन मकान के सामने अवैध तरीके से बालू गिट्टी ट्रैक्टर ट्राली लाकर अतिक्रमण किए हुए हैं।

## गांव के बीच आबादी में शराब कि दुकान खोले जाने के विरोध में ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



पडरौना नगर के जंगल बकुलहां (ब्रहमस्थान) में आबकारी विभाग द्वारा प्रस्तावित किए गए शराब कि दुकान को गांव के बीच आबादी में खोले जाने के विरोध में सभासद प्रतिनिधि सोनू राज कुशवाहा के नेतृत्व में काफी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने इसका भारी विरोध प्रदर्शन किया।

इसके पहले भी दुकान के विरोध में ग्रामीणों द्वारा भारी विरोध प्रदर्शन किया गया था। आबकारी विभाग द्वारा आबादी से दूर खोलने के आश्वासन पर धरना समाप्त कराया गया था।जिसके विपरित आज पुनः बीच आबादी में ही खोला जा रहा था जिससे नाराज ग्रामीण पुनः धरना प्रदर्शन पर बैठ गये। मौके पर पहुंचे आबकारी विभाग के अधिकारियों व कोतवाली प्रशासन को महिलाओं के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर वार्ड नं0-2 के सभासद प्रतिनिधि सोनू राज कुशवाहा ने आबकारी विभाग से अपनी समस्या बताते हुए कहा कि अगर जब तक यह दुकान यहां बीच आबादी से हटाकर दुसरे जगह नही खोला गया तब तक हम सभी धरना प्रदर्शन से नहीं हटेंगे। जिसके बाद मामले को खत्म कराने के लिए आबकारी विभाग द्वारा आबादी से दूर किनारे में दुकान को हटवाकर खोलवाया गया। उसके बाद ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन को खत्म किया। मौके पर मालती देवी (सभासद), लालमती, शकुंतला, प्रतिमा, उर्मिला, सुनीता, पानमती, मंजू, उमा, मीना, सुमित्रा, कुसमी, सोनमती, सुनैना, पूनम, रिंकू, पानमती, सुशीला, भोली, धर्मावती, गुड़िया, सागर राय, किशन कुशवाहा (छात्र नेता) प्रांजल यादव, विशाल, मुकेश गौतम, राजेन्द्र कुशवाहा व तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### महिलाओं ने रक्खा बट साबित्री का ब्रत, की पति की लम्बी आयु की कामना

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** वट सावित्री का व्रत गुरुवार को विधि विधान से मनाया गया। सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर पति की दीर्घायु की कामना की।शहर से लेकर गांव तक सुबह से ही वट वृक्ष के पास सुहागिनों की भीड़ जुटने लगी। महिलाओं ने विधि विधान से वृक्ष की पूजा की।वट सावित्री व्रत की कथा सुनकर पति की दीर्घायु की कामना की। जिले की हर जगह भाटपार, बनकटा भटनी सलेमपुर बरहज समेत सभी शहरों मोहल्लों में वट वृक्ष के सामने भीड़ रही। निर्जला रह कर महिलाओं ने बट वृक्ष की परिक्रमा किया। वट वृक्ष से पत्ते व ठूसा तोड़ पूजन-अर्चन किया। इस दौरान यहां मेला जैसा माहौल रहा। पूजन -अर्चन के बाद महिलाओं ने घर पहुंच कर पारण किया।

## नीट परीक्षा पास कर कैलाश नाथ चौधरी ने बढ़ाया क्षेत्र व जिले का मान

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जिले के कसया तहसील क्षेत्र के तुर्कवलिया के राजीव चौधरी उर्फ राजु भाई के होनहार पुत्र कैलाश नाथ चौधरी ने नीट परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन किया है। गुरुवार को नीट परीक्षा में सफलता हासिल किए बच्चे के घर भाजपा के टेकुआटार मण्डल अध्यक्ष बिनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में प्रबुद्धजन पहुंच कर सफल बच्चे को सम्मानित किया और उनका मुंह मीठा कराया साथ ही साथ बच्चे के पिता को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। क्षेत्र के तुरकवलिया निवासी राजीव सिंह उर्फ राजू के पुत्र कैलाश नाथ चौधरी ने 720/671 नम्बर हासिल कर नीट परीक्षा मे शानदार सफलता प्राप्त कर परिवार के साथ साथ क्षेत्र व कुशीनगर जिले का नाम रौशन किया है। कैलाश नाथ चौधरी ने बताया की प्रारंभिक शिक्षा से बारहवीं तक की पढ़ाई कुशीनगर से की है और नीट परीक्षा की तैयारी आनलाइन करके नीट परीक्षा परिणाम में सफलता हासिल किया है अपने सफलता का श्रेय अपने माता पिता के साथ गुरुजनो को दिया है।बताया की प्रत्येक दिन 7-8 घंटे पढ़कर पहले ही प्रयास में सफलता हासिल किया हैं, हासिल करने पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव दीनबंधु पांडेय जितेन्द्र सिंह ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय, संजय पांडेय, मनोज जायसवाल, अरूण कुमार जितेंद्र मिश्रा, बैजनाथ राव, प्रिंस राव कृष्ण मोहन, हेमंत मिश्रा, हरेंद्र यादव, डा. दीनानाथ ओझा, पूर्व ग्राम प्रधान आनंद मोहन, पेशकार गोड़, सोमनाथ तिवारी, ग्राम प्रधान सुभाष कान्दु आदि ने बच्चों को मुंह मीठा करा कर हर्ष व्यक्त करते इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां दी है।

## लाभार्थियों में टूलकिट्स का हुआ वितरण




**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

उद्योग विभाग उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत गुरुवार को गत वर्ष 2023-24 के प्रशिक्षित लाभार्थियों का जिनका प्रशिक्षण उद्यमिता विकास संस्थान लखनऊ के माध्यम से दिनांक 03.10.2023 से 30.10.2023 तक बैचवाइज कराया गया था। दर्जी, ट्रेड के दो बैच के लाभार्थियों को उनके ट्रेड से सम्बन्धित टूलकिटस् का वितरण उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र कुशीनगर अभय कुमार सुमन के द्वारा वितरित किया गया।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता के लागू होने के कारण उक्त टूलकिट्स का वितरण लोकसभा निर्वाचन की समाप्ति के उपरान्त किया जा रहा है।इस योजना के प्रशिक्षित लाभार्थियों को टूलकिट्स प्रदान किया गया है।

## मनरेगा मजदूरों की रोजी मार, जेसीबी से नाला खुदाई कर रहे हैं ग्राम प्रधान

**जन एक्सप्रेस ।**
**नौतनवा,महाराजगंज**

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना केवल कागज के पन्नों पर ही सिमट कर रह गई है जहां मजदूरों से काम कराने पर मजदूरों को रोजगार मिलता है वहीं दूसरी तरफ यंत्रों के प्रयोग से रोजगार सेवक और प्रधान का ही जेब भरता है। मामला नौतनवा ब्लाक के ग्राम सभा विसखोप का है जहां ग्राम सभा में नाली के खुदाई के नाम पर और मनरेगा में गरीब मजदूरों को रोजगार देने के नाम पर ग्राम पंचायत विषखोप में श्रीरामपुर में सेमरहवा पुलिया से बघेला तक नाला खुदाई कार्य का आईडी बनवाकर पहले जेसीबी से नाले की खुदाई करवाया गया फिर 10 से 15 मजदूरों को लगा कर 150 से ज्यादा मजदूरों की रोजगार सेवक के द्वारा फर्जी तरीके से ऑनलाइन हाजिरी लगाई जा रही है। ब्लॉक के अधिकारी जांच में जान सके कि यह कार्य जेसीबी से हुआ है इसीलिए मजदूरों को लगाकर निशान को मिटाया गया है लेकिन जेसीबी के द्वारा उठाई गई मिट्टी की चट्टानों से मालूम हो रहा है कि यह कार्य जेसीबी से ही किया गया है।



**जिम्मेदारों की मेहरबानी से मनरेगा मजदूरों की रोजी मार रहे प्रधान**

ग्रामीणों ने बताया कि यह कार्य जेसीबी के द्वारा ही कराया गया है। जेसीबी के निशान को मिटाने का कार्य मजदूरों से किया गया जब हमारे संवाददाता को मालूम हुआ कि इस ग्राम सभा में मजदूरों की बजाय जे सी बी से कार्य हुआ है तो कार्यस्थल पर हमारे संवाददाता पहुंचे और वहां के लोगों से पूछ ताछ की तो लोगों ने बताया कि दिन के उजाले में ही जेसीबी से नाले की खुदाई की गई है और इस खुदाई के दौरान कुछ मिट्टी नाले के बगल वाले चकरोड पर भी ले जाकर टैक्टर से गिराई गई है और बाद में फिर मजदूरों को लगाकर निशान को मिटाने का कार्य किया गया है। लोगो ने यह भी बताया कि जब जेसीबी से ही कार्य होगा तो लोगों को रोजगार कहां से मिलेगा जो कार्य मजदूरों से 10 दिन में संपन्न होना है वह कार्य यंत्रों से एक दिन में ही कार्य को संपन्न करा कर और कुछ मजदूर को लगाकर निशानों को मिटाने का कार्य किया जा रहा है। मनरेगा योजना से खिलवाड़ करने वाले ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक पर नौतनवा खंड विकास अधिकारी किस प्रकार की कार्रवाई करते है ये देखने की बात होगी।

### देवरिया डिपो में संविदा चालक के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आरम्भ

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक मो0 इरफान ने बताया है कि देवरिया डिपो में संविदा चालक के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आरम्भ हो गयी है, जिसमें देवरिया डिपो में कुल संविदा चालकों की वर्तमान में रिक्त जगह 47 है, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किये गए है। बसों की उपलब्धता के सापेक्ष सीटो की संख्या घटायी एवं बढ़ाई जा सकती है। 7 जून को खुखुंदू थाना चौराहा, 10 जून को राजकीय आईटीआई देवरिया, 14 जून को चेरो चौराहा, 18 जून को मईल चौराहा, 20 जून को भटनी नूरीगंज, 24 जून को तरकुलवा बंजरिया मोड तथा 28 जून को बघौचघाट में कैंप संविदा चालक की भर्ती हेतु कैम्प का आयोजन किया जाएगा। भर्ती हेतु भारी वाहन चलाने का 2 वर्ष पुराना चालक लाइसेंस, शैक्षिक प्रमाण पत्र आठवीं पास, आधार कार्ड, उम्र 23 वर्ष 6 माह से कम न हो, लंबाई 5 फुट 3 इंच से कम न हो, दो पासपोर्ट साइज फोटो भर्ती हेतु मानक निर्धारित किया गया है।

## जिले में आंधी तूफान व तेज वारिस से केला किसानों के की फसलों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, मातहतों को दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने गुरुवार को तहसील खड्डा के ग्राम बेलवनिया में तेज वर्षा के साथ आई आंधी और तूफान से हुए किसानों के खेतों में लगी बागवानी फसलों के अंतर्गत केले के फसल की क्षति का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों से संवाद कर फसलों की क्षति एवं नुकसान का भी जायजा लिया। जमींदोज हुई केले की तैयार फसल को देखकर अफसोस भी जताया। जिलाधिकारी ने एसडीएम खड्डा ऋषभ पुंडीर एवं जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार को निर्देशित किया कि तेज वर्षा, आंधी और तूफान से हुई बेलवनिया तथा आसपास के सभी गांव के सभी किसानों के बागवानी फसलों के अंतर्गत सिंचित क्षेत्रों में केले की फसलों की क्षति का सर्वे करा ले एवं शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप अनुमन्य सहायता धनराशि किसानों को त्वरित उपलब्ध कराए। अतिरिक्त टीमें लगाकर सर्वे कार्य त्वरित गति से संपन्न करें एवं क्षति का आकलन कर शीघ्र रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने सभी उपस्थित किसानों को आश्वस्त किया कि आपदा के अंतर्गत फसलों के हुए नुकसान की अनुमन्य सहायता धनराशि नियमानुसार शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी।

एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत केले की फसल को प्रदेश भर में और अधिक ख्याति भी दिलाई जाएगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खड्डा ऋषभ पुंडीर, जिला उद्यान अधिकारी कृष्ण कुमार, तहसीलदार खड्डा, क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण व ग्राम के किसान उपस्थित रहे।

## नेपाली कॉस्मेटिक, पेस्ट, शैंपू से भरा पड़ा भारतीय बाजार, पहचान पाना मुश्किल

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

बाजारों में मोटी कमाई के चक्कर में टूथपेस्ट के साथ फेस क्रीम आदि की तस्करी तेजी से हो रही है। बीते दिनों सुरक्षा एजेंसियों ने भारी मात्रा में कॉस्मेटिक बरामद किया था। टैक्स चोरी के साथ रेट में अंतर होने के कारण इसकी मांग भारतीय क्षेत्रों में अधिक रहती है। नेपाल निर्मित टूथपेस्ट और फेस क्रीम का धंधा हर माह करीब एक करोड़ रुपए से ज्यादा का हो रहा है। सीमावर्ती बाजारों के अलावा बड़े महानगरों तक धंधेबाज इसकी आपूर्ति कर रहे हैं। बताते चलें कि विगत सप्ताह नेपाल निर्मित पेस्ट और क्रीम कि बड़ी खेप एसएसबी और कोल्हुई पुलिस ने खनुआ क्षेत्र से बरामद किया था। सूत्रों के मुताबिक सीमावर्ती बाजार महाराजगंज, सिद्धार्थनगर के साथ ही गोरखपुर और बस्ती मंडल तक इसकी आपूर्ति की जा रही है। सीमावर्ती नगर नौतनवा कोल्हुई, निचलौल, ठूठीबारी और सिसवा बाजार इन दिनों तस्करी के सामानों का हब बन चुके हैं।



### गांव की पगडंडियों के रास्ते होती है तस्करी

नेपाल से सोनौली पगडंडियों के रास्ते रोजाना करोड़ों रुपये के कास्मेटिक उत्पाद तस्करी कर गोरखपुर बस्ती सहित देश के अन्य इलाकों में खपाए जा रहे हैं। इनमें टूथपेस्ट से लेकर शैंपू, पाउडर, सौंदर्य प्रसाधन के तमाम ब्रांड के क्रीम आदि शामिल हैं। हैरानी वाली बात तो यह है कि इन सामानों में नकली से लेकर असली भी शामिल हैं, लेकिन फर्क सिर्फ इतना है कि इन सामानों को नेपाल के रेट पर खरीदकर यहां भारतीय दाम में बेचा जा रहा है। रोजाना इस तस्करी के कारोबार से यहां के व्यापारी जहां मालामाल हो रहे हैं, वहीं ब्रांडेड कंपनियों से लेकर सरकार को रोजाना लाखों के राजस्व का नुकसान पहुंच रहा है। विभिन्न इलाकों में होलसेलर तस्करी के इन सामानों को खरीदकर गांव-देहात के ग्राहकों में खपा रहे हैं।

### दोगुने लाभ को लेकर होती है तस्करी

भारत की जगह नेपाली मूल्य अंकित अधिकांश नेपाल निर्मित सामान असली और ब्रांडेड ही है। इसपर लगातार कस्टम विभाग से लेकर एसएसबी और अन्य एजेंसियां कार्रवाई भी कर रही हैं। इस पर अंकुश लगने की बजाए तस्करी का यह धंधा लगातार बढ़ता जा रहा है। वजह यह है कि जिस टूथ पेस्ट की कीमत भारत में 40 रुपये है वही नेपाल में नेपाली 40 रुपये है। मुद्रा परिवर्तन के कारण एक पेस्ट में 15 रुपये की बचत हो रही है। अन्य सामान होलसेल में लेने में इसकी कीमत नेपाली 30 रुपये की हो जाती है। जिसकी भारतीय मुद्रा में 19.75 रुपये होता है। 40 रुपये एमआरपी होने के कारण बड़े ही आसानी से बाजारों में खप जाता है। बहुत ही ध्यान देने पर पता चलता है कि उक्त समान मेड इन नेपाल है। जिसे पहचान पाना बेहद मुश्किल है। नेपाल निर्मित सामानों को भारतीय बाजार में आसानी से खपाने की एक सबसे बड़ी खास वजह यह भी है कि इनकी पहचान करना बेहद मुश्किल है। क्योंकि यह सामान देखने में बिलकुल उसी तरह हैं, जैसा कि भारत में है। फर्क सिर्फ इतना है कि इनके सामानों की पैकिंग के पीछे काफी ध्यान से देखने पर पता चलेगा कि यह मेड इन नेपाल के हैं। हालांकि, तमाम ऐसी ब्रांडेड कंपनियां हैं जिन्होंने नेपाल में अपनी फैक्ट्री डाल रखी है। चूंकि नेपाल में इसकी एमआरपी बेहद कम है और भारतीय मुद्रा में इसकी कीमत और भी अधिक कम हो जाती है, इसका फायदा उठाते हुए तस्कर प्रतिदिन करोड़ों का माल बार्डर से आसानी से पार करा रहे हैं। तस्करी के सामानों के संबंध में पूछे जाने पर अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि बीते दिनों सुरक्षा कर्मियों की चौकसी के कारण तस्करी के सामानों की बरामदगी हुई थी। क्षेत्र में निगरानी तेज कर दी गई है। कहीं भी सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध वसूली करने वाले कथित नेता को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** क्षेत्र के जिया उर रहमान अपने आप को भाजपा के कर्मठ नेता बताते हैं और अक्सर हॉस्पिटलों की शिकायतों को लेकर सुर्खियों में बने रहते हैं। 3.6.2024 को जिया उर रहमान को एक हॉस्पिटल से अवैध वसूली के मामले में शिकायत दर्ज कराए जाने पर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा जिया उर रहमान के पास से वसूली किए गए रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं।सूचना के अनुसार जिया उर रहमान भाजपा के नाम पर लोगों को डरा धमका कर अवैध वसूली करते हैं और पार्टी के दूसरे नेताओं पर झूठे आरोप लगा कर उनकी छवि खराब कर अपनी राजनीति चमकाने का काम करते हैं। इस से पहले भी जिया उर रहमान के बारे में लोगों में समय समय पर अवैध वसूली और पार्टी के नाम पर ठगी करने को लेकर सुगबुगाहट बनी रहती थी पर किसी भी व्यक्ति ने सत्ताधारी पार्टी का नेता होने की वजह से शिकायत करने की हिम्मत नहीं दिखाई। लोगों से अपील करना चाहते हैं की राजनैतिक पार्टियों के ऐसे फर्ज़ी नेताओं से सावधान रहें और दबाव में आकर कोई काम ना करें।

# एबीवीपी के छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर का हुआ समापन






**जन एक्सप्रेस । आगरा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आगरा जिला द्वारा खेरागढ़ इकाई के बैनर तले महारानी लक्ष्मीबाई छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर का सात दिवसीय शिविर खेरागढ़ के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजन किया गया। जिसका समापन गुरुवार को राघव मैरिज होम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज सेवी बबिता पाठक, प्रक्षिशु उपनिरीक्षक रानू भाटी, विभाग सह छात्रा प्रमुख आरती गोस्वामी, निक्की सिंघल ने माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानंद के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित किया। बता दें सात दिन चले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के व्यक्तित्व विकास शिविर में 70 छात्राओं ने आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट व आत्मनिर्भर बनाने के लिए ब्यूटीशियन, नृत्य, मेहंदी, सिलाई व्यक्तित्व विकास के लिए इंग्लिश स्पीकिंग, योगा, भाषण का प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अतिथि बबिता पाठक ने कहा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छात्र-छात्राओं के हितों के लिए संघर्षरत है। वही पाठक ने कहा किसी भी समाज को सभ्य समाज का दर्जा तब तक नहीं प्राप्त होता, जब तक उस समाज में नारी का सशक्तिकरण न हो, जब तक उस समाज में नारी को समान अधिकार न हो। हर युग में भारत में ऐसे संतों का अवतरण हुआ, जिन्होंने प्रखरता के साथ नारी सशक्तिकरण की बात कही। इन्हीं में से एक कबीर दास भी थे, जिन्होंने कहा था कि ÷गये रोये हंसि खेलि के, हरत सबौं के प्राण कहै कबीर या घात को, समझै संत सुजान। इसका अर्थ यह है कि गाकर, रोकर, हंसकर या खेल कर नारी सब के प्राण हर लेती हैं। छात्रों को राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। रानू भाटी ने छात्राओं को मुसीबत के समय काम आने वाली वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्प लाइन नंबर 181, चिकित्सीय सहायता के लिए 108 तथा पुलिस सहायता के लिए 112 व चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में भी जानकारी दी। विभाग छात्रा प्रमुख आरती गोस्वामी ने कहा विद्यार्थी परिषद समाज के क्षेत्र में किसी ना किसी माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रवाद से जोड़ने का कार्य करती है। विद्यार्थी परिषद द्वारा छात्राओ के लिए किये गये कार्य मिशन साहसी और विद्यार्थी परिषद द्वारा किये गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनने के लिए कार्य किया। विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष छात्रा व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन करता आ रहा है। इस दौरान जिला प्रमुख मनीष तोमर, जिला संगठन मंत्री रजत जोशी, जिला संयोजक मोहित सिकरवार, योगेंद्र सिकरवार, नगर अध्यक्ष विवेक सिंह,नगर मंत्री देवांश सिंघल,पूर्व प्रान्त कार्यकारणी सदस्य सचिन गोयल, सतेंद्र भारद्वाज, संदीप कुशवाह, बृजेश राजपूत, अटल पाराशर, सुमित बंसल, मुकुल सिकरवार, आफरीन उपस्थित रहे।

# सही उपचार मिलने पर ठीक हो सकता है क्लब फुट

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



क्लबफुट उपचार के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अनुष्का फाउंडेशन ने जिला अस्पताल में गुरुवार को वर्ल्ड क्लबफूट डे मनाया । इस अवसर पर क्लबफुट के मरीजों का इलाज किया गया। सीएमएस डॉ. राजेंद्र कुमार अरोडा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने अनुष्का फाउंडेशन के कार्य को सरहनीय बताया और क्लबफुट के मरीजों का हाल चाल लिया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके दुबे ने क्लबफुट के 15 मरीजों का इलाज किया।

अनुष्का फाउंडेशन के राज कुमार राजावत ने बताया कि अनुष्का फाउंडेशन, एक गैर-लाभकारी संगठन जो भारत में क्लबफुट का इलाज करने के लिए प्रतिबद्ध है द्य अनुष्का फाउंडेशन राज्य सरकार और विभिन्न चिकित्सा कर्मचारियों के सहयोग से क्लबफुट से पीड़ित बच्चों को निशुल्क उपचार प्रदान कर रहा है। क्लबफुट एक जन्म जात विकृति है जो भारत में 800 नवजात शिशुओं में से एक को प्रभावित करता है। इलाज न किए जाने या अधूरा इलाज दिए जाने से बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं और उन्हें आजीवन विकलांगता का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, उचित उपचार से क्लबफुट का पूरी तरह से इलाज संभव है और आजीवन विकलांगता से आसानी से बचा जा सकता है। हालाँकि, क्लबफुट का इलाज किया जा सकता है, और इस तरह बाद में होने वाली विकलांगता को रोका जा सकता है, प्रभावित लोगों के जीवन को बदलने में मदद मिल सकती है।

उन्होनें ने बताया कि क्लबफुट के उपचार के लिए अनुष्का फाउंडेशन ने अपने क्लबफुट कार्यक्रम को लागू करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के साथ साझेदारी की। संगठन क्लबफुट और उनके उपचार कार्यक्रम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) योजना, आशा कार्यकर्ताओं, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य चिकित्सा कर्मचारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। ऐसा ही एक क्लिनिक उत्तर प्रदेश के आगरा जिला अस्पताल में स्थापित किया गया है। अनुष्का फाउंडेशन के राज कुमार राजावत ने बताया कि जिला अस्पताल में क्लब फुट के 295 चिन्हित किए गए थे उनमें से 245 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं।

उनके कार्यक्रम मॉडल में प्रमुख हस्तक्षेप बिंदुओं में से एक क्लबफुट उपचार की पोंसेटी पद्धति में आर्थोपेडिक डॉक्टरों और कास्टिंग तकनीशियनों के लिए आयोजित चिकित्सा प्रशिक्षण है। एक प्रशिक्षक द्वारा सहायक पर्यवेक्षण उन स्थानीय आर्थोपेडिक डॉक्टरों का मार्गदर्शन करता है जिन्होंने बुनियादी चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त किया है ताकि वे अपनी सीख को ताज़ा कर सकें और कास्टिंग और टेनोटॉमी में अपने कौशल में सुधार कर सकें।

मास्टर प्रशिक्षकों को क्लिनिक दिवस की अध्यक्षता करने के लिए आमंत्रित किया जाता है क्योंकि नए प्रशिक्षित डॉक्टर अपनी नियमित जांच करते हैं।

आरबीएसके के डीईआइसी मैनेजर रमाकान्त शर्मा ने बताया कि अनुष्का फाउंडेशन देश के हर जिले में क्लबफुट कार्यक्रम लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि हर बच्चे को इलाज तक पहुंच मिल सके। अनुष्का फाउंडेशन और सरकारी हितधारकों और भागीदारों के साथ हाथ मिलाकर, उनका लक्ष्य अपने कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक लागू करना और यह सुनिश्चित करना है कि क्लबफुट के साथ पैदा होने के कारण कोई भी बच्चा विकलांग न रहे। समारोह में अनुष्का फाउंडेशन के राज कुमार राजावत एवं अस्पताल के डॉ. सी.पी. वर्मा, डॉ शशि, डॉ. नितेश मौजूद रहे।

# पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रखा वट सावित्री व्रत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



वट सावित्री अमावस्या पर गुरुवार को कस्बे और देहात क्षेत्र में विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत किया। कस्बे के अभुआपुरा में महिलाएं पूजा की थाल लेकर बरगद के पेड़ के नीचे पहुंचीं और वटवृक्ष की पूजा अर्चना करते हुए जल, अक्षत, कुमकुम से पूजा अर्चना की। इसके बाद कच्चे धागे से वृक्ष के चारों और घूमते हुए सात बार परिक्रमा लगाते हुए महिलाओं द्वारा सावित्री की कथा सुनी गई। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार पीपल की तरह वटवृक्ष में भी मां लक्ष्मी का वास माना जाता है। कथा अनुसार जब यमराज सत्यवान के प्राण ले जाने लगे तो सावित्री भी उनके पीछे-पीछे चलने लगी थी उसकी पति के प्रति निष्ठा को देखकर यमराज ने आज ही के दिन वरदान मांगने को कहा जिस पर सावित्री ने एक वरदान में सौ पुत्रों की माता बनना मांगा और जब उन्हें वरदान दिया तो सावित्री ने कहा कि वह पतिव्रता स्त्री है और बिना पति के मां नहीं बन सकती इसका एहसास यमराज को हुआ और उन्हें लगा कि मेरे द्वारा दिए गए वरदान से मैं स्वयं गलती कर बैठा हूं और उन्होंने सत्यवान के प्राण को फिर से वापस उनके शरीर में वापस कर दिया। यमराज ने वटवृक्ष के नीचे ही सत्यवान के प्राण लौटाए थे और वरदान भी दिया था कि जो सुहागिनें वटवृक्ष की पूजा करेंगी, उन्हें अखंड सौभाग्यवती रहने का आशीर्वाद मिलेगा। महिलाओं में रामवती, उमा देवी, कमलेश उपाध्याय, शशि उपाध्याय, पूर्णिमा पाठक, अंजू, सरोज देवी, राधिका, दीक्षा आदि मौजूद थीं।

# एनडीए गठबंधन व रालोद के दो सांसद की जीत पर समर्थकों ने बांटी मिठाई



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

किरावली गुरुवार को एनडीए तथा रालोद के दो सांसद जीतने की खुशी में राष्ट्रीय लोकदल के समर्थकों ने कस्बा स्थित सब्जी मंडी में मिष्ठान वितरण किया। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम रालोद नेता चौधरी दिलीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। चौधरी दिलीप सिंह ने बताया कि एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत तथा रालोद के दो सांसद बिजनौर से चन्दन सिंह चौहान तथा बागपत से डा. राजकुमार सांगवान के जीतने की खुशी में बधाई देते हुए मिष्ठान वितरण किया गया है। इस मौके पर चौधरी दिलीप सिंह के साथ भूपेन्द्र सिंह इंदौलिया, गंगाराम माहौर, दाताराम लोधी पूर्व प्रधान, मुकेश सविता, बाबूलाल बाल्मीकि, अरमान कुरैशी, सुल्लड़ कुरैशी आदि दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## फ्रेंड्स क्लब व रसूलपुर टीम सेमी फाइनल में पहुंची

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बिल्ड फॉर सक्सेस डिग्री कालेज कराही में टूर्नामेंट में सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए । आज सुबह का पहला महा मुकाबला फ्रेंड्स क्लब बनाम विद्यापुर के बीच खेला गया जिसमें फ्रेंड्स क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 9 विकेट कोकर 82 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने उतरी विद्यापुर की टीम 10 ओवर में अपने सभी विकेट होकर मैच हार गई फैंस क्रिकेट क्लब से मैन ऑफद मैच रहे अरुण ने 3 ओवर में 12 रन देकर 4 विकेट झटके। आज का दूसरा महा मुकाबला रसलपुर बनाम महदऊ के बीच खेला गया जिसमें महदऊ पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 9 विकेट खोकर 67 रन बनाए लक्ष्य का पीछा करने आई रसूलपुर टीम ने 5.5 ओवर में 2 विकेट खोकर मैच जीत लिया रसलपुर से मैन ऑफद मैच रहे उमेश राजपूत ने 3 ओवर में 8 रन देकर 4 विकेट झटके।

# धूमधाम से निकली मां चामुंडा की शोभायात्रा

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



मां चामुंडा मंदिर बनिया पाड़ा से शोभा यात्रा निकाली गई। जिसका उद्घाटन महापौर प्रशांत सिंगल ने किया। इसमें मुख्य रूप से खाटू श्याम जी की झांकी, हनुमान जी की झांकी, गणेश जी की झांकी, दो बैंड, मां काली का स्वरूप, जिनकी घर-घर आरती उतारी गड़ी खप्पर भरा उधर बांके बिहारी जी की झांकी ने सभी का मन मोह लिया। मां चामुण्डा की शोभायात्रा बनिया पाड़ा से शुरु होकर कटरा, महावीर गंज, जवाहर चौराहा, सब्जी मंडी चौराहा, फर्श बूरा बाजार होते हुए वापस बनिया पाड़ा पर आई। जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कोल विधायक अनिल पाराशर, भाजपा महानगर अध्यक्ष इं. राजीव शर्मा, क्षेत्राधिकारी प्रथम अभय पांडे संरक्षक पूर्व महापौर शकुंतला भारती, सुमित कुमार सर्राफ, दीपू चावला, इंद्र कुमार तेल वाले, मंडल अध्यक्ष गौरी आर्य, भाजपा नेता अतुल राजाजी, अनुज कुमार सरफि, अनूप गुप्ता, मेला अध्यक्ष मुकेश सीमेंट, मेला मुख्य संयोजक जयप्रकाश हनुमान, सहसंयोजक पंकज कोहिनूर, मेला अनुशासन प्रभारी देवेश गुप्ता, मंदिर समिति से अध्यक्ष अरविंद कुमार सरफि, उपाध्यक्ष गोपाल गुप्ता, महामंत्री कैलाश चंद, लेख-जोखा अधिकारी पंकज एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अतुल सरफि, मंत्री संजय कुमार टीचर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी अंकुश राजाजी, सह मीडिया छायांक प्रभारी, मुख्य पुजारी रवि शर्मा आचार्य आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

## भाजपा प्रत्याशी की जीत में उपेंद्र सिंह की रही बड़ी भूमिका



**जन एक्सप्रेस/आगरा।** चुनाव से पहले कांग्रेस वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद छोड़कर भाजपा में शामिल हुए उपेंद्र सिंह ने फतेहपुर सीकरी में भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चहर को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस बार लोकसभा चुनाव में राजकुमार चाहर को आगरा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र से बढ़त मिली है। इसी सीट से उपेंद्र सिंह पूर्व में विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से राजकुमार कर को वोट देने के लिए चुनाव से पहले अपील की थी। लगभग आठ वर्ष तक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इंचार्ज रहे उपेंद्र सिंह को 25 फरवरी 24 को भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राजकुमार चाहर ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई थी। इसी दिन राहुल गांधी की आगरा में सभा थी। आगरा ग्रामीण से बहुत मजबूती से चुनाव लड़े और लगभग 40000 तक मतों को वह पहले प्राप्त कर चुके हैं, उपेंद्र सिंह कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पीएल पुनिया और राज बब्बर के करीबी माने जाते रहे हैं, पार्टी ग्रहण करने के साथ अपनी मजबूती दिखाते हुए सैकड़ो समर्थकों और बाह के पूर्व ब्लाक प्रमुख सतीश उपाध्याय सहित मजबूत लोगों को भाजपा से जोड़ा, बाद में शहर लोक सभा प्रत्याशी सांसद एसपी सिंह बघेल के लिए भी मजबूती प्रदान की और खंदोली के पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दर्शन सिंह सिकरवार को मतदान के 2 दिन पहले उनके दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। उपेंद्र सिंह 2014 में आगरा लोकसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी भी रह चुके हैं और राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में भी कार्य कर चुके हैं सर्व समाज के साथ साथ दलित समाज में अच्छी पैठ का लाभ आगरा की दोनों ही लोकसभा क्षेत्र पर भारतीय जनता पार्टी को मिला।

## जनहित मे सराहनीय कार्य की प्रशंसा एवं सराहना

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान, पुलिस कमिश्नरेट, आगरा दिनांक 06.06.24.को सभागार पुलिस लाइन आगरा मे मुख्य अतिथि श्री केशव कुमार चौधरी आई. पी. एस. अपर पुलिस आयुक्त आगरा व श्री सैयद अली अब्बास आई.पी.एस. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय पुलिस लाइन आगरा की अध्यक्षता मे मीटिंग आयोजित की गई। जिसमे रिटायर्ड CFO शिवदयाल शर्मा द्वारा स्कूल/कालेज के छात्र व छात्राओ, गैस गोदाम, पैट्रोल पम्प, हास्पीटल, होटल, विद्युत सव स्टेशन, फैक्ट्री, शोरूम फर्नीचर, कोल्ड स्टोरेज कर्मचारियों व NCC/सिविल डिफेंस के लगे कैम्पों मे छात्र व छात्राओ को व रिटायर्ड पुलिस कर्मचारीगणों को अग्नि शमन सुरक्षा के प्रति जागरूक करने एवं जनहित मे प्रशिक्षण प्रदान किए जाने पर पुलिस पेंशनर्स कल्याण संस्थान की ओर से रिटायर्ड CFO शिवदयाल शर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभागार पुलिस लाइन आगरा मे उपस्थित अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा पी. पी. एस. महासचिव रमेश बाबू यादव, योगेन्द्र प्रसाद गौतम रेंज संयोजक, विजय कपिल PPS संयोजक, कोषाध्यक्ष हरपाल सिंह Ret. DSP, विनोद कुमार सिंह आर आई पुलिस लाइन, सचिव प्रथम नरायन सिंह राना, राजपाल सिंह रिटायर्ड निरीक्षक इत्यादि सभागार पुलिस लाइन आगरा मे काफी संख्या मे उपस्थित रिटायर्ड पुलिस अधिकारी व पदाधिकारियों ने रिटायर्ड CFO द्वारा किये जा रहे जनहित मे सराहनीय कार्य की काफी प्रशंसा एवं सराहना करते हुए दीर्घजीवी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

## लूट को चोरी में दर्ज करने के मामले में निवाड़ी थानाध्यक्ष निलंबित

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** निवाड़ी क्षेत्र में नंगला मूसा में तीन जून को सतेंद्र कुमार के घर में घुसकर हुई लूट की घटना को चोरी में दर्ज करने के मामले में डीसीपी ग्रामीण ने थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह को बुधवार को निलंबित कर दिया है। मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों ने जांच करवाई, जिसमें आरोप सही मिले। डीसीपी देहात विवेक चंद यादव ने बताया कि आरोप था कि लूट के मामले में एसओ ने तहरीर बदलवाई और लूट की घटना को चोरी ने दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सतेंद्र कुमार के घर पर दो बदमाशों में आकर लूटपाट की थी। वह पांच मोबाइल फोन के साथ बुजुर्ग से कुंडल, एक महिला से मंगलसूत्र और अन्य सामान लेकर भाग गए थे। आरोप है कि इसके बाद एसओ ने सतेंद्र को थाने बुलाया और उनसे शिकायत को बदलवाने के बाद उसे चोरी में बदलकर दर्ज किया गया था।

## जीव विज्ञान में सर्वश्रेष्ठ शोध पर किरावली की छात्रा को मिला पुरस्कार

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बा निबासी शोध छात्रा श्वेता गर्ग ने पुणे स्थित आइसर (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफसाइंस एजुकेशन एंड रिसर्च) में बीएस एमएस (बेचलर ऑफसाइंस एंड मास्टर ऑफसाइंस) की डिग्री में 93 प्रतिशत के साथ कॉलेज टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। 29 मई को पुणे में संस्थान के ग्यारहवें दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि नीति आयोग सदस्य विजय सारस्वत ने छात्रा को जीव विज्ञान में सर्वश्रेष्ठ शोध पर श्वेता को जाइटेल पुरस्कार प्रदान किया। श्वेता गर्ग ने ड्रोसोफिला पर भ्रूणजनन में पेरोक्सीसोम की गतिशीलता और कार्य का अध्ययन करने पर काम किया। श्वेता ने शोध में पाया कि भ्रूण के ऑक्सीडेटिव वातावरण के आधार पर पेरोक्सीसोम की संख्या बदलती है। श्वेता का शोध भ्रूणजनन में ऑक्सीडेटिव तनाव की स्थिति को विनियमित करने में पेरोक्सीसोम के संभावित कार्य का वर्णन करता है। आगे पढ़ाई के बारे में पूछने पर श्वेता ने बताया कि उसका सपना आगे विदेश स्थित किसी अच्छे संस्थान से पीएचडी करने का है। श्वेता गर्ग के पिता कुलदीप गर्ग कपड़ा व्यापारी हैं तथा। माता सुधा गर्ग गृहिणी हैं। दो भाई बहिन हैं। छोटा भाई हर्षित गर्ग मल्टिनेशनल कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। हर्षिता की उपलब्धि पर विनोद अग्रवाल, राजेश गर्ग, सुकेश गर्ग, श्यामहरी शर्मा, मनोज अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## शनि देव जयंती पर हुए भंडारे

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर सीकरी।** बट सावित्री अमावस्या के मौके पर श्री देव जयंती मनाई गई। कस्बा में बाईपास स्थित संतोष नगर चौराहा, मोहल्ला कोटला पर शनि मंदिर में पूजा अर्चना कर शनिदेव मूर्तियों पर सरसों का तेल, काले तिल उड़द लोहा एवं नीले वस्त्र अर्पित कर मनोकामना मांगी। शनि देव महाराज से सदैव अनुकूल रहने की यात्रा की गई। इस मौके पर नरेश गोयल के नेतृत्व में मालपुआ प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। वही बट सावित्री अमावस्या पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पतियों की लंबी आयु के लिए सत्यवान सावित्री की कथा श्रवण कर पूजा अर्चना की गई।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जांच हेतु सौंपा चार सूत्रीय ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकराबाद में हो रही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन सोपा है जिसमें स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात केंद्र प्रभारी वह महिला रोग विशेषज्ञ की भ्रष्टाचार गतिविधियों में लिप्त होने की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है ज्ञापन द्वारा स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज के नाम पर अवैध वसूली को रोकने के लिए तथा क्षेत्रीय मरीजों के भरोसे को कायम रखते हुए भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने अपर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है ज्ञापन द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया है की महिला डॉक्टर मेघा मित्तल सस्ते इलाज के नाम पर अपने निजी अस्पताल में मरीज को भेजती हैं।

अगर कोई मरीज शिकायत करता है तो उसे डरा धमका कर शिकायत न करने के लिए मजबूर किया जाता है तथा ऑनलाइन शिकायत करने पर फर्जी आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है और अगर कोई पीड़ित मरीज जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी तक पहुंच जाता है तो उसे भी शिकायत न करने का दवाव बनाया जाता है इन सभी बिंदुओं को ज्ञापन में लिखित दर्शाया गया है और मुख्यमंत्री जी से निष्पक्ष जांच कर कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है जिससे कि क्षेत्रीय जनता का सरकार पर विश्वास बना रहे।

## इंडिया गठबंधन की शानदार जीत पर प्रियंका ने दी बधाई

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश की चर्चित नेत्री समाजसेविका एवं अखिल भारतीय पंचायत परिषद उत्तर प्रदेश की प्रांतीय सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह ने अपने बयान में देश एवं उत्तर प्रदेश मैं संसद के चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत पर इंडिया गठबंधन के नेतृत्व एवं उत्तर प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई दी श्रीमती प्रियंका सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार की नीतियों को पूरी तरह से नकार दिया और डबल इंजन की सरकार को स्पष्ट आइना दिखा दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल करने का अपना मंसूबा स्पष्ट कर दिया है श्रीमती प्रियंका सिंह ने यह भी कहा देश में इंडिया गठबंधन बहुत बड़ी ताकत के रूप में उभर कर आया है जो धर्मनिरपेक्ष ताकतों के पक्ष में देश की जनता का बढ़ता जनादेश और शुभ संकेत है और धर्म के नाम पर राजनीति करने वालों से देश की जनता का मोह भंग हो रहा है।

# सीके बिरला अस्पताल में विदेशी बच्चे का किया सफल इलाज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**




सीके बिरला हॉस्पिटल गुरुग्राम के डॉक्टरों ने सुनने की समस्या से पीड़ित 5 साल के विदेशी बच्चे का सफल इलाज किया है। तुर्कमेनिस्तान के इस बच्चे की टिम्पेनोप्लास्टी और कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की गई और सुनने की क्षमता को बहाल किया गया. सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम में ईएनटी के लीड कंसल्टेंट डॉक्टर अनिष गुप्ता ने सर्जिकल विकल्पों के बारे में बताया, ईयरड्रम में छेद होने के चलते ये मामला काफी चुनौतीपूर्ण था और इसमें कॉक्लियर इम्प्लांट की आवश्यकता थी. इलाज के दो विकल्प थे। पहला ये कि टिम्पेनोप्लास्टी की जाए और फिर 6 महीने बाद कॉक्लियर इम्प्लांट सर्जरी की जाए. दूसरा विकल्प ये था कि दोनों प्रक्रिया आगे पीछे की जाए। बच्चे की कंडीशन और समय की पाबंदी को देखते हुए दूसरा विकल्प चुना गया। प्रक्रिया के बारे में डॉक्टर गुप्ता ने बताया, इस जटिल सर्जरी के दौरान दो महत्वपूर्ण कदम जरूरी थे. सबसे पहले, हमने किसी भी संभावित संक्रमण को रोकने के लिए सभी मास्टॉयड कोशिकाओं को सावधानीपूर्वक हटा दिया. दूसरा, हमने टिम्पेनोप्लास्टी के लिए कार्टिलेज का उपयोग किया, जिससे ईयरड्रम की एक मजबूत और लंबे समय तक चलने वाली रिपेयरिंग सुनिश्चित हुई। ये सर्जरी सफल रही और बच्चा अपने सुनने की क्षमता वापस पाते हुए रिकवरी कर रहा है. फ्लू या कान दर्द के किसी भी लक्षण की निगरानी के दौरान नाक की एलर्जी को रोकने के लिए इंट्रानैसल स्टेरॉयड स्प्रे का उपयोग किया जाता है। सीके बिरला अस्पताल गुरुग्राम की अपने मरीजों को बेस्ट इलाज देने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस सफल केस के जरिए अस्पताल में बाल चिकित्सा की एक्सीलेंस का पता लगता है और ये साबित होता है कि दुनियाभर के मरीजों को अस्पताल वर्ल्ड क्लास ट्रीटमेंट मुहैया कराने में सक्षम है।

# बलरामपुर चौकी से चंद कदम दूर चोरों ने बोला धावा
# नगदी ज्वैलरी समेत 16.50 लाख की चोरी

- मौके पर पंहुची एसओजी और फॉरेंसिक टीम ने जुटाई जानकारी
- बिजली लाइन काटकर दीवार से घर में दाखिल हुए चोर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर







नबढ़ चोरों ने पूरनपुर वायां मैगलगंज नेशनल हाईवे पर स्थित बलरामपुर चौकी से महज दो सौ मीटर दूर स्थित घर में धाबा बोल दिया। बिजली की केवल काटकर अंधेरा होने के बाद दीवार पर चढ़कर घर में दाखिल हुए चोरों ने सेफ की लॉक तोड़कर 1.35 लाख की नगदी और 15 लाख रुपए की ज्वैलरी चोरी कर ली। सुबह वारदात की जानकारी से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की।चोरी की वारदात को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। फारेंसिक ओर एसओजी की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

गांव बलरामपुर निवासी सिकंदर यादव खेती किसानी का कार्य करते हैं। भाई सुनील पुवाया में रहकर फाइनेंस कंपनी में कार्य कर रहे हैं। बुधवार रात्रि सिकंदर खाना खाने के बाद घर के आंगन में चारपाई डालकर सो गए। पड़ोस में ही मां जय देवी की भी चारपाई पड़ी हुई थी। चचेरा भाई शैलेश घर कि पश्चिमी बाउंड्री वॉल के बाहर चारपाई पर सो रहा था। मध्य रात्रि आंधी आने पर सिकंदर ने चारपाई से उठकर लघुशंका की। इस दौरान सब कुछ सामान्य था। कुछ ही देर में आंख लग गई। इसी बीच चोरों ने घर के बाहर लगे बिजली मीटर के पास से केवल काट दी। अंधेरा होने पर चोर दीवार पर चढ़कर घर में दाखिल हो गए। चोरों सुनील और शैलेश के कमरे में रखी कमरे में रखी सेफ की लॉक तोड़कर उसमें रखी 1.35 लाख की नगदी, तीन सोने के हार वजन आठ तोला,15 जोडी चांदी के खडुआ, आठ जोड़ी पायल, दो सोने की चैन वजन तीन तोला, आठ सोने की अंगूठी, एक मंगलसूत्र पांच पैडल सोने, पांच जोड़ी बिछिया, 25 जोड़ी बच्चों के खडुआ और पायल, एक जोड़ी कान की झुमकी सभी ज्वैलरी की कीमत लगभग 15 लाख अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सुबह नींद खुलने के बाद कमरे में बिस्तर रखने गई जय देवी ने देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था। सेफ की लाक टूटी थी। उसमें रखी नगदी, ज्वैलरी गायब थी। वारदात की जानकारी से हड़कंप मच गया। वारदात में प्रयुक्त पेंचकस, रेती, रुखानी कमरे में ही पड़ा था। ज्वैलरी निकालने के बाद चोर पड़ोस के खेत में खाली डिब्बी छोड़ गए। वारदात की जानकारी पर आज पड़ोस के दर्जनों ग्रामीण एकत्र हो गए। मौके पर पहुंचे बलरामपुर चौकी प्रभारी अवधेश कुमार ने जांच पड़ताल की। स्वजनों से भी जानकारी जुटाई। एसओजी और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

### पुलिस के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

चौकी से चंद कदम दूर ग्रामीण के घर में हुई चोरी की वारदात से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस के विरोध में नारेबाजी कर जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस मनमानी पर उतारू है। शाम होते ही क्षेत्र में सन्नाटा पसर जाता है। पुलिस द्वारा क्षेत्र में गस्त नहीं की जा रही है। बेखौफ चोर लगातार क्षेत्र में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। वारदातों पर अंकुश लगाने में पुलिस पूरी तरह फैल साबित हो रही है। ग्रामीणों ने वारदात का शीघ्र राजफास करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में हरिपाल, छुन्नू सतेंद्र, विकास, वीरेंद्र, प्रेमकुमार, विनोद, प्रदीप, रिंकू,सरजीत, सिकंदर, अंकित, अर्पित, अशोक, सुनील, हिमांशु, राम औतार, भारत आदि शामिल रहे।

### अप्रैल 2023 में भी हुआ था चोरी का प्रयास

सिकंदर ने बताया कि एक वर्ष पूर्व भी चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया था ।उस समय चोर घर में दाखिल होते ही परिवार के लोगों की नींद खुल गई थी। घेराबंदी के दौरान चोर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए थे। जिससे चोरी की वारदात होने से बच गई थी। आशंका है कि चोर उसी समय से घर को निशाना बना रहे थे। मौका लगते ही वारदात को अंजाम दिया गया है।

### पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की चोरी की रिपोर्ट

वारदात के बाद पीड़ित की ओर से थाना पुलिस को तहरीर दी गई। तहरीर में 1.35 लाख की नगदी व 15 लाख रुपए की ज्वैलरी चोरी की बात कही गई है ।पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। लेकिन पुलिस चोरों का कोई भी सुराग नहीं लग सकी है।

### पीड़ित की कहानी, पुलिस गढ़ रही कहानी

चौकी से चंद कदम दूर हुई 16.50 लाख की चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी पुलिस वारदात को संदिग्ध बता कर कहानी गढ़ रही है। पुलिस का कहना है कि कमरे में रखी सेफ की लाक टूटने पर भी पड़ोस में सो रहे परिवार के लोगों को भनक नहीं लगी। पीड़ित का कहना है कि लाखों रुपए की चोरी से परिवार बदहवास है। शीघ्र ही वारदात का राजफाश किया जाए।

> घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है। कमरे में रखी दोनों अलमारियों की लाक उखड़ी हुई थी। परिवार के लोग भी पड़ोस में ही सो रहे थे। ऐसे में लाक उखड़ने की आवाज उन्हें नहीं सुनाई दी। घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है ।जांच की जा रही है। शीघ्र ही वारदात का राजफाश किया जाएगा।
>
> **धर्मेंद्र कुमार**
> **इंस्पेक्टर थाना घुंघचाई।**

## प्रधान संगठन ने पंचायत राज विभाग की कार्य प्रणाली पर उठाये सवाल



- राज्यमंत्री को ज्ञापन देकर की कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन ने प्रधानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ज्ञापन दिया और समस्याओं के समाधान की मांग की। संगठन सबसे ज्यादा विरोध जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय की प्रधानों के विरूद्ध अपनाई जा रही कार्य प्रणाली को लेकर था जिसको लेकर ग्राम प्रधानों ने कई गम्भीर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने प्रधानों की समस्यायें सुनते हुए उनके द्वारा दिए गये ज्ञापन पर शासन स्तर से कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया।

संजय रॉयल पार्क स्थित आवास पर ग्राम प्रधान संगठन ने राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार से भेट कर उनको दिए गये ज्ञापन में कहा है कि शासनादेश के विरूद्ध ग्राम पंचायतों के प्रधानों के खिलाफ शिकायतों की जांच नियमों को ताक पर रख कर की जा रही है जिससे प्रधान संगठन में रोष पनप रहा है। संगठन का कहना है कि शासनादेश के तहत अगर किसी ग्राम प्रधान के विरूद्ध शिकायत होती है तो शिकायत कर्ता को साक्ष्य के साथ शपथ पत्र सहित जिलाधिकारी के समक्ष प्रार्थना पत्र देना होगा और जिलाधिकरी उस पर जांच के आदेश देंगे लेंकिन इसके विपरीत पंचायत राज विभाग मनमाने तौर पर प्रधानों के खिलाफ शिकायतों की जांच करने के नाम पर उनका उत्पीडन कर रहा है जिसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नही किया जायेंगा। संगठन ने पंचायत राज विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कई गम्भीर आरोप लगाये और विभाग के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

राज्यमंत्री श्री गंगवार ने ज्ञापन लेते हुए संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया की इस मामले में शासन स्तर से कार्यवाही कराकर संगठन को न्याय दिलाने का कार्य करेगी।

ज्ञापन देने वालों में संगठन के जिलाध्यक्ष नरेश पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष राम निवास शर्मा, राम प्रताप, देववती, मिलाप सिंह, प्रतिभा गंगवार, सुखविन्द्र कौर सहित बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान शामिल रहें।

## बाइक और मोपेड की टक्कर में युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी जिले के पिलोरी गांव के सामने राजातालाब-जमुआ मार्ग पर मोपेड और बाइक में आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मिर्जामुराद थाने की पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाकर युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

राजातालाब थाना क्षेत्र के कचनार (परसुपुर) गांव निवासी कमला पटेल का इकलौता पुत्र आशीष कुमार पटेल (26) अपने दोस्त की बाइक से एक शादी में शामिल होने पिलोरी जा रहा था। पिलोरी गांव के सामने रोड पर कछवां की तरफ से आ रहे मोपेड सवार मिर्जापुर जिले के चड़िया गांव निवासी अजीत सिंह (50) से आशीष की बाइक की टक्कर हो गई।

हेलमेट नहीं लगाने से आशीष के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## बरखेड़ा में चला बाल श्रम रेस्क्यू अभियान में छह बाल श्रमिकों को बाल श्रम से मुक्त कराया, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा




कस्बा में श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन, एवं एएचटीयू की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत शहर में दुकानों, ढाबों,रेस्टोरेंट आदि स्थानों पर छापे मार कर कुल 06बाल/किशोर श्रमिक चिन्हित किये गए। सभी बालश्रमिकों को विभिन्न प्रतिष्ठान से मुक्त कराया गया तथा काम लेने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध निरीक्षण टिप्पणी जारी कर आवश्यक कार्यवाही की गई।

सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

बच्चों को बहुत न्यूनतम मजदूरी पर रखा गया था किसी बच्चे को 50 दिन तो किसी बच्चे को 180 दिन के हिसाब से मजदूरी दी जाती थी।

श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा ने बताया कि खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध दो वर्ष तक की सजा या 50000/ रूपए तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है, तथा गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर सेवायोजक को एक माह तक की सजा या 10000/ रूपए तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

यदि कोई माता पिता भी अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्य में संलग्न करेगा तो उनके विरूद्ध भी दंडात्मक कार्यवाही अपनाई जायेगी।

रेस्क्यू अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी प्रियंका वर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, एएचटीयू थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा, भानुप्रताप, अमित कुमार संध्या, आदि मौजूद रहे।

## गुरुद्वारा गेट से गायब हुआ भिंडरावाला का पोस्टर, सिख समुदाय में रोष



- शुक्रवार विरोध में सिख समुदाय करेगा बैठक ऐहतियात के तौर पर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

रुरिया खालसा गुरुद्वारा गेट के सामने लगा जरनैल सिंह भिंडरावाला का फ्लैक्स बोर्ड गायब होने की जानकारी से सिख समुदाय के लोगों में रोष फैल गया। गुरुद्वारा कमेटी की ओर से बैठक का आवाहन किए जाने की जानकारी पर पुलिस के साथ इंटेलिजेंस की टीमें सक्रिय हो गई। हालांकि बैठक स्थगित कर दी गई। एहतियात के तौर पर पुलिस ने कई थानों की फोर्स व पीएसी के जवानों के साथ क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

रुलिया गुरुद्वारा गेट पर खालिस्तानी समर्थक जरनैल सिंह भिंडरावाला का फ्लेक्स बोर्ड लगाने के मामले में पुलिस ने गुरुद्वारा प्रधान प्रमुख सहित तीन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। फ्लेक्स बोर्ड हटाने के लिए पुलिस की ओर से 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया गया था। तीन दिन बीतने के बाद भी गुरुद्वारा गेट से फ्लेक्स बोर्ड नहीं हटाया गया।इस बीच बुधवार रात्रि गुरुद्वारा गेट पर लगा जरनैल सिंह भिंडरावाला का फ्लैक्स बोर्ड गायब हो गया। गुरुवार सुबह जानकारी पर सिख समुदाय के लोगों में आक्रोश पनप किया। विरोध में गुरुद्वारा कमेटी की ओर से बैठक की जानकारी पर पुलिस महकमें में खलबली मच गई। पुलिस के साथ ही खुफिया एजेंसियां भी सक्रिय हो गई। एहतियात के तौर पर अपर पुलिस अधीक्षक कोतवाली पहुंच गए। कुछ ही देर में आस पड़ोस के थानों का भारी पुलिस फोर्स बुला लिया गया। पीएसी की एक कंपनी भी कोतवाली पंहुच गई।हालांकि कुछ देर बाद बैठक स्थगित कर दी गई। एहतियात के तौर पर पुलिस ने रुरिया गुरुद्वारा से लेकर थाना सेहरामऊ उत्तरी सीमा क्षेत्र तक फ्लैग मार्च किया।

> गुरुद्वारा गेट पर जरनैल सिंह भिंडरावाला का फ्लैक्स बोर्ड लगाए जाने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। फ्लैक्स बोर्ड किसने हटाया इसकी जानकारी नहीं है। एहतियात के तौर पर पुलिस फोर्स और पीएसी के जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया गया है।
>
> **संजीव शुक्ला**
> **इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर।**

> 27 साल से लगा जरनैल सिंह भिंडरावाला का फ्लैक्स बोर्ड बुधवार रात्रि हटाया गया है। पुलिस कह रही है कि उनके द्वारा फ्लेक्स बोर्ड से पोस्टर नहीं हटाया गया है ।अगर पुलिस प्रशासन ने फ्लेक्स नहीं हटाया है तो रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को पकड़ा जाए। इसको लेकर गुरुद्वारा में शुक्रवार एक बैठक का आयोजन किया गया है।
>
> **इंद्रजीत कौर खालसा**
> **खालसा गुरुद्वारा।**

## टायर फटने से बोलेरो खाई मे पल्टी, एक की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के लपरी गांव के समीप एक चलती बोलेरो कि अचानक टायर फटने जाने से खाई में पलट गई। जिसमे चलते हादसे में घायल 80 वर्षीय वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई।

खेतासराय थाना क्षेत्र के मानीकलां गांव के निवासी सुखई बिंद बृहस्पतिवार शाम करीब 4 बजे एक किराए की बोलेरो से किसी काम के सिलसिले मे वाराणसी जा रहा था।इस दौरान सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बड़ऊर गांव से अपने नाती मुकेश बिंद (25) पुत्र राम सुवारथ और नतीनी मुस्कान 6 वर्ष को भी साथ लेकर निकला हुआ था। जब वह लपरी (तिवारीपुरा) गांव के समीप पहुंचा तभी बोलेरो का टायर अचानक फट गया और गाड़ी की गति तेज होने के चलते चालक ने नियंत्रण खो दिया तथा बोलेरो खाई में जा पलटी, गाड़ी को खाई में पलटते देख लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने आनन-फानन में दौड़कर गाड़ी के अंदर सवार चारो लोगों को बाहर निकाला और तुरंत एक निजी वाहन से उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान 80 वर्षीय सुखई बिंद की दर्दनाक मौत हो गई तथा नाती मुकेश बिंद (25) के पैर में गंभीर चोट आई और नतीनी मुस्कान (6) के सिर मे गंभीर चोट आई है साथ ही वाहन चालक भी घायल हो गया। घटना के दौरान लोग मुखदर्शक बने रहे लोगों ने बताया कि गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि गाड़ी का टायर फटने के चलते चालक नियंत्रण खो बैठा और खाई में जाते वक्त गाड़ी कई बार पलटते हुए खंदक के अंदर गई।थानाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि घायलों का इलाज जिला अस्पताल चल रहा है मृतक के शव को कब्जे में ले लिया गया है मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर

**लालगंज।** मड़वा नेवादा गांव निवासी रोजगार सेवक बुधवार को दोपहर बाद लालगंज जाते समय फोरलेन सड़क पर किसी वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन घटनास्थल पहुंचे और गंभीर रूप से घायल रोजगार सेवक को एंबुलेंस से मंडलीय अस्पताल ले जा रहे थे, इस बीच रास्ते में मौत हो गई। लहंगपुर पुलिस चौकी अंतर्गत मड़वा नेवादा गांव निवासी 30 वर्षीय राजू मौर्या गांव में रोजगार सेवक थे। ग्राम पंचायत के काम से दोपहर बाद बाइक से लालगंज ब्लॉक मुख्यालय जा रहे थे। रास्ते में पतुलखी गांव के पास किसी वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। बाइक को टक्कर मरने वाला वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी। रोजगार सेवक की मौत हो गई।

## दबंगों ने पूर्व प्रधान को मारी गोली इलाज के दौरान हुई मौत

- तीन नामजद अभियुक्त तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार।

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर ग्राम पंचायत के राजस्व गाँव रामीपुर में स्थित एक पशुहार की दुकान के पास बुधवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर एक पक्ष के दबंगों ने दूसरे पक्ष के पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश तिवारी उर्फ मुकेश तिवारी पर गोली चला दिए। वही मुकेश के बाएं हाथ में व पेट में गोली लगने से वह लहुलुहान होकर गिर पड़े। आनन-फानन में स्वजनों की मदत से जिसे बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया गया।वही डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल से भी मुकेश तिवारी को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी भेजा गया।जहां अगले दिन गुरूवार को वाराणसी में इलाज के दौरान पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश तिवारी उर्फ मुकेश दम तोड़ दिए। उधर मौत की खबर लगते ही स्वजनों में कोहराम मच गया। फिलहाल इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मामले में वादी प्रमोद कुमार तिवारी पुत्र स्व0 चन्द्रशेखर तिवारी ग्राम इनामीपुर थाना सिंगरामऊ की तहरीर के आधार पर तीन नामजद अंकज तिवारी पुत्र लक्ष्मीशंकर तिवारी और दीपक तिवारी उर्फ भगवान पुत्र लक्ष्मीशंकर तिवारी निवासी इनामीपुर थाना सिंगरामऊ तथा उक्त थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गाँव निवासी घनश्याम पंडित के बिरूद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस सभी तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस अग्रिम विधिक कार्यवाई में जुटी है।

## दुष्कर्म मामले में वांछित तीन आरोपित चढ़े पुलिस के हत्थे

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक युवती से दुष्कर्म करने के मामले में तीन आरोपितों को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने घर पर दबिश दे कर गिरफ्तार कर चालान भेज दिया। क्षेत्र के सुरिस गांव निवासी 22 वर्षीय सूरज गौड़ पुत्र राजेन्द्र गौड़ 23 वर्षीय रोहित उर्फ राहुल बिंद पुत्र राम वचन बिंद व 22 सतेन्द्र यादव पुत्र सेवालाल यादव पर एक दलित युवती के साथ अकेले देख तीनों युवकों ने जबरदस्ती दुष्कर्म करने के पीड़िता ने आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों युवकों के विरूद्ध धारा 376 ष्ठ/ 506 भादवि व 3 /2/ ङ्क स्ष्ट/ स्ञ्ज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही थी कि मुखबिर की सूचना पर बुधवार की देर रात कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज ठाकुर व उपनिरीक्षक राजकुमार वर्मा हमराहियों के साथ दबिश दे तीनों के घर से गिरफ्तार कर चालान भेज दिया गया।

## स्वच्छता अभियान चला कर कार्यालयों की सफाई कराई जाए : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में राजस्व तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अब नियमित इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर शिकायतकर्ता की शिकायत को दर्ज कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शुक्रवार व शनिवार को स्वच्छता अभियान चला कर कार्यालयों की सफाई कराई जाए, फर्नीचर, आलमारी, बिल्डिंग सब सही होनी चाहिए। आलमारी में दस्तावेजों की लिस्ट आलमारी के ऊपर चस्पा होना चाहिए। कर्मचारियों को बैठने के लिए कुर्सी तथा पेयजल की व्यवस्था भी होनी चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से बात कर ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाए और सोमवार से अवैध कब्जा हटाने का अभियान चलाया जाए। शासकीय संपत्तियों पर भी अवैध कब्जा न होने पाए, तालाबों के जमीनों से अवैध कब्जे हटवाए जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण का स्लोगन गावो में बनवाया जाए जिससे लोग इसके प्रति जागरूक हो सके। डी0एफ0ओ0 को निर्देशित किया कि पौधरोपण हेतु एक कार्ययोजना तैयार करें। कृषि विभाग को निर्देशित किया कि कृषकों में पौधों का वितरण किया जाए। तालाब खुदाई समय से कर लिए जाए। राजस्व विभाग से संबंधित 1 साल से अधिक के वादों का निस्तारण किया जाए। प्रतिदिन तहसीलदार, नायब तहसीलदार कोर्ट में बैठ कर वादों का निस्तारण कराएं। 1 साल से अधिक के मामलों को डिस्पोज किया जाए, धारा 24 के केसो की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 90 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। कोर्ट केसेज का निस्तारण निर्धारित समय के अंदर पूर्ण कर लिया जाए। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के संदर्भ में पीडी जयकेश त्रिपाठी से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा डीआईओएस एवं एक्सईएन विद्युत हाइडिल के बैठक में अनुपस्थित होने के कारण स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य, दिव्यांग पेंशन आदि की समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि कायाकल्प के तहत सभी कार्य पूर्ण कराया जाए। दैवीय आपदा की समीक्षा में कोई पेंडेंसी नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत समस्त एसडीएम समीक्षा कर पेंडेंसी खत्म करें। उन्होंने सीवीओ से गौशाला में पशुओं के लिए गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त व्यवस्था करने, बीडीओ से नियमित गौशाला का निरीक्षण कर सभी जरूरी आवश्यकता पूर्ण कराने का निर्देश दिया। समस्त बीडीओ को निर्देशित किया कि अपने विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सहकारी समितियां जो जर्जर है

## सिगरामऊ खुले में बिक रहे मांस, बढ़ी परेशानी

**जन एक्सप्रेस ।** जौनपुर। सिंगरामऊ। शासन-प्रशासन के रोक के बावजूद सिंगरामऊ बाजार में खुलेआम सार्वजनिक स्थानों पर मांस-मछली कट रहे हैं और धड़ल्ले से बिक रहे हैं। मानकों का खुलेआम धज्जी उड़ाई जा रही है। खुले में दुकानों पर धड़ल्ले से मांस बिक रहा है इन स्थानों से मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चे भी सहम जाते हैं। साफ सफाई के अभाव में तेज दुर्गंध निकलती है। महिलाएं नाक बंद कर दुकानों के रास्ते से गुजरती है। शाकाहारी लोगों का और बुरा हाल हो जाता है। घरों से स्नान कर दर्शन आदि के लिए निकले कि सामने खुले में मांस की बिक्री देखकर मूड आफ हो जाता है। भले ही यह कुछ लोगों के लिए स्वादिष्ट व्यंजन हो, लेकिन अधिकतर लोगों का खुले में मांस का लोथड़ा देख मन विचलित हो जाता है। बिना साफ-सफाई व मानकों के अनुपालन के मांस की कटान से क्षेत्र में गंभीर रोग फैलने की आशंका बनी हुई है। यूं तो खाने-पीने वाली वस्तुओं के साफ सफाई पर ध्यान देने के निर्देश बहुत पहले से जारी किए गए हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। यह नजारा पूरे जनपद में है। दुकानदार अपनी दुकानों के सामने सही ढंग से टाट आदि लगाने की भी व्यवस्था नहीं करते अध खुले टाट के सहारे दुकान संचालित की जा रही है।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में वटवृक्ष की पूजा कर सुहागिनों ने मांगी पति की लंबी उम्र

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में बृहस्पतिवार को महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा कर पतियों के दीर्घायु होने की कामना की उत्तरी पूरा कस्बा बिल्हौर अरौल मकनपुर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं ने व्रत रख भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा अर्चना की और उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद मांगा बदननिवादा माननिवादा नदिया खजुरिया निवादा उत्तरी गांव भवननिवादा राधन शिहुरामऊ दासानिवादा रामबक्स पुर्वा पडराहा गडरियन पुरवा मतौना



जरैलापुरवा सहित आदि गांव में महिलाएं सुबह से ही सजने संवरने लगी घर में पकवान बनाने के बाद वट वृक्ष के नीचे पहुंच पूजा अर्चना शुरू की अक्षत रोली से तिलक करने के बाद महिलाओं ने पंचामृत से भगवान विष्णु का पूजन बंधन किया वट वृक्ष में धागा लपेटते हुए महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की कामना कर व्रत रखा पूजन अर्चन कर महिलाओं ने पाठ की दीर्घायु के साथ ही परिवार में सुख समृद्धि की भी कामना की बदननिवादा पूरा बिल्हौर कस्बे में सुबह से ही वटवृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ लगने लगी महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर विधि विधान से पूजन बंधन किया पौराणिक मान्यता के अनुसार सावित्री अपने अल्पायु सत्यवान की मृत्यु के बाद यमराज के पीछे-पीछे गई थी यमराज द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सही जवाब देने के बाद पति के दीर्घायु होने का आशीर्वाद लिया था वट वृक्ष के नीचे ही यमराज ने सत्यवान के प्राण वापस किए थे इसीलिए इस दिन से वट सावित्री पूजन की परंपरा चल पड़ी तमाम बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गांव में सुबह से ही महिलाएं सज संवर कर वट सावित्री पूजन किया इस दौरान दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य कामना की महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

# मोहल्ला निवतपुरा में मनाया गया 178 वां उर्स हुसैन शाह कादरी

✻ मौलाना राकिमूल कादरी ने की तकरीर बया

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर कस्बा स्थित चंद्रशेखर आज़ाद नगर अंतर्गत मोहल्ला निवतपुरा मे मनाया गया एक दिवसीय उर्स हुसैन शाह क़ादरी उर्स के मौके पर बड़ी संख्या मे पहुचे अकीदतमंदो ने बाबा की मजार पर चादर पोसी की रस्म पूरी कर हिंदुस्तान की सलामती तरक्की व अमन सुकून के लिए दुआ मांगी। शाम 7 बजे उर्स मे पहुंच लोगो ने लंगर स्वरुप प्रसाद ग्रहण किया हिन्दू मुस्लिम दोनों समुदायो के लोगों ने मिलकर लंगर खाया और देर रात तक लंगर चलता रहा कार्यक्रम मे रात 10



बजे जलसे का प्रोग्राम हुआ। मौलाना राकिमूल क़ादरी ने उर्स के मौके पर तकरीर की और बाबा हुसैन शाह कादरी के जीवन पर प्रकाश डाला और लोगों को नसीयत की हमेशा गरीब असहाय मोहताजो की मदद भूखो को खाना जरूरत मंदो की मदद करना ही सूफ़ी संतो का काम रहा है बताया इस मौके पर हाफ़िज़ आलम रज़ा मौलाना सलमान रब्बानी महताब आलम बिल्हौरी हस्सान क़ादरी मोहम्मद रफीक एडवोकेट, सगीर खान, हाफ़िज़ मोहम्मद तालिब,सलीम खा, गुड्डू, समेत कई लोग मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सुहागिनों ने वट सावित्री की पूजा कर मांगी सुहाग की लंबी उम्र

जन एक्सप्रेस/औरैया। नगर दिबियापुर में गुरुवार को वैसाख माह की अमावस्या को सुहागिन स्त्रियों ने बरगद के वृक्ष की पूजा कर माता सावित्री से अपने पतियों के लिए लंबी उम्र,सौभाग्य और स्वास्थ्य की कामना की सुहागिन महिलाओं के लिए यह व्रत पूर्वजों की परंपराओं का हिस्सा है वट सावित्री व्रत को महिलाओं द्वारा बड़े श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है इस दिन माताएं बहनें सुबह स्नान करके व्रत रखती हैं और माता सावित्री और वट वृक्ष की पूजा जिसमें पूर्ण विधि से पूजा करने के उपरांत करने के उपरांत ही व्रत खोलती हैं पौराणिक कथाओं के अनुसार जब सावित्री के पति सत्यवान के प्राण यमराज ने हर लिए थे,तो सावित्री ने यमराज से अपने पति के प्राण लौटाने के लिए प्रार्थना की थी।पौराणिक मान्यता है कि तब यमराज ने वट वृक्ष के नीचे ही सत्यवान के प्राण लौटाकर सत्यवती को पुत्रवती होने का आशीर्वाद दिया था। यमराज ने बरगद की जड़ों में सत्यवान के प्राण को जकड़कर रखा हुआ था।

### पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस/औरैया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने पुलिस मुख्यालय ककोर में आये हुए पीडित फरियादियों की समस्याओं को जनसुनवाई के दौरान विस्तारपूर्वक सुना तथा पीडितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सर्व–सम्बन्धित अधि0ध्कर्म0गणों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। वही क्षेत्राधिकारीध्थाना प्रभारियोंध्थानाध्यक्षों ने भी अपने–अपने थानों पर उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा न्याय का भरोसा दिलाते हुये गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से न्यायोचित निस्तारण करने हेतु सर्व–सम्बन्धित को निर्देशित किया।

### 'विश्वकर्मा श्रम सज्मान योजना अंतर्गत करें आवेदन'

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। उपयुक्त उद्योग मोहम्मद सऊद ने बताया कि उप्र सरकार द्वारा प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय दस्तकारों तथा पारम्परिक कारीगरों के विकास हेतु ''विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना'' लागू की गयी है। योजनान्तर्गत पारम्परिक कारीगर जैसे कुम्हार, राजमिस्त्री, बढ़ई, नाई, लोहार, दर्जी, हलवाई एवं धोबी के आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण करते हुये उनके जीवन स्तर को उन्नत किया जायेगा। इस योजनान्तर्गत पारम्परिक कारीगरों को कौशल वृद्धि हेतु उन्हें उप्र कौशल मिशन के आरपीएल से जहां सम्भव हो सकेगा जोड़ा जायेगा तथा ऑन जॉब ट्रेनिंग हेतु मास्टर क्राफ्ट्समैन द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। साथ ही उद्यम के आधार पर कौशल वृद्धि हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूल किट्स भी प्रदान किया जायेगा।उक्त योजनान्तर्गत पात्र आवेदनकर्ता की न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष होनी आवश्यक है। इच्छुक आवेदक आनलाईन कपनचउेउम.नचेकब.हवअ.पद पर आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय– जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, रनियां में सम्पर्क किया जा सकता है।

### वट वृक्ष की पूजा करके महिलाओं ने पति की मांगी दीर्घायु

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। हिंदू परंपराओं के अनुसार हर वर्ष यह त्यौहार वट वृक्ष की पूजा कर के हिंदू समाज की महिलाएं इस पूजा को परंपरा के अनुसार निभाती चली आ रही है। इसी कड़ी में आज दिन बृहस्पतिवार को सुबह से ही वट वृक्ष की पूजा करने में महिलाएं जुट गई।आज पूरी विधि विधान से महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा करके अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए प्रार्थना की। वहीं पर यह त्यौहार आषाढ़ की अमावस्या के दिन मनाया जाता है इसमें अनेक कहानी जुड़ी हुई है जिस हिंदू परंपरा को संस्कृत से जोडने का काम करती है आज महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा करके अपने बच्चों व पतियो लंबी उम्र की कामना की।

### शिक्षक जो अपनी माँ की याद में हर साल लगाते हैं पौधा

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। हर मानव पर प्रकृति का ऋण होता है जो न केवल जीते जी अपितु मरने के बाद भी रहता है। अगर हम या हमारे पूर्वज कोई पेड़ लगाते हैं तो वह हमें आजीवन उनकी याद दिलाता है। पेड़–पौधों का मनुष्य के जीवन में बहुत बड़ा महत्व है इसलिए मनुष्य को अपने बुजुर्गों और प्रियजनों की याद में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए इसी मुहिम के अन्तर्गत आज विकासखंड डेरापुर ग्राम भड़ावल में शिक्षक अभिषेक द्विवेदी ने अपने माँ स्वर्गीय पुष्पा द्विवेदी के याद में एक आम का वृक्ष रोपित किया। शिक्षक अभिषेक द्विवेदी ने बताया कि ग्राम भड़ावल उनके पिता स्वर्गीय शिव प्रकाश द्विवेदी की जन्मस्थली है। उनके पिता ने ग्राम भड़ावल के अमृत सरोवर पूर्व के बख्शी के तालाब के आस पास आम कटहल जामुन नीम आदि कई वृक्षों को रोपित किया।

# शर्बत वितरित कर एवम् पौधे उपहार में देकर की पर्यावरण संरक्षण की अपील

जन एक्सप्रेस | कानपुर देहात

पर्यावरण संरक्षण अब मानव प्रजाति के साथ साथ जीव जंतुओं के लिए भी अत्यंत आवश्यक हो गया है। इंसान तो क्या पशु पक्षी जानवर तक बढ़ते पारे से बेहाल दिखने लगे हैं। इस बार तो पारा 47 डिग्री रहा, जब यह और बढ़ेगा तब जीवन का क्या हाल होगा इसे सोचकर ही हाल बेहाल होने लगता है। यही बात यदि आम जनमानस तथा आगे आने वाली पीढ़ी को समझ में आ जाए तो अभी भी धरती पर हरियाली चादर ओढ़ाई जा सकती है। इसके लिए ज्यादा कुछ नहीं करना है, बल्कि अपने अपने बच्चों के साथ प्रत्येक खुशी के मौके पर तथा अपने बुजुर्गों के नाम पर बस दो-चार पौधों का रोपण कर उनकी सेवा और देखभाल करनी है। यही बात समझने के लिए मानव स्वजन फाउंडेशन तथा सत्ता एक्सप्रेस के संयुक्त प्रयासों से भीषण गर्मी में राहत देने हेतु लोगों को रोक रोक कर शीतल शरबत का वितरण किया गया। अमूमन देखा गया है कि लोग बात दोपहर और दोपहर के बाद घर से बाहर निकलते समय गर्मी से बेहाल होकर पसीना सुखाने और राहत लेने के लिए किसी पेड़ या ठंडी जगह की तलाश में दिखने लगते हैं। वहीं शाम के समय मंदिरों में भी काफी भीड़ दिखाई देती है। जिस पर लोगों को पौधों को उपहार में देते हुए सत्ता एक्सप्रेस के ब्यूरो हेड डॉ अनूप सचान तथा मानव स्वजन फाउंडेशन के निदेशक मनोज कुशवाहा ने अपनी टीम के साथ लोगों को पौधे उपहार में वितरित किए। साथ ही ठंडा शरबत पिलाते हुए सभी से अपील की कि अपने बच्चों के जन्मदिन के अवसर परअपने घर की बालकनी या खेत की मेड और जब कहीं जगह ना मिले तो सडक के किनारे कहीं भी एक-एक पौधे का रोपण जरूर करें। वहीं उपस्थित स्कूली बच्चों से कहा गया कि आप लोग विद्यालय परिसर अपने घर आंगन तथा रास्ता इत्यादि में एक पौधा लगाए और आते जाते बोतल से उसमें पानी नियमित रूप से दें। जब आप देखेंगे कि वह पौधा आपकी देखभाल से बड़ा हो रहा है तो आपको भी आत्मिक शांति और सुख महसूस होगा।



# बिल्हौर के उत्तरीपुरा स्थित नदिया रोड बिजली फीडर पर कई साल बीत गए नहीं हुई बाउंड्री

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जहां एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने बिजली कटौती को लेकर शख्त निर्देश दिए हैं जिनको लेकर उत्तरी पूरा बिजली कटौती कुछ हद तक सही तरह से चल रही है वहीं उत्तरीपुरा नदिहि रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र पर कई साल बीत चुके हैं लेकिन आज तक बिजली फिडर पर बाउंड्री वॉल नहीं हुई है जिससे वहां पर रात्रि में रुकने वाले कर्मचारियों को खासी दिक्कत उठानी पड़ती है लेकिन बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों ने आज तक बाउंड्री वॉल के विषय पर न तो गौर किया है न ही कुछ विचार बाउंड्री वॉल न होने पर वहां पर रुकने वाले कर्मचारियों के साथ अगर कोई अनहोनी घटती है तो क्या उसका जिम्मेदार बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों की जवाबदेही देही न ही वहां पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए न ही कोई उचित व्यवस्था बिजली कर्मचारियों के लिए की गई है।

# माटीकला से जुड़े बेरोजगार करे आवेदन: अखिलेश अग्निहोत्री

जन एक्सप्रेस | कानपुर देहात

जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अखिलेश कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि महाप्रबंधक उप्र ''माटीकला बोर्ड'' 8 तिलक मार्ग लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में अधिकाधिक रोजगार सृजन के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के माटीकला एवं शिल्पकला के उद्यमियों ध्शिल्पियों के समन्वित विकास हेतु माटीकला टूल किट्स वितरण योजना संचालित है। उक्त योजना के अर्न्तगत जनपद में 50 टूल किट्स का वितरण भी किया जाना प्रस्तावित है। माटीकला के परम्परागत कारीगर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष एवं शिक्षित बेरोजगार एवं माटीकला में प्रशिक्षित अच्यर्थियों, स्वत~ रोजगार में परम्परागत कारीगर अपना आवेदन कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रनियां( बैंक ऑफ इण्डिया प्रथम तल) में किसी भी कार्य दिवस आवेदन पत्र भर सकते है।

# प्राचीन कछुआ तालाब में पौधारोपण के साथ ही हुआ शरबत वितरण

जन एक्सप्रेस | कानपुर देहात

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पनकी स्थिति अति प्राचीन नागेश्वर मंदिर कछुआ तालाब परिसर में शिक्षिका रीना कटियार, सत्ता एक्सप्रेस के ब्यूरोहेड डॉ अनूप सचान, जिला महामंत्री तथा पूर्व प्रधान शैलेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य जनों ने पौधारोपण कर उपस्थित दर्शनार्थियों एवं परिसर में घूमने आए हुए व्यक्तियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन एवं नगर निगम के संयुक्त प्रयासों से प्राचीन कछुआ तालाब प्रांगण को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया गया है। सुबह फटने से लेकर देर रात तक यहां लोगों का आवागमन बना रहता है। यहां लोगों के तीन काम एक साथ हो जाते हैं। मंदिर में प्राचीन शिवलिंग के दर्शन एवम् पूजन, तालाब में दिखाई देने वाले बड़े-बड़े कछुओ का अवलोकन तथा सेहत की दृष्टि से ओपन जिम में कसरत और तालाब के चारो ओर भ्रमण। इस लिहाज से यहां का महत्व और भी बढ़ गया है। मंदिर के महंत देवी दयाल पाठक बताते हैं कि सैकड़ो वर्ष पुराना यह तालाब धार्मिक, सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां के तालाब को आज नवीन विकसित रूप दे दिया गया है। इस तालाब में पहले बहुत बड़े-बड़े और दुर्लभ प्रजाति के कछुए तथा बड़ी-बड़ी मछलियां पाई जाती थी। जिनको भोजन खिलाने हेतु दर्शनार्थियों और भक्तगणों का तांता लगा रहता था। हालांकि बीच में सौंदर्यीकरण के दौरान काफी प्राचीन कछुए मजदूरों की लापरवाही से काल के गाल में समा गए और काफी चोरी भी हो गए। परंतु अभी भी कई दुर्लभ प्रजातियों के कछुओ को यहां देखा जा सकता है। आज पर्यावरण के अवसर पर सभी से यह अपील की जाती है कि पानी कम बर्बाद करें तथा अपने आसपास सफाई रखें और ज्यादा से ज्यादा हरियाली लाएं। जिससे किसी विपदा आने पर लोगों को ऑक्सीजन बाजार से ना खरीदनी पड़े। वृक्ष हमारे लिए देव तुल्य होते हैं। अत~ इनका भी ईश्वर की तरह ही पूजन अर्चन सेवा इत्यादि करनी चाहिए। उक्त अवसर पर मनीष मिश्रा, रमन, संजय पाठक एडवोकेट, साहब दयाल, बबलू राजपूत, मनोज गौड़, कैलाश नाथ पांडे, मंदिर के पुजारीगण तथा उक्त स्थल की सुरक्षा करने वाले भूतपूर्व सैनिक सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे। संध्या आरती के पश्चात सभी भक्तजनों को शीतल ठंडे शरबत का वितरण किया गया।

# वृहद गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस | कानपुर देहात

जिलाधिकारी आलोक सिंह के द्वारा मैथा तहसील अंतर्गत निर्मणाधीन वृहद गौ आश्रय स्थल अन्ने प्रथम एवं द्वितीय का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था यूपीसीएलडीएफ द्वारा वृहद गौशाला के निर्माण कार्य में शिथिलता पर नाराजगी जताई और मानक के अनुरूप कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित को दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर भी रोष व्यक्त किया तथा निर्माण सामग्री का सैंपल मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को एकत्र करने के निर्देश दिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा सैंपल एकत्र भी किया गया। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन गौ आश्रय स्थल में सभी आवश्यक सुविधाएं निर्धारित स्थानों पर बनाई जाए, जिससे आने वाले समय में पशुओं को आश्रय स्थल में संरक्षित कर उनका भरणपोषण सुचारू रूप से किया जा सके।

# वट सावित्री की पूजा कर महिलाओं ने की पतियों की दीर्घायु की कामना

जन एक्सप्रेस | कानपुर देहात

नगर के श्याम नगर टैगोर बाल मंदिर के सामने वट वृक्ष के नीचे महिलाओं ने वट सावित्री की पूजा की और अपने अपने पतियों के लिए दीर्घायु की कामना की।पुराणों में वर्णित सावित्री की कथा इस प्रकार है- राजा अश्वपति की अकेली संतान का नाम था सावित्री। सावित्री ने राजा द्युमत्सेन के बेटे सत्यवान को से विवाह किया। विवाह से पहले उन्हें नारद जी ने बताया कि सत्यवान के आयु कम है, तो भी सावित्री अपने फैसले से डिगी नहीं। वह सत्यवान के प्रेम में सभी राजसी वैभव त्याग कर उनके परिवार की सेवा करते हुए वन में रहने लगीं। जिस दिन सत्यवान के महाप्रयाण का दिन था, उस दिन वह लकडियां काटने जंगल गए। वहां मूच्छिछत होकर गिर पड़े। उसी समय यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए। तीन दिन से उपवास में रह रही सावित्री उस घड़ी को जानती थीं, अत~ बिना परेशान हुए यमराज से सत्यवान के प्राण वापस देने की प्रार्थना करती रही, लेकिन यमराज नहीं माने। तब सावित्री उनके पीछे पीछे ही जाने लगीं। कई बार मना करने पर भी वह नहीं मानीं, तो सावित्री के साहस और त्याग से यमराज प्रसन्न हुए और कोई तीन वरदान मांगने को कहा। सावित्री ने सत्यवान के दृष्टिहीन मातापिता के नेत्रों की ज्योति मांगी, उनका छिना हुआ राज्य मांगा और अपने लिए 100 पुत्रों का वरदान मांगा। तथास्तु कहने के बाद यमराज समझ गए कि सावित्री के पति को साथ ले जाना अब संभव नहीं।इसलिए उन्होंने सावित्री को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद दिया और सत्यवान को छोडक़र वहां से अंतर्धान हो गए। उस समय सावित्री अपने पति को लेकर वट वृक्ष के नीचे ही बैठी थीं। इसीलिए इस दिन महिलाएं अपने परिवार और जीवनसाथी की दीर्घायु की कामना करते हुए वट वृक्ष को भोग अर्पण करती हैं, उस पर धागा लपेट कर पूजा करती हैं। इस मौके पर किरन साहू सीता गुप्ता गीता गुप्ता शांति विमला आरती कमला व अनेक महिलाए मौजूद रहीं।

# पारस्परिक कारीगरों को निशुल्क टूलकिट एवं 10 दिवसीय दिया जाएगा प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस | औरैया

उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र अधिकारी अरविंद कुमार भास्कर ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत ट्रेडवार लक्ष्य बढ़ई,नाई,दर्जी, लोहार,राजमिस्त्री,हलवाई एवं धोबी आदि ट्रेडों में ग्रामीण एवं शहरी दस्तकारों तथा पारस्परिक कारीगरों के कौशल विकास हेतु निःशुल्क दस दिवसीय कौशल वृद्धि प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किए जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।आवेदन दिनांक 25 जुलाई 2024 तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना की पात्रता की शर्तें निम्नवत हैं।आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो,बैंक पासबुक की छायाप्रति,आधार कार्ड,जाति प्रमाण पत्र (एस0सी0, ओ0बी0सी0 वर्ग के लिए) आय प्रमाण पत्र,पढ़े लिखे होने पर शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए,संबंधित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान ध्वार्ड मेयर से प्रमाणित होना चाहिए।आवेदन कर्ता को इस आशय से कि उसके परिवार के किसी सदस्य ने पूर्व में किसी प्रशिक्षण योजना में टूलकिटध् मानदेय का लाभ नहीं लिया हो नोटरी शपथ पत्र 10 रू0 के स्टाम्प पर देना होगा।

# वटवृक्ष की पूजा करके घर लौट रही महिला की लुटेरों ने लूटी चैन

जन एक्सप्रेस | कानपुर देहात

कल्याणपुर में वटवृक्ष की पूजा कर घर लौट रही महिला के साथ बाइक सवार लुटेरों ने चेन लूट की घटना को अंजाम दिया। लूट की घटना को अंजाम देकर लुटेरे मौके से फरार हो गए। लूट की घटना क्षेत्र में लगे कैमरों में कैद हो गई। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद लुटेरों की तलाश में जुट गई है।कल्याणपुर कला अपने मायके आई पीड़िता चित्रा मिश्रा ने बताया कि उसकी ससुराल नवाबगंज ख्योरा है। उसके पति विवेक मिश्रा प्राइवेट शिक्षक हैं। पति विवेक भाजपा में शिक्षक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष हैं। आज बरगदाही होने के चलते वह मायके से पनकी रोड स्थित वटवृक्ष की पूजा करने आई थी। पूजा करके वह अपनी बड़ी बहन रेखा के साथ घर वापस लौट रही थी। पनकी रोड से वह जैसे ही आल मेगा मार्ट वाली गली में मुड़ी थीं कि तभी सामने से आ रहे बाइक सवार लुटेरों ने उसके गले में पड़ी दस ग्राम की चेन लूट ली और कल्याणपुर क्रॉसिंग की ओर भाग गए। अपने साथ हुई चेन लूट की लिखित शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने आरोपियों की शिनाख्त के लिए आस पड़ोस के कैमरे खंगाले हैं जिसमें दी अपाचे बाइक सवार लुटेरे लूट की घटना की अंजाम देते दिखाई दिए हैं। जिसमे एक लुटेरा हेलमेट लगाए बाइक चला रहा है तो पीछे बैठे बाइक सवार ने झपट्टा मार कर महिला की चेन लूट ली और कल्याणपुर क्रॉसिंग की ओर फरार हो गए। इस दौरान कैमरे में देखा गया कि लुटेरे महिला की पहले से रेकी कर रहे थे। वही पर कुछ दिनों पहले रावतपुर में मॉर्निंग वॉक पर निकलीं पत्रकार की बुजुर्ग मां के साथ हुई चेन लूट की घटना का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। जबकि लखनऊ में बैठे आलाधिकारियों ने इस घटना को संज्ञान में लिया था। एक हफ्ते में लूटेरों को पकडने का वादा करने वाली पुलिस एक माह होने पर भी उसके हाथ खाली हैं। ऐसा नहीं है कि पुलिस ने प्रयास नहीं किए। पुलिस लगातार लूटेरों को को पकडने के लिए कन्नौज तक हफ्तों डेरा डाले रही लेकिन शातिर होने के चलते लुटेरे आज तक पुलिस को चकमा दे रहे हैं। शहर भर में सीसीटीवी कैमरे लगे होने से अपराध होने पर अधिकतर मामलों में पुलिस अपराधियों की शिनाख्त कर लेती है।

# सोशल मीडिया पर फूट रहा नीट अभ्यर्थियों का गुस्सा, पेपर रद्द करने की मांग हुई तेज

जन एक्सप्रेस | कानपुर देहात

नीट यूजी रिजल्ट आने के बाद से ही ट्विटर पर हंगामा खड़ा हो गया है। नीट पेपर रद्द करो का हैशटैग ग् (ट्विटर) पर तेजी से ट्रेंड कर रहा है।परिणाम आने के बाद से ही यह परीक्षा शक के दायरे में आ गई है। आइए देखते हैं ट्विटर पर कैंडिडेट्स क्या आरोप लगा रहे हैं। नीट यूजी 2024 का परिणाम जारी किए जाने के बाद विद्यार्थियों-अभिभावकों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कार्यप्रणाली पर रोष जताया है। इन्होंने एजेंसी की मार्किंग प्रक्रिया में खामी होने का आरोप लगाया है। मोशन एजुकेशन के संस्थापक व सीईओ नितिन विजय ने एक्स पर बताया कि नीट यूजी परीक्षा में एक प्रश्न चार अंक का था लेकिन कई विद्यार्थियों के परिणाम में 720 में से 718 व 719 अंक दिए गए है जो तार्किक रूप से संभव नहीं हैं। वहीं जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र राजेश कटियार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि इस परीक्षा में बड़े स्तर पर धांधली हुई है इसे निरस्त किया जाए।उन्होंने लिखा है कि माननीय मुख्यमंत्री जी सर्व विदित है कि इस वर्ष 5 मई को राष्ट्रीय स्तर पर नीट परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसका परिणाम 4 जून को घोषित किया गया। इस परीक्षा में हुई कुछ गंभीर अनियमितताओं की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं जिनके कारण देश के हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है तथा पढने वाले होनहार छात्र मानसिक अवसाद की स्थिति में हैं पांच मई को देश के विभिन हिस्सों से पेपर लीक की खबरे आई थी। बिहार, गुजरात एवं राजस्थान के सवाई माधोपुर में पेपर लीक की घटना हुई थी। कुछ अन्य राज्यों में पेपर लीक गिरोह की गिरफ्तारियां भी हुई मगर एनटीए ने बिना जांच के पेपर लीक के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।चार जून को एनटीए ने यह जानकारी दी कि उसने वर्ष 2018 के एक सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आधार बनाकर छात्रों को परीक्षा स्थल पर समय खराब होने के एवज में ग्रेस मार्क्स दिए हैं जबकि नीट 2024 के इनफॉर्मेशन बुकलेट में अथवा किसी अन्य विज्ञप्ति में ग्रेस मार्क्स के प्रावधान की कोई जानकारी कहीं पर भी कभी नहीं दी गई। जानकारी में आया है कि इस वर्ष नीट के इतिहास में प्रथम बार छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं। उपरोक्त लिखित तथ्यों के कारण इस वर्ष नीट में बहुत अच्छा स्कोर करने वाले छात्रों को भी मेरिट में इतना पीछे स्थान मिला है कि उन्हें एमबीबीएस में प्रवेश मिलने की कोई संभावना नहीं है जबकि ग्रेस मार्क्स पाने वाले छात्र मेरिट में ऊपर चले गए हैं। उदाहरण के तौर पर वर्ष 2023 में 648 अंक पर जहां एआईआर सात हजार पांच सौ था वहीं इस वर्ष इस स्कोर पर रैंक इकतीस हजार से भी अधिक है। पिछले वर्ष जहां मात्र दो छात्रों ने 720ध्720 स्कोर किया था वहीं इस वर्ष 720ध्720 पाने वाले छात्रों की संख्या 67 है जोकि एक एतिहासिक एवं अविश्वसनीय रिकॉर्ड है। एनटीए द्वारा जारी की गई प्रथम सौ छात्रों की सूची में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि बहुत से राज्यों में एक ही सेंटर से कई छात्रों ने 720ध्720 अंक प्राप्त किए हैं। हरियाणा के एक सेंटर से आठ छात्र प्रथम सौ छात्रों की सूची में हैं जिनमे से 6 छात्रों ने 720ध्720 अंक प्राप्त किए हैं जोकि नीट के इतिहास में अप्रत्याशित घटना है। एनटीए ने इन्हीं अनियमितताओं पर पर्दा डालने के लिए तथा मीडिया ब्रीफिंग से बचने के लिए निर्धारित तिथि से दस दिन पूर्व 4 जून को नीट का परिणाम घोषित किया ताकि मीडिया का ध्यान इस पर न जाए क्योंकि चार जून को देश का मीडिया आम चुनाव के समाचारों में व्यस्त था। परिणाम प्रकाशित करते समय भी प्रथम बार प्रकाशित परिणाम में प्रथम सौ छात्रों के अंक दिखाए गए थे लेकिन उस सूची को तुरंत हटाकर बिना अंक वाली सूची को प्रकाशित किया गया। पहली बार प्रकाशित सूची के माध्यम से ही छात्रों को जानकारी मिली कि कुछ छात्रों को एनटीए द्वारा 718, 719 अंक भी दिए गए हैं जोकि तकनीकी रूप से संभव नहीं था। इसके जवाब में ही एनटीए ने ग्रेस मार्क्स दिए जाने की जानकारी दी जो अचंभित किए जाने वाला था। उपरोक्त सभी तथ्यों के आधार पर मेरी मांग है कि देश के हजारों छात्रों की पीड़ा को देखते हुए सरकार इस प्रकरण में उचित कार्यवाही करते हुए नीट 2024 परीक्षा एवं उसके परिणाम की जांच किसी निष्पक्ष एजेंसी से करवाए ताकि हजारों छात्रों को न्याय मिले। जब तक स्वतंत्र एजेंसी से पूरी जांच न हो जाए तब तक काउंसलिंग पर रोक लगे। यदि ऐसा नहीं किया गया तो हजारों छात्रों का देश की व्यवस्था से विश्वास उठ जायेगा।

# मोदी-शाह ने निवेशकों के 30 लाख करोड़ डुबाएः राहुल गांधी

## ये सबसे बड़ा स्कैम, भाजपा ने कहा, लोग निवेश ना करें, राहुल इसके लिए बोल रहे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 4 जून रिजल्ट डे पर स्टॉक मार्केट की गिरावट को बड़ा घोटाला बताया। उन्होंने इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराने की मांग की है। राहुल ने कहा कि 31 मई को भारी स्टॉक एक्टिविटी थी। ये वो लोग थे, जो जानते थे कि कोई न कोई घपला हो रहा है। हजारों करोड़ों यहां इन्वेस्ट हुए। 30 लाख करोड़ का नुकसान हुआ। रीटेल इन्वेस्टर का नुकसान हुआ। ये हिंदुस्तान का सबसे बड़ा स्कैम है। राहुल गांधी ने कहा, पहले गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आने वाली 4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आएंगे, तो शेयर बाजार आसमान पर जाएगा। इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी आने की बात कहते हुए लोगों को शेयर खरीदने की सलाह दी।




### ओवर ऑल मार्केट कैप 395 लाख करोड़ रुपए हो गया

भाजपा नेता पीयूष गोयल ने कहा, फिर एक बार मोदी सरकार आना निश्चित है। इस बात से राहुल गांधी परेशान नजर आते हैं। लोग निवेश न करें, इसके लिए बोल रहे हैं। आज से 10 साल पहले जब यूपीए की सरकार थी, तब भारत का मार्केट कैप 67 लाख करोड़ था। यही मोदी जी को विरासत में मिला था। आज हमारा मार्केट कैप 415 लाख करोड़ का मार्केट कैप हो चुका है। इसमें 5 गुना से ज्यादा बढ़त मोदी सरकार के कार्यकाल में हुई है।' लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन यानी 4 जून को सेंसेक्स में 4389 अंकों (5.74 प्रतिशत) की गिरावट देखने को मिली थी। इससे निवेशकों को 30 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। 4 जून को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का ओवर ऑल मार्केट कैप 395 लाख करोड़ रुपए हो गया थो। एक दिन पहले यह लगभग 426 लाख करोड़ रुपए था।

### 'पीएम ने खुद देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी?'

राहुल गांधी ने प्रेसवार्ता कर सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने देश की जनता को निवेश की सलाह क्यों दी? क्यों गृह मंत्री ने उन्हें स्टॉक खरीदने का आदेश दिया? दोनों जो इंटरव्यू किए गए। ये अदाणी जी के चैनल को दिए गए। उन पर पहले ही सेबी की जांच बैठी है तो उस पर जांच होनी चाहिए। मोदीजी के ये जो फेक इन्वेस्टर हैं और जो विदेशी निवेशक हैं। इनके बीच क्या रिश्ता है और अगर रिश्ता है तो इसकी जांच होनी चाहिए। इसे लेकर हमारे पास सवाल हैं। हम इस घोटाले को लेकर जेपीसी की मांग करते हैं। इस पूरे मामले में निवेशकों ने करोड़ों गंवाए हैं। यह एक आपराधिक कार्य था।

### भाजपा को पता था उन्हें पूर्ण बहुमत नहीं मिलने वाला: राहुल

रायबरेली व वायनाड से विजयी सांसद और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, पहली बार हमने यह नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, वित्त मंत्री ने शेयर बाज़ार पर टिप्पणी दी। प्रधानमंत्री ने दो-चार बार कहा कि शेयर बाज़ार तेज़ी से बढ़ने जा रही है... उनके मैसेज को वित्त मंत्री और गृह मंत्री ने भी आगे बढ़ाया। अमित शाह कहते हैं 4 चार जून से पहले शेयर खरीदें। प्रधानमंत्री ने भी यही कहा और 28 मई को फिर से दोहराया... 3 जून को शेयर बाज़ार सारे रिकॉर्ड तोड़ देता है और 4 जून को शेयर बाजार नीचे चला जाता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, भाजपा के सबसे बड़े नेताओं ने रिटेल इंवेस्टर को मैसेज दिया है... उनके पास जानकारी थी कि भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने वाला है, वे जानते थे की 3-4 जून को क्या होने वाला है... 30 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और हजारों-लाखों करोड़ रुपए का चुने हुए लोगों को फायदा हुआ है, हम प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, जिन्होंने एग्जिट पोल किया उनपर और विदेशी निवेशकों पर जांच चाहते हैं।

# कंगना को सीआईएसएफ की महिला जवान ने थप्पड़ मारा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कंगना रनोट को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ की महिला जवान ने थप्पड़ मारा है। कंगना को थप्पड़ मारने वाली जवान का नाम कुलविंदर कौर बताया जा रहा है। मामले में कुलविंदर का बयान सामने आ चुका है, वो कंगना के किसान आंदोलन पर दिए गए बयान से आहत थी। वहीं कंगना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया है कि महिला ने उन्हें थप्पड़ मारने के साथ गाली भी दी है। महिला जवान को सस्पेंड कर दिया गया है। कंगना रनोट चुनाव जीतने के बाद भाजपा की बैठक में शामिल होने के लिए विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट के 707 से दिल्ली के लिए निकल रही थीं, तभी सिक्योरिटी चेक के दौरान महिला ने कंगना को थप्पड़ मार दिया। कंगना ने मामले की शिकायत कर महिला जवान को नौकरी से हटाने और उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### कंगना बोलीं, महिला जवान ने मुझे गालियां दीं

कंगना रनोट ने घटना के बाद एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा, मैं सेफ हूं। आज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर मेरे साथ हादसा हो गया। एयरपोर्ट पर एक महिला जवान ने मुझे गालियां देनी शुरू कर दीं। उसने बताया कि वो किसान आंदोलन की सपोर्टर है। उसने साइड से आकर मुझे चेहरे पर हिट कर दिया। मैं तो सुरक्षित हूं, लेकिन मेरी चिंता पंजाब में बढ़ रहे उग्रवाद और आतंकवाद को लेकर है। इसे कैसे भी करके हैंडल करना पड़ेगा।

### किसान आंदोलन के दौरान कंगना के दिए स्टेटमेंट से नाराज थी महिला जवान

ये घटना गुरुवार दोपहर साढ़े 3 बजे की है। कंगना रनोट एयरपोर्ट सिक्योरिटी चेक से निकल रही थीं, तभी महिला जवान के साथ उनकी बहस हो गई। कंगना रनोट ने इस मामले में शिकायत भी दर्ज कराई है। कंगना को थप्पड़ मारने वाली ष्टढ्ढस्स्न की जवान उनके किसान आंदोलन में दिए गए बयान से आहत थी। मामले में महिला जवान को सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं कंगना भी दिल्ली पहुंच चुकी हैं। कंगना को हिट करने के बाद कुलविंदर कौर का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में वो कह रही है- कंगना ने कहा था कि 100-100 रुपए की खातिर लोग किसान आंदोलन में बैठ रहे है। जब उसने यह बयान दिया तो मेरी मां भी वहां बैठी थी।

### हरियाणा सीएम ने दिए जांच के आदेश

कंगना को थप्पड़ पड़ने के मामले में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा है, आरोपी के खिलाफ कार्यवाही शुरू कर दी गई है, फिलहाल जांच चल रही है। जो भी हुआ वो गलत था।

### मामले की जांच के लिए 4 मेंबर्स की टीम का गठन

मामले की सूचना मिलने के बाद सीआईएसएफ के कमांडेंट मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। महिला कॉन्स्टेबल को हिरासत में लेकर इन्क्वायरी शुरू कर दी गई है। महिला कॉन्स्टेबल सस्पेंड हो चुकी हैं और कमांडेंट की तरफ से जांच के लिए 4 सदस्यों की टीम का गठन किया गया है। मामले पर सी.ई.ओ. अजय वर्मा ने सीआईएसएफ के कमांडेंट पी.आर.मिश्रा के हवाले से इसे कन्फर्म किया है।

### सीआईएसएफ महिला कांस्टेबल को निलंबित किया

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर भाजपा नेता और अभिनेत्री कंगना रनौत को थप्पड़ मारने के मामले में सीआईएसएफ ने महिला कांस्टेबल को निलंबित कर दिया है। बताया कि उसके खिलाफ स्थानीय पुलिस स्टेशन में एफआईआर के लिए शिकायत दी है।

# नेपाल में इलेक्ट्रिक वाहनों की धूम, देश को तेल के आयात में लाखों डॉलर बचाने में कर रहा है मदद



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नेपाल की प्रचुर मात्रा में हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पावर (जलविद्युत ऊर्जा) हिमालयी राष्ट्र को अपने तेल आयात में कटौती और हवा को साफ करने में मदद कर रही है। इसका श्रेय इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी को दिया जा रहा है। नेपाल में उत्पादित लगभग सभी बिजली स्वच्छ ऊर्जा है, इसका ज्यादातर हिस्सा नदी आधारित जल विद्युत से जेनरेट होता है। सीमा शुल्क (कस्टम) आंकड़ों के अनुसार, इतने भरपूर स्रोत की बदौलत, देश तेजी से चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार कर रहा है और पिछले दो वर्षों में प्रत्येक में ईवी आयात दोगुना हो गया है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण का अनुमान है कि ईवी के इस्तेमाल से तेल आयात लागत में सालाना 22 मिलियन अमरीकी डॉलर की कमी आई है, और बचत बढ़ रही है। पिछले तीन दशकों में जलविद्युत परियोजनाओं के पूरा होने के साथ नेपाल में बिजली की पहुंच आसमान छू गई है। अब देश की तेजी से विस्तारित ग्रिड तक सिर्फ 6 प्रतिशत आबादी नहीं पहुंच पाती है। यह देश को ईवी अपनाने में अपने पड़ोसियों से आगे निकलने में सक्षम बना रहा है। नेपाल में अब तक 2,600 मेगावाट बिजली उत्पादन करने की क्षमता है और यह नए जलविद्युत प्लांट के पूरा होने के साथ बढ़ रही है। बहुत कम मात्रा में बिजली सोलर प्लांट (सौर संयंत्रों) से भी पैदा होती है। एक प्रमुख पर्यावरण और नागरिक अधिकार कार्यकर्ता कनक मणि डिक्सिट ने कहा, ÷हमारी ग्रिड में बिजली जल विद्युत से आती है इसलिए यह स्वच्छ ऊर्जा है। और इसलिए नेपाल अपने वाहनों को चलाने के लिए बिजली का उपयोग करने के लिए आदर्श रूप से स्थित है, जैसा कि होना चाहिए, जो यह है कि ऊर्जा स्रोत खुद स्वच्छ है। यह कोयला, गैस या परमाणु या पेट्रोलियम नहीं है।÷ बिक्री पर आधिकारिक आंकड़े उपलब्ध नहीं थे। लेकिन चीनी वाहन निर्माता बीवाईडी की आटो 3 और भारतीय निर्माता टाटा मोटर्स की नैक्सोन इलेक्ट्रिक यात्री कारों की बिक्री पर हावी नजर आती हैं। नेपाल ने जलवायु परिवर्तनकारी उत्सर्जन को रोकने के लिए अपनी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के हिस्से के रूप में ईवी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया है। 2025 तक सभी ऑटो बिक्री के 25 प्रतिशत और 2030 तक 90 प्रतिशत तक ईवी बढ़ाने का वादा किया है। बिक्री को ज्यादा बढ़ाने में मदद के लिए, सरकार आयातित ईवी पर कम शुल्क ले रही है, जो 25 प्रतिशत से लेकर 90 प्रतिशत तक है। गैस और डीजल से चलने वाले वाहनों पर आयात शुल्क 276 प्रतिशत से 329 प्रतिशत तक है। नेपाल तेजी से चार्जिंग स्टेशन भी लगा रहा है। विद्युत वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर विकास विभाग के प्रमुख सागर मणि घनवाली ने बताया कि नेपाल में अब 400 चार्जिंग स्टेशन हैं और यह संख्या एक साल के भीतर दोगुनी होने की उम्मीद है।

# तिहाड़ जेल में हुई गैंगवार, बदमाशों ने धारदार हथियार से किया कैदी पर हमला, यहीं बंद हैं केजरीवाल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तिहाड़ जेल में एक बार फिर गैंगवार में गोगी गैंग के बदमाश हितेश पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया है। बुधवार दोपहर दो बदमाशों ने हितेश पर हमला किया। हितेश की हालत नाजुक है और घायल कैदी का दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि हितेश पर गौरव और गुरिंदर नाम के बदमाशों ने हमला किया है।

# संसद भवन में गांधी-आंबेडकर की प्रतिमा का स्थान बदला कांग्रेस बोली, दो राज्यों में हार का बदला ले रही बीजेपी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कांग्रेस ने एक बार फिर भाजपा पर निशाना साधा है। दरअसल, संसद भवन में भूनिर्माण कार्य के कारण महात्मा गांधी, बीआर आंबेडकर, छत्रपति शिवाजी महाराज सहित अन्य मूर्तियों को स्थानांतरित कर दिया गया है। भूनिर्माण कार्य के कारण आदिवासी नेता बिरसा मुंडा और महाराणा प्रताप की मूर्तियों को भी हटाया गया है। सभी मूर्तियों को अब एक साथ पुराने संसद भवन और संसद पुस्तकालय के बीच एक लॉन में रखा गया है। कांग्रेस ने इस काम की आलोचना की है।



### यह अपमानजनक है: रमेश

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने इस पर आपत्ति जताई है। उन्होंने एक्स पर कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की मूर्तियों को ससंद भवन के उनके प्रमुख स्थानों से हटा दिया गया है। यह अपमानजनक है।

### क्या 400 जीतने पर भाजपा संविधान को बख्श देते: खेड़ा

भाजपा की आलोचना करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने कहा कि चूंकि महाराष्ट्र के मतदाताओं ने इस बार भाजपा को वोट नहीं दिया इसलिए संसद से शिवाजी महाराज और बाबा साहब की मूर्तियों को हटा दिया गया। गुजरात में भाजपा इस बार क्लीन स्वीप नहीं कर पाई इसलिए संसद से महात्मा गांधी की मूर्ति को हटा दिया गया। खेड़ा ने आगे कहा कि जरा सोचिए, एक बार अगर इन्हें इस बार 400 सीटें मिल गईं होती तो क्या यह (भाजपा) संविधान को बख्श देते।

# मुंबई में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान पुलिस और बीएमसी की टीम पर पथराव, कई पुलिसकर्मी घायल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



मुंबई के पवई के एक झुग्गी इलाके में गुरुवार को बृहन्मुंबई नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने बवाल कर दिया। इस दौरान कार्रवाई करने पहुंचे पुलिसकर्मियों और बीएमसी के अधिकारियों पर पर पथराव किया गया। इस दौरान कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे हुई घटना के तुरंत बाद बीएमसी ने अतिक्रमण विरोधी अभियान रोक दिया। उन्होंने कहा कि पवई के जय भवानी नगर में जब अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चल रहा था, तब स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों और बीएमसी टीम पर पथराव किया। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी पथराव में घायल हो गए। पथराव की घटना का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें पुरुषों और महिलाओं का एक समूह पुलिस और बीएमसी कर्मचारियों पर पथराव करते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें यह भी दिखाया गया है कि पुलिसकर्मी पत्थरों से खुद को बचाने के लिए भागने की कोशिश कर रहे हैं।

# चुनाव आयुक्तों ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

## सीईसी बोले, आचार संहिता खत्म हुई, नतीजे सबके सामने हैं, ईवीएम को भी आराम करने दीजिए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश के चीफ इलेक्शन कमिश्नर राजीव कुमार और दोनों चुनाव आयुक्तों- ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने गुरुवार को महात्मा गांधी के समाधि-स्थल राजघाट पहुंचे। यहां तीनों ने महात्मा गांधी को फूल अर्पित किए। यहां पर सीईसी ने कहा कि देश में 16 मार्च को चुनावों के ऐलान के साथ जो आचार संहिता लागू हुई थी, वह खत्म हो गई है। ईवीएम को लेकर राजीव कुमार ने कहा कि अब नतीजे सबके सामने हैं। अगले चुनाव तक ईवीएम को आराम करने दीजिए। अगले चुनाव में वह फिर उठेगी, फिर उसकी बैटरी बदली जाएगी, उसके पेपर्स बदले जाएंगे, फिर वह गाली खाएगी, फिर वह अपने रिजल्ट अच्छे से दिखाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले 20-22 साल से ऐसा ही हो रहा है। सरकार बदलती जाती हैं, केंद्र से लेकर राज्यों तक। शायद जब ईवीएम का जन्म हुआ था, तब मुहूर्त ऐसा था कि उसको गाली खानी है, लेकिन यह एक भरोसेमंद चीज है, जो अपना काम करती रहती है।



### चुनाव आयोग ने विजयी सांसदों की लिस्ट राष्ट्रपति को सौंपी ?

चुनाव प्रक्रिया खत्म होने के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने गुरुवार शाम को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लोकसभा चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों की लिस्ट सौंपी। एक बार सूची राष्ट्रपति को सौंपे जाने के बाद 18वीं लोकसभा के गठन की औपचारिक प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इससे पहले राष्ट्रपति ने बुधवार को 17वीं लोकसभा को भंग करने का आदेश दिया था। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। एनडीए ने 293 सीटें जीती हैं, जबकि विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक ने 234 सीटें जीती हैं।

### सीईसी बोले, जम्मू-कश्मीर में जल्द चुनाव होंगे

राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव होने बाकी हैं। जब हम वहां 12 मार्च को गए थे, तो हमने संकेत दिया था कि हम सही समय आने पर चुनाव कराएंगे। अभी हमारा उद्देश्य था कि लोकसभा चुनाव अच्छे से हो जाएं, जम्मू-कश्मीर में लोग अपने घरों से बाहर निकलें और वोटिंग की लाइनें देखें। अब जब ये हो गया है तो हम जल्द से जल्द लोगों को सरकार बनाने और अपने नेता चुनने का मौका देंगे।

### आचार संहिता के क्या मायने हैं...

- नेता/उम्मीदवार सरकारी गाड़ी या फिर सरकारी बंगले का इस्तेमाल नहीं कर सकते। किसी भी तरह की सरकारी घोषणाएं/उद्घाटन नहीं किए जा सकते।
- सांसद निधि से नया फंड जारी नहीं कर सकते।
- विज्ञापन सरकारी खर्च पर नहीं दिया जा सकता
- अफसरों/कर्मचारियों के ट्रांसफर/पोस्टिंग पर प्रतिबंध रहता है।
- कोई भी उम्मीदवार या पार्टी चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों का इस्तेमाल नहीं कर सकता।

### विधान परिषद चुनाव के नतीजे घोषित, कांग्रेस-भाजपा और जेडीएस के 11 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीता चुनाव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता। कर्नाटक विधान परिषद चुनाव के नतीजों की घोषणा हो चुकी है। द्विवार्षिक चुनाव 11 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत लिया है। बता दें, चार जून को कांग्रेस, भाजपा और जेडीएस के 11 उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया था। कर्नाटक विधान परिषद के चुनाव में कांग्रेस के सात उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की है। वहीं, भाजपा के तीन उम्मीदवारों ने तो जेडीएस के एक उम्मीदवार ने जीत हासिल की है। कर्नाटक विधान परिषद की 11 सीट के लिए 13 जून को चुनाव प्रस्तावित था। विधानसभा में दलों की मौजूदा संख्या बल के अनुसार, कांग्रेस ने सात सीट, भाजपा ने तीन और जेडीएस ने एक सीट के लिए नामांकन किया था। हालांकि, सभी 11 सीटों के नतीजे आज ही जारी कर दिए गए।

# चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन पर चर्चा के लिए एनसीपी की बैठक, पांच विधायक नदारद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

लोकसभा चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन के कारण अजित पवार ने गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायकों की बैठक बुलाई। रांकपा ने सिर्फ एक रायगढ़ सीट जीती। वहीं, बारामती में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बारामती में मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले ने अजित पवार की पत्नी और अपनी भाभी सुनेत्रा पवार को मात दी। गुरुवार को हुई बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार, पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल और राज्य प्रमुख सुनील तटकरे शामिल हुए। पार्टी के 41 विधायकों में से पांच विधायक अनुपस्थित थे। इस पर पार्टी ने कहा कि विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल विदेश में हैं। वहीं, अन्य विधायक अस्वस्थ्य हैं।

### पवार महाविकास अघाड़ी की सरकार बनाने के लिए कर रहे हैं काम

उद्धव ठाकरे एनडीए में शामिल हो सकते हैं। इन अटकलों को एनसीपी (एसपी) ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि ठाकरे एनडीए में शामिल नहीं होंगे। एनसीपी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ठाकरे एनडीए में नहीं जा रहे हैं। उनके पाला बदलने की कोई संभावना नहीं है। मैंने उनसे मुलाकात की थी और उन्हें महाविकास अघाड़ी की सफलता के लिए उन्हें बधाई दी है। पूर्व सीएम ठाकरे राज्य में एमवीए सरकार स्थापित करने के लिए तैयार हैं। हमारे यहां अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहीं, राज्य सरकार की आलोचना करते हुए पाटिल ने कहा कि राज्य सरकार को लेकर लोगों में जबरदस्त बेचैनी है। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजों से साफ हुआ है कि लोगों की मानसिकता में स्पष्ट बदलाव आया है।

# चुनाव के बाद बंगाल में हिंसा का डर, सुरक्षा की मांग को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट में याचिका दायर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर बंगाल में हिंसा का डर बढ़ गया है। यही वजह है कि कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि वे विपक्षी कार्यकर्ताओं को हिंसा से बचाने के लिए सुरक्षा दें। हाईकोर्ट की अवकाश पीठ ने याचिकाकर्ता को याचिका दायर करने की अनुमति दी और याचिका पर बाद में सुनवाई करने की बात कही।

### याचिकाकर्ता का दावा नतीजों के बाद बंगाल में हो रही हिंसा

याचिकाकर्ता ने जस्टिस कौशिक चंदा और जस्टिस अपूर्व सिन्हा रॉय की खंडपीठ के समक्ष आरोप लगाया कि सात चरणों में हुए लोकसभा चुनाव के बाद राज्य के कुछ स्थानों पर चुनाव बाद हिंसा हो रही है। पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद भी बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी, जिसकी हाईकोर्ट ने सीबीआई से जांच का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने भी बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा के आरोपों पर चिंता जाहिर की। हाईकोर्ट ने दिशा निर्देश जारी किया कि हिंसा प्रभावित लोग राज्य के डीजीपी को ईमेल के जरिए अपनी शिकायत दर्ज कराएं। अगर डीजीपी को लगता है कि अपराध हुआ है तो वह शिकायत को संबंधित पुलिस थाने को भेज सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि ऐसी घटनाएं रुकें। हाईकोर्ट में याचिका दायर होने के बाद यह दिशा निर्देश दिए गए हैं। हाईकोर्ट ने डीजीपी को निर्देश दिया कि वह 10 दिनों में उन्हें मिलने वाली शिकायतों और उनके आधार पर दर्ज एफआईआर और क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी देने का आदेश दिया है। बंगाल भाजपा के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने उत्तर 24 परगना में मीडिया से बात करते हुए कहा कि हमारे पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमले हुए हैं और उनके घरों में लूटपाट की गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)